
ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • भाद्रपद कृष्ण पक्ष 03 • विक्रम संवत 2080 • शनिवार, 02 सितम्बर 2023 • वर्ष-29 • अंक-317 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद होंगे ... पेज 10 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### झारखंड कैबिनेट की बैठक छह सितंबर को

**रांची।** राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक छह सितंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता होगी। बैठक प्रोजेक्ट भवन में शाम चार बजे से होगी। डुमरी विधानसभा उपचुनाव के बाद आयोजित होनेवाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों की स्वीकृति मिल सकती है।

### यौन शोषण मामले में कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव की याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने महिला के यौन शोषण के आरोपित पोड़ैयाहाट से कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव की क्रिमिनल रिवीजन पर फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट के जस्टिस सुभाष चंद की कोर्ट ने शुक्रवार को प्रदीप यादव की याचिका को खारिज कर दिया।

पूर्व में सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। पूर्व में कोर्ट ने प्रदीप यादव के खिलाफ दुमका के एमपी-एमएलए कोर्ट में इस मामले से संबंधित चल रही कार्यवाही पर रोक लगाई थी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विमल कीर्ति सिंह एवं अधिवक्ता ललित यादव ने पैरवी की। सूचक की ओर से अधिवक्ता गौतम कुमार, विनोद साहू और ने पैरवी की। प्रदीप यादव ने मामले में स्पेशल जज, दुमका द्वारा 02 अप्रैल, 2022 को उनके डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज किए जाने को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। पीड़ित ने प्रदीप यादव के खिलाफ यौन शोषण मामले में 20 अप्रैल, 2019 को देवघर महिला थाना में कांड संख्या 13/ 2019 दर्ज कराई थी। इस मामले में 28 सितंबर, 2019 को प्रदीप यादव को हाई कोर्ट से बेल मिली है।

### ईडी कोर्ट में डीसी छवि रंजन सहित दस के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**रांची।** जमीन की अवैध खरीद मामले में ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, व्यवसायी विष्णु अग्रवाल, प्रेमप्रकाश सहित दस आरोपितों के खिलाफ शुक्रवार को आरोप पत्र दाखिल किया गया। आरोपितों में राजेश राय, भरत प्रसाद, इम्तियाज अहमद, अफसर अली, मोहम्मद सद्दाम, लखन सिंह, प्रवीण भार्गव भी हैं। उल्लेखनीय है कि ईडी ने विष्णु अग्रवाल को पूछताछ के बाद बीते 31 जुलाई को गिरफ्तार किया था जबकि पूर्व डीसी छवि रंजन को चार मई और अन्य लोगों को बीते 14 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। ईडी की जांच में पता चला था कि राजेश राय एवं भारत प्रसाद ने गलत तरीके से चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन पर कब्जा किया था। उक्त जमीन का खाता नंबर 37, प्लॉट नंबर 28 है। विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की एक एकड़ की जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। ईडी ने जांच में पाया कि कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर रैयत का नाम बदला गया था।

## बकाया पैसे मांगने पर युवक को पीट-पीटकर मार डाला

**दो सगे भाइयों ने शराब के नशे घटना को दिया अंजाम**

**सेन्हा पुलिस दोनों को हिरासत में लेकर कार्रवाई में जुटी**

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा** थाना क्षेत्र के बरही चटकपुर ग्राम में एक युवक को दो सगे भाइयों ने मिलकर लाठी-डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दी। घटना की सूचना पर सेन्हा थाना पुलिस दलबल के साथ देर रात बरही पहुंच कर घायल युवक को सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया, जहां जांचोपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि बरही चटकपुर निवासी स्व.




बंधिया उरांव के दो पुत्र छेदीया उरांव एवं रामकेश्वर उरांव उर्फ घमडू उरांव ने बरही निवासी जगदीश बैठा के 25 वर्षीय पुत्र बजरंग बैठा को मार डाला। घटना में संलिप्त दोनों भाइयों को हिरासत में लेकर अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गई है। वहीं शराब के नशे में घटना को अंजाम दिए जाने की बात बताई जा रही है। साथ ही बताया गया कि बजरंग बैठा बकाया पैसा की मांग करने गया था। तभी दोनो भाइयों ने नशे में जानलेवा प्रहार कर दिया। वहीं घटना को लेकर पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। प्रभारी थाना प्रभारी एसआई गणेश कुमार यादव ने बताया कि प्रथम हष्टया बजरंग बैठा की मौत मारपीट करने से हुयी है। हत्या में प्रयुक्त खून लगा हुआ बांस का डंडा और मृतक की एक जोड़ी चप्पल को पुलिस द्वारा बरामद किया गया है। वहीं दोनों आरोपी को मेडिकल जांच करा कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया है।

## सैप कर्मियों के अनुबंध समाप्त करने का आदेश हुआ स्थगित

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के पारित आदेश के आलोक में पुलिस मुख्यालय ने शुक्रवार को सैप के दोनों वाहिनी के 907 कर्मियों के अनुबंध को समाप्त करने वाला आदेश स्थगित कर दिया है। राज्य सरकार ने 27 अगस्त को सैप एक और दो में कार्यरत 907 कर्मियों की सेवा 31 अगस्त से समाप्त कर दी थी। सैप-1 वाहिनी टाटीसिलवे रांची और सैप-2 वाहिनी हलुदबनी जमशेदपुर में अनुबंध के आधार पर नियुक्त सैप के 907 पदाधिकारियों और कर्मियों के नाम से जारी किए गए हथियार, गोली और पहचान पत्र को जमा कराते हुए अनुबंध समाप्त करते हुए पुलिस मुख्यालय को अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा गया था। राज्य सरकार के इस आदेश को प्रार्थी चमरा भेंगरा ने हाई कोर्ट में चुनौती दी। इस पर जस्टिस डीएन पाठक ने पुलिस मुख्यालय के आदेश के क्रियान्वयन पर अगले आदेश तक रोक लगा दिया।

## चांद हमारा! अब सूरज की तरफ इशारा आदित्य एल-1 का प्रक्षेपण आज

**श्रीहरिकोटा।** देश के पहले सौर मिशन 'आदित्य एल-1' के प्रक्षेपण की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। इसे ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) से छोड़ा जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर यह खुशखबरी साझा की है। इसमें कहा गया है कि 23 घंटे 40 मिनट की उल्टी गिनती आज 12 बजकर 10 मिनट पर शुरू हुई। इस पोस्ट के अनुसार 'आदित्य एल-1' शनिवार पूर्वाह्न 11 बजकर 50 मिनट पर प्रक्षेपित किए जाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस मिशन पर ऐसे समय अमल किया जा रहा है जब कुछ दिन पहले भारत का चंद्रयान-3 मिशन सफलतापूर्वक अपने लक्ष्य तक पहुंच चुका है। इसरो ने एक्स पर पोस्ट किया- 'पीएसएलवी-




सी57 / आदित्य एल-1 मिशन : भारतीय समय के अनुसार दो सितंबर 2023 को पूर्वाह्न 11 बजकर 50 मिनट पर प्रक्षेपित करने के लिए उल्टी गिनती शुरू।' इससे पहले इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने यहां मीडिया से कहा था- 'रॉकेट और सैटेलाइट तैयार हैं। शेष पृष्ठ 11 पर

# पलामू में तीन पिस्तौल के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार

**हत्या की घटना को अंजाम देने की फिराक में था कुख्यात फैज : एसडीपीओ**

**लड्डू खान हत्याकांड में 11 साल की सजा काटकर निकला है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के कुख्यात अपराधी फैज खान सहित उसके दो साथियों फेकू खान एवं शाहजाद आलम ऊर्फ विक्की राइन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने एक देसी पिस्तौल व दो देसी कट्टा के साथ 7.65 एमएम का सात जिन्दा गोली बरामद किया है। जानकारी देते हुए सदर एसडीपीओ आईपीएस ऋषभ गर्ग ने बताया कि गुप्त सूचनामिली थी कि हत्या की सजा काटकर जेल से बाहर आया अपराधी फैज खान मुहल्ले में




पिस्तौल दिखाकर लोगों को डरा धमका रहा है। यह भी सूचना थी कि अपराधी फैज अपने साथियों के साथ मिलकर हथियार के लेन देन का काम भी करता है। सूचना को पुलिस ने गंभीरता से लिया और एसपी रिष्मा रमेशन और एसडीपीओ ऋषभ गर्ग के निर्देश पर टाउन थाना प्रभारी अभय सिन्हा और टाइगर के जवानों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुस्लिम नगर पहुंची तो पुलिस को देखकर कुछ युवक भागने लगे। जवानों ने खदेड़कर एक युवक को पकड़ लिया।जिसकी पहचान कुख्यात फैज खान के रूप मे हुईं। बॉडी सर्च में उसके कमर से एक लोडेड देसी पिस्तौल बरामद हुआ। पिस्तौल के मैगजीन में सात गोलियां लोड थी। पुलिस को फैज ने बताया कि अपने बिरोधी जमीन कारोबारियों की हत्या के लिए उसने पिस्तौल रखा था। एसडीपीओ श्री गर्ग के अनुसार फैज की निशानदेही पर शहर के कुंड मुहल्ला एवं पहाड़ी मुहल्ले से पुलिस ने फेकू खान एवं शाहजाद आलम ऊर्फ विक्की को गिरफ्तार किया। इस दौरान शाहजाद आलम के घर से दो देसी कट्टा बरामद हुआ। एसडीपीओ श्री गर्ग ने बताया कि फैज खान लड्डू खान हत्यकांड का मुख्य आरोपी है और पिछले डेढ़ दो महीने पहले ही 11साल कैद की सजा काटकर जेल से बाहर आया है। आईपीएस ऋषभ गर्ग ने बताया कि कारोबार से जुड़े अपने विरोधियों की हत्या करने के उद्देश्य से वह लोडेड पिस्टल रखा था । फैज खान गिरोह के और अपराधियो की तलाश पुलिस कर रही है।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने भेजा तीसरा समन

**14 व 24 अगस्त के समन पर उपस्थित नहीं हुए थे सीएम**

**हेमंत सोरेन की याचिका पर ईडी को अब तक नहीं हुआ है नोटिस**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को रांची जमीन घोटाले में तीसरा समन हो गया है। ईडी के रांची जोनल आफिस में उन्हें अब 9 सितंबर की सुबह 11 बजे उपस्थित होने को कहा गया है। मुख्यमंत्री को इससे पहले 14 व 24 अगस्त को उपस्थिति का समन ईडी ने भेजा था। लेकिन दोनों ही समन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उपस्थित नहीं हुए थे। उन्होंने ईडी के समन को अवैध बताते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका डाली है। इस याचिका पर फिलहाल कोर्ट में कोई फैसला नहीं आया है। वहीं ईडी को भी इस मामले में अबतक सुप्रीम कोर्ट से कोई नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसे में डुमरी उपचुनाव की काउंटिंग के बाद की तारीख पर ईडी ने समन दी है। सूत्रों के मुताबिक, तीसरे समन पर उपस्थिति दर्ज नहीं कराने पर ईडी इस मामले में आगे की कार्रवाई कर सकती है। हालांकि अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले से ही मुख्यमंत्री को इस मामले में राहत मिल सकती है।




### रांची जमीन घोटाले में राजस्व कर्मी के घर से मिले दस्तावेजों के आधार पर हुआ है नया ईसीआईआर

13 अप्रैल को बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानू प्रताप प्रसाद के यहां ईडी ने छापेमारी की थी। तब अंचल के रजिस्टर 2 समेत कई डीड बरामद किए गए थे। इस मामले में बड़गाईं सीओ मनोज कुमार के द्वारा सदर थाने में एफआईआर दर्ज करायी गई थी। जिसके आधार पर ईडी ने जमीन घोटाले में नया ईसीआईआर दर्ज किया था। ईडी ने भानू के मोबाइल से भी कई प्रभावशाली लोगों के जमीन के दस्तावेज बरामद किए थे। सूत्रों के मुताबिक, भानू की मोबाइल से ही एक जमीन के दस्तावेज ईडी को मिले थे। जिसके आधार पर ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समन किया है। ईडी ने जांच पड़ताल के बाद पहला समन 14 अगस्त को भेजा था। इससे पहले 17 नवंबर 2022 को ईडी ने अवैध खनन केस में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से लंबी पूछताछ की थी।

## ओरमांझी में हुए तिहरे हत्याकांड में नौ गिरफ्तार

**रांची।** ओरमांझी थाना क्षेत्र के गुंजा गांव के झांझी टोला में गुरुवार को हुए तिहरे हत्याकांड मामले में नौ आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। मारपीट की घटना का बदला लेने के लिये तीन लोगों की हत्या की घटना को अंजाम दिया गया था। गिरफ्तार आरोपितों में सहजनाथ बेदिया, सहजनाथ बेदिया की पत्नी राजो देवी और बेटा हेमंत बेदिया, संजीत बेदिया, रंजीत बेदिया, महेन्द्र बेदिया, पंचित बेदिया, सुकरा मुंडा और कामेश्वर बेदिया शामिल हैं। सभी आरोपित ओरमांझी थाना क्षेत्र के देवनजड़ा के रहने वाले हैं। आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में शामिल दबली, कुदाल और चापड़ बरामद किया गया है। मामले को लेकर ग्रामीण एसपी हारिश बिन जमा ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि दो सप्ताह पहले मृतक झामेश्वर बेदिया का सुअर सहजनाथ बेदिया और उसके पड़ोसियों के खेतों में जाकर धान की फसल बर्बाद कर दिया था। इस बात को लेकर झामेश्वर बेदिया का आरोपित के साथ लड़ाई-झगडा हुआ था। आरोपित महेन्द्र बेदिया का मृतक झामेश्वर बेदिया और उसकी पत्नियों ने मारपीट कर सिर फोड़ दिया था। इसी बात का बदला लेने के लिए आरोपित अपने परिजनों के साथ मिलकर झामेश्वर बेदिया के घर घुसकर लाठी-डंडे, कुदाल, दबली आदि से मारकर तीनों लोगों की हत्या कर दी थी। गुरुवार को ओरमांझी थाना क्षेत्र के देवनजड़ा स्थित झांझी टोला गुंजा में झामेश्वर बेदिया और उनकी दोनों पत्नी सरिता देवी और संजू देवी की हत्या कर दी गई थी।

## पलामू में जेजेएमपी उग्रवादियों के साथ पुलिस की दो बार मुठभेड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी (झारखंड जन्म मुक्ति परिषद) के साथ पुलिस और सीआरपीएफ की दो बार मुठभेड़ हुई। हालांकि इस घटना में पुलिस को सफलता नहीं मिली। उग्रवादी अंधेरे और जंगल का फायदा उठाकर मौके से भाग निकले। मुठभेड़ में जेजेएमपी के सुप्रीमो पप्पू लोहार का दस्ता शामिल था। इस अभियान में पलामू और लातेहार पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। एसपी रीष्मा रमेशन ने शुक्रवार को घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की तड़के 3.45 बजे पोलपोल में और इसके बाद बकोइया में दो बार जेजेएमपी उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ हुई। इस दौरान कई राउंड गोलियां चली। उन्होंने बताया कि फायरिंग



कितने राउंड हुई है इसका आंकड़ा अब तक सामने नहीं आया है, लेकिन पुलिस की जवाबी कार्रवाई में जेजे एमपी के उग्रवादी दस्ता मौके से भाग खड़ा हुआ। उन्होंने कहा कि जेजेएमपी उग्रवादियों के खिलाफ दोनों जिले की पुलिस संयुक्त रूप से अभी भी सर्च अभियान चला रही है। इधर सहायक पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस और सीआरपीएफ की अलग-अलग टीम ने रामगढ़ इलाके से जेजेएमपी उग्रवादियों के खिलाफ अभियान तेज किया। सतबरवा थाना क्षेत्र के पोलपोलल और बकोइया में पहुंचने के बाद दो बार उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ हुई। हालांकि मुठभेड़ काफी देर तक नहीं चली। उग्रवादी अपने आप को शेष पृष्ठ 11 पर

## जमीन घोटाला- विष्णु अग्रवाल की 161.64 करोड़ की अचल संपत्ति ईडी ने की जब्त

**चेशायर होम रोड, पुगड और सिरमटोली की जमीन हुई जब्त**

**भू राजस्व विभाग के अफसरों की मिलीभगत से किया गया था अवैध कब्जा**

**रांची।** रांची में जमीन घोटाले की जांच कर रही ईडी ने शुक्रवार को 161.64 करोड़ की संपत्ति जब्त कर ली है। जब्त सारी जमीनें कारोबारी विष्णु अग्रवाल से जुड़ी हैं। विष्णु अग्रवाल के द्वारा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खरीदी गई चेशायर होम रोड की जमीन, सिमरटोली में सेना के द्वारा अधिगृहित 5.83 एकड़ जमीन व पुगडू मौजा की 9.30 एकड़ जमीन शामिल है। इन तीनों जमीन का बाजार मूल्य ईडी ने 161.64 करोड़ माना है। ईडी ने रांची में हुए जमीन घोटाले में अबतक कुल 236 करोड़ के बाजार मूल्य की जमीन जब्त की है। पूर्व में करमटोली स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन व पुंदाग मौजा की 74.39 करोड़ की जमीन भी ईडी ने अस्थायी तौर पर जब्त किया था। ईडी ने इस मामले में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि जमीन माफियाओं ने भू राजस्व विभाग के अफसरों व सरकारी कर्मियों की मदद से जमीन के फर्जी दस्तावेजों के जरिए जमीन को बेच दिया था। ईडी ने झारखंड व बंगाल पुलिस के द्वारा दर्ज कई कांडों के आधार पर प्रदीप बागची, विष्णु अग्रवाल, शेष पृष्ठ 11 पर

**फैसला** — सबसे कम 75 हजार व सबसे अधिक एक करोड़ का जुर्माना

# चारा घोटाला मामले में 35 दोषियों को सजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** चारा घोटाले के 27 साल पुराने और अंतिम मामले (कांड संख्या आरसी 48 ए/96) में शुक्रवार को 35 दोषियों को सजा सुनाई गयी। सभी को अधिकतम चार-चार साल की सजा और सबसे कम 75 हजार तथा सबसे अधिक एक करोड़ का जुर्माना लगाया गया। एक करोड़ का जुर्माना जिला पशुपालन पदाधिकारी गौरी शंकर प्रसाद पर लगा है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने यह फैसला सुनाया। मामले में विशेष लोग अभियोजक रविशंकर ने सीबीआई की ओर से पैरवी की। यह मामला डोरंडा कोषागार से 36.59 करोड़ के अवैध निकासी से जुड़ा हुआ है। इसके पहले 28 अगस्त को इस मामले में सुनवाई



हुई थी। मामले में 124 आरोपित ट्रायल फेस कर रहे थे। इनमें से 35 आरोपियों को रिहा कर दिया गया था जबकि 53 दोषियों को दो से तीन साल की सजा सुनाई गयी थी। निचली अदालत ने उन्हें बेल दे दिया था।

**इन 35 दोषियों को मिली सजा :** पब्लिक सर्वेंट नियानंद कुमार सिंह को चार साल की सजा और पांच लाख का जुर्माना, डॉ जुनुल भेंगराज को चार साल की सजा और पांच लाख का जुर्माना, डॉ कृष्ण मोहन प्रसाद चार साल की सजा और पांच लाख का जुर्माना, डॉ राधा रमण सहाय को चार साल की सजा और पांच लाख का जुर्माना, डॉ गौरी शंकर प्रसाद को चार साल की सजा और एक करोड़ का जुर्माना, डॉ रविन्द्र कुमार सिंह को चार साल की सजा और 75 हजार का जुर्माना, डॉ फणीन्द्र कुमार त्रिपाठी को चार साल की सजा और 75 हजार का जुर्माना, महेन्द्र प्रसाद को चार साल की सजा और तीन लाख का जुर्माना, देवेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव को चार साल की सजा और तीन लाख का जुर्माना, अशोक कुमार यादव को चार साल की सजा और चार लाख 40 हजार का जुर्माना, रामनंदन सिंह को चार साल की सजा और 16 लाख का जुर्माना, बिजेश्वरी प्रसाद सिन्हा को चार साल की सजा और 36 लाख 10 हजार का जुर्माना, अजय कुमार सिन्हा को चार साल की सजा और 13 लाख पांच हजार का जुर्माना, राजन मेहता को चार साल की सजा और पांच लाख का जुर्माना, रवि नंदन कुमार सिन्हा को चार साल की सजा और 10 लाख का जुर्माना, राजेन्द्र कुमार हरित को चार साल की सजा और 10 लाख का जुर्माना, अनिल कुमार को चार साल की सजा और पांच लाख का जुर्माना, त्रिपाठी मोहन प्रसाद को चार साल की सजा और 30 लाख का जुर्माना, दयानंद प्रसाद कश्यप को चार साल की सजा और 30 लाख का जुर्माना, शरद कुमार को चार साल की शेष पृष्ठ 11 पर

# इंडिया एलायंस की बैठक में 28 दलों के साथ लोकसभा चुनाव लड़ने का प्रस्ताव मंजूर

**14 नेताओं की बनी समन्वय समिति, जल्द होगी सीट शेयरिंग की घोषणा**

**मुंबई/ नई दिल्ली।** देश के 26 विपक्षी दलों के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलाएंस (इंडिया) ने मुंबई में दो दिन से चल रही बैठक के आज अंतिम दिन 14 सदस्यीय समन्वय एवं चुनाव रणनीति समिति, 19 सदस्यीय प्रचार समिति के साथ ही मीडिया तथा सोशल मीडिया के लिए समितियों का गठन किया। इंडिया गठबंधन ने समन्वय एवं चुनाव रणनीति समिति में जिन 14 सदस्यों को शामिल किया गया है उनमें कांग्रेस के के सी वेणुगोपाल, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी(राकांपा) के शरद पवार, द्रविण मुन्नेत्र कषगम के टी आर बालू, झारखंड मुक्ति मोर्चा( झामुमो) के हेमंत सोरेन, शिव सेना के संजय राउत, राष्ट्रीय जनता दल(राजद) के तेजस्वी यादव, तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, आम आदमी पार्टी(आप) के राघव चड्ढा, समाजवादी पार्टी (सपा)के जावेद अली खान, जनता दल यू के लल्लन सिंह, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी(भाकपा) के डी राजा, नेशनल कांफ्रेंस के उमर अब्दुल्ला और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी)की मेहबूबा मुफ्ती शामिल हैं। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा)ने अब तक अपने सदस्य का नाम नहीं दिया है। प्रचार समिति में कांग्रेस के गुरदीप सिंह सप्पल, जनता दल यू के संजय झा, शिव सेना के अनिल देसाई, राजद के संजय यादव, राकांपा के पी सी चाको, झामुमो के चंपई सोरेन, समाजवादी पार्टी के किरनमोय नंदा, आपके संजय सिंह, माकपा के अरुण कुमार, भाकपा के बिनाय विश्वम, नेशनल कांफ्रेंस के सेवानिवृत न्यायाधीश हसनैन मसूदी, आरएलडी के शाहिद सिद्दीकी, आएसपी के एन के प्रेमचंद्रन, एआईएफबी के जी देवराजन, भाकपा एमएल के रवि राय, सीसीके के तिरुमल्लवन, आईयूएमएल के के एम कादर मोइद्दीन, केरला कांग्रेस एम के जोस के मणि शामिल हैं। इस समिति के लिए तृणमूल कांग्रेस ने अभी नाम नहीं दिया है। मीडिया के लिए बनी कार्यकारी समिति में कांग्रेस के जयराम रमेश, राजद के मनोज झा, शिव सेना के अरविंद सावंत, राकांपा के जितेंद्र अहवद, आप के राघव चड्ढा, जद यू राजीव रंजन, माकपा के प्रांजल, सपा के आशिश यादव, झामुमो की सुप्रिया भट्टाचार्य तथा आलोक कुमार, जनता दल यू के मनीष कुमार, सपा के राजीव निगम, भाकपा के शेष पृष्ठ 11 पर

## प्रखंड प्रमुख ने अनुपस्थित एक दर्जन कर्मियों की काटी हाजिरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** अधिकारियों व कर्मियों के हमेशा अनुपस्थित रहने व उनकी कार्यशैली से नाराज ग्रामीणों की शिकायत पर पिपरा प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव ने शुक्रवार को प्रखंड, अंचल, मनरेगा व कृषि कार्यालय का निरीक्षण किया।। निरीक्षण के दौरान एक दर्जन कर्मी अनुपस्थित पाए गए। जिसके बाद प्रखंड प्रमुख ने उपस्थिति पंजी मंगाकर अनुपस्थित कर्मियों की हाजिरी रजिस्टर में ही काट दिया। अनुपस्थित कर्मियों में कई रोजगार सेवक, कनीय अभियंता, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, जनसेवक, कृषि पदाधिकारी, कंप्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य कर्मी शामिल है। प्रमुख ने कहा कि इस प्रकार सभी लोगों का एक साथ अनुपस्थित रहना प्रखंड कार्यालय की लचर व्यवस्था दिखलाता है। उन्होंने कहा कि कर्मियों की गैर हाजिरी की लगातार शिकायत मिल रही थी। जिससे जनता का कार्य नहीं हो रहा था। अगर आगे यही स्थिति बनी रही तो कर्मी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

## पोता ने दादा की गर्दन पर ब्लेड से किया वार दादा की हालत गंभीर

**हुसैनाबाद।** ऊपरी कला पंचायत के होलेया ऊपरी गांव में पोता ने दादा के गर्दन पर ब्लेड से वार कर घायल कर दिया। घटना शुक्रवार की दोपहर करीब दो बजे की बताई जाती है। इस घटना के बाद परिजनों ने घायल इंदर सिंह 60 को तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार इंदर सिंह अपने खेत में लगे मोटर के पास बैठे थे। इसी क्रम में वहां उनका चचेरा पोता शराब के नशे में पहुंचकर उनके गर्दन पर ब्लेड से वार कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### अनियमित आपूर्ति से उपभोक्ता परेशान

# 32 की जगह छह मेगावाट मिल रही हैं बिजली

**हुसैनाबाद, हैदरनगर और मोहम्मदगंज को रोटेशन के आधार पर डेढ़-डेढ़ घंटे के अंतराल पर बारी-बारी से बिजली की आपूर्ति की जा रही है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र में बिजली की अनियमित आपूर्ति से उपभोक्ता काफी परेशान है। वहीं बिजली नहीं रहने से किसानों की सिंचाई व पटवन कार्य भी नहीं हो पा रहा है। विद्युत कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्रों में 32 मेगावाट की जगह मात्र छह से आठ मेगावाट बिजली की आपूर्ति पिछले तीन- चार दिनों से की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद, हैदरनगर और मोहम्मदगंज को रोटेशन के आधार पर डेढ़-डेढ़ घंटे के अंतराल पर बारी-बारी से बिजली की आपूर्ति की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि अभी बिहार के सोननगर से बिजली की आपूर्ति कम हो रही है। जिसके कारण परेशानी हो रही हैं। 30 मेगावाट बिजली मिलने पर नियमित बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने की बात कही है। वैसे बिजली की यह समस्या पूरे राज्य में है। वहीं हुसैनाबाद में बिजली की अनियमित आपूर्ति से लोगों का उमस व गर्मी से हाल बेहाल हो गया है।



NEWS इन ब्रीफ

### तेजधार हथियार से मारकर किया घायल, प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ईटबांध गांव में एक अधेड़ को तेजधार हथियार से मारकर घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में ईटबांध गांव निवासी शंकर चौहान ने गांव के ही अमेरिका यादव, भर्दूल यादव, उपेंद्र यादव के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि अपने घर से खेत में लगे धान की फसल को देखने जा रहे थे, इसी क्रम में उक्त तीनों लोग रास्ते में मुझे रोककर गाली -गलौज करते हुए हाथों में लिए लाठी डंडे और तेजधार हथियार से प्रहार करने लगे, जिससे मेरा माथा फट गया। हल्ला सुनकर जब मेरे परिवार के लोग उक्त स्थल पर पहुंचे, तो तीनों वहां से फरार हो गये। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि शंकर चौहान की लिखित शिकायत के अधार पर केस पंजीकृत करते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी गईं है।

## झारखंड सरकार में अराजकता का माहौल : पलामू सासंद

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** भारतीय जनता पार्टी की पलामू इकाई की बैठक शुक्रवार को हुसैनाबाद के रिद्धी सिद्धि होटल में आयोजित की गई। बैठक में झारखंड प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर विचार विमर्श कर इसे सफल बनाने की रणनीति तय की गई। इस बैठक की अध्यक्षता व संचालन सासंद प्रतिनिधि व हुसैनाबाद नगर महामंत्री श्रवण अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हुसैनाबाद विधानसभा के कार्यक्रम प्रभारी पलामू सांसद विष्णु दयाल राम मौजूद थे। इस मौके पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के 14 सित. को हुसैनाबाद आगमन एवं उनके संकल्प यात्रा को लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओ में काफी उत्साह है। वहीं बैठक में प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनोद सिंह ने कहा कि कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी तैयारी में जुट गई है। प्रखंड से लेकर बूथ स्तर तक में कार्यकर्ताओं के साथ विमर्श किया जा रहा हैं। बुथ स्तर के कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में लाने की तैयारी है। सभी मंडल अध्यक्ष अपने-अपने मंडल क्षेत्रों में बैठक कर कार्यक्रम में आने वालों की सूची बना लें। जगह-जगह पर मरांडी जी का स्वागत किया जायेगा एवं हुसैनाबाद के अनुमंडल मैदान में एक विशाल जनसभा को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के द्वारा संबोधित किया जायेगा। बैठक को प्रदेश कार्य समिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, कर्नल संजय सिंह ने भी संबोधित किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन हुसैनाबाद ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य रूप से जिला मंत्री संतोष सिंह जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह,इश्वरी पांडेय, बल्लू बलराम, नीरज सिंह, उमेश चंद्र शिव, नरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, अखिलेश मेहता, प्रदीप कुमार सिंह, मुकेश सिंह, राजेंद्र साहू, संतोष सहित काफी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एमएसीटी केस को ले वर्कशॉप का आयोजन तीन को



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा निर्देश व प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में मोटर वाहन दुर्घटना क्लेम केस को लेकर तीन सितम्बर रविवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी ।उन्होंने बताया कि वर्कशॉप में जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम संतोष कुमार रिसोर्स पर्सन के रूप में लोगो को कानूनी पहलुओं के बारे में बताएंगे। वहीं वर्कशॉप में पुलिस प्रशासन के लोग, बीमा कंपनी के अलावे अधिवक्ता गण शामिल होंगे। वर्कशॉप का आयोजन 11 बजे से उप विकास आयुक्त के कांफ्रेंस हॉल में होगा।

### स्कूल में एक बच्चे की टूटी गर्दन की पसली

## स्कूल प्रबंधन ने इलाज से किया इंकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** बाजार रोड में स्थित मार्डन संत पॉल कान्वेंट स्कूल में एक बच्चे का गर्दन की पसली टूट गयी है। स्कूल प्रबंधन ने बिना इलाज कराये बच्चे को घर भेज दिया। परिजनों ने निदेशक राहुल जैकब से इलाज कराने को कहा लेकिन स्कूल के निदेशक राहुल जैकब ने इलाज कराने से इनकार कर दिया। जानकारी के अनुसार इलाज तो दूर स्कूल प्रबंधन ने बच्चे का हाल चाल जानना भी उचित नही समझा। जो की प्रबंधन की घोर लापरवाही को दर्शाता है। जिसके बाद परिजनों ने जोरदार हंगामा किया। बता दे की बच्चा बीजेएमसी के जिला अध्यक्ष ऋतुराज मिश्रा का पुत्र आर्य राज मिश्रा है। जो की एलकेजी का छात्र है। बीजेएमसी के जिला अध्यक्ष ऋतुराज मिश्रा ने बताया कि मेरा पुत्र आर्य राज मिश्रा मार्डन संत पॉल कान्वेंट स्कूल के एलकेजी का छात्र है। स्कूल में ही आर्य राज की गर्दन की पसली टूट गई है। कैसे टूटा ये नही बता रहे है। जब स्कूल के निदेशक राहुल जैकब से इस बाबत बात की तो उन्होंने इलाज कराने से इनकार कर दिया। किसी भी बच्चे को अगर स्कूल में कुछ होता है तो प्रबंधन की पूरी जिम्मेवारी बनती है कि बच्चे का इलाज कराये। श्री मिश्रा ने आरोप लगाते हुये कहा कि स्कूल बिजनेस का अड्डा बन गया है। पढ़ने वाले छात्रों से एक दिन भी अगर लेट हो जाता है तो लेट फाइन लिया जाता है। स्कूल का खुद अपना दुकान है।

## विधायक ने पुल का किया शिलान्यास




**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन ।** प्रखंड के सतौवा पंचायत के बेलाही नदी पर तीन करोड़ सोलह लाख की लागत से निर्माण होने वाले पुल का शिलान्यास पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी व पूर्वसांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार ने किया। शिलान्यास करने के मौके पर पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि विधायक के सकारात्मक सहयोग से विकास का कार्य हो रहा है। बेलाही नदी पर पुल बन जाने पर किशनपुर से पाटन की दूरी 10 किलोमीटर कम हो जाएगी। पांच पंचायत के लोगो को पुल बन जाने पर आवागमन के लिए सहूलियत होगी। पूर्व विधायक पर निशाना साधते हुए पूर्व सांसद मनोज कुमार ने बताया कि पांच -पांच बार विधायक बनने के बाद भी उनके द्वारा विधानसभा क्षेत्र में एक भी कार्य संयोजित ढंग से नहीं किया गया है। विधायक पुष्पा देवी ने शिलान्यास के मौके पर लोगों को संबोधित किया कि क्षेत्र में जो भी काम बनेगा करके दिखाएंगे। हेमंत सरकार के बारे में विधायक पुष्पा देवी ने जमकर आलोचना करते कहा कि अधिकारी, पदाधिकारी, गरीब के कोई नहीं सुनता। सब भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। क्षेत्र में सूखाड़ की स्थिति बनी हुई है। अकाल पड़ गया। लेकिन सरकार अभी तक कोई संज्ञान नहीं ली है। केंद्र सरकार ने आवास दिया लेकिन राज्य सरकार ने बालू को रोक लगा दिया। तो फिर आवास का निर्माण कैसे होगा हेमंत सरकार से गरीब जनता त्रस्त है। अबकी 2024 में हेमंत सरकार को कबाड़ कर फेंक देना है। इस सरकार में हत्या खून खराबा बढ़ रहा है। इस अवसर पर विधायक पुष्पा देवी के द्वारा गरीब लाभुकों के बीच धोती साड़ी का भी वितरण किया गया। मौके पर महामंत्री श्याम बाबू, जिला परिषद विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, पाटन विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह, मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह, ए मो सखी चंद्र दास,मुखिया अखिलेश पासवान, आनंद सिंह, गुड्डू सिंह, अशोक तिवारी, पूर्व मुखिया शिव शंकर प्रसाद, विवेक सिंह, शुभम क्रांति, वशिष्ठ पांडे, निरंजन पासवान, समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एन.पी.यू मे सिंडिकेट की बैठक मे हुई सहायक प्रध्यापकों की पदस्थापना

**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय में आज शुक्रवार को सिंडिकेट की बैठक संपन्न हुई इसके अध्यक्षता कुलपति तपन कुमार शांडिल्य एवं सिंडिकेट के अन्य सदस्य गण ने की। नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के प्रेस कॉन्फ्रेंस के अनुसार राजभवन की अनुमति से आहूत हुई थी। प्रभारी कुलपति डॉक्टर तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में सिंडिकेट की विशेष बैठक नें झारखंड लोक सेवा आयोग रांची की अनुशंसा पर नियुक्त 06 सहायक प्राध्यापक की पदस्थापना कर दी। इन 6 प्राध्यापको में चार दर्शनशास्त्र एवं दो मानवशास्त्र विषय के है। दर्शनशास्त्र के प्राध्यापक गौरव श्रीवास्तव, पुरान कुमार साव एवं अन्ना अंशतक की पदस्थापना विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर दर्शन विभाग में की गई। जबकि इसी विषय की पांडेय कुमारी नीलम दयाशंकर की पदस्थापना गणेश लाल अग्रवाल महा विद्यालय में की गई । विदित हो कि पुरान कुमार साव की नियुक्ति दृष्टि दिव्यंगता के आधार पर की हुई है। मानवशास्त्र में विमल कच्छप एवं अनल किशोर मिंज दोनों की पदस्थापना एस एस जे एस एन कॉलेज गढ़वा में की गई है।

### खोलने तथा बंद करने की समय सारणी का उल्लंघन

# समय से पहले बंद हो जाता हैं तेलियादोहर का आंगनवाड़ी केंद्र




**नवीन मेल संवाददाता**

**मनातू।** जिले के मनातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पदमा पंचायत के ग्राम तेलियादोहर में आंगनबाड़ी केंद्र में अनियमितता बरतने का मामला प्रकाश में आया है। ज्ञातव्य है कि आंगनबाड़ी केंद्र खोलने तथा बंद करने की समय सारणी निर्धारित है। खुलने का समय 9 बजे तथा बंद करने का समय 1 बजे निर्धारित किया गया है। परंतु सेविका सुल्ताना बीवी के द्वारा बच्चे के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उनके अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र खोला तथा बंद किया जा रहा है, पड़ताल के बाद आंगनबाड़ी केंद्र में 1 बजे की बजाए 11:44 बजे ताला लटका पड़ा मिला है। आंगनबाड़ी केंद्र के बात की जाए तो आंगनवाड़ी केंद्र एकदम चकाचक है। सरकार लाखों रुपए खर्च करके भवन निर्माण कराती है साथ ही हजारों रुपए खर्चा करके बच्चों के लिए शिक्षक रखती हैं कि बच्चों का भविष्य उज्जवल हो। लेकिन यहां तो बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में जब आंगनबाड़ी सेविका से मोबाइल के माध्यम से सम्पर्क क्यिा गया तो उन्होंने बताया की सहायिका नहीं हैं और खाना भी बंद है, खाना बंद था, इसलिए आंगनवाड़ी बंद हैं।

**कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा**
nagarparishadlohardaga@gmail.com

**सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय पत्रांक–1773, दिनांक–23.08.2023, PR 305360 Lohardaga(23-24)_D के द्वारा निकाली गई Notice Inviting Short Tender (e-Tender Reference No. LNP/09/2023-24) अपरिहार्य कारण वश रद्द किया जाता है।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा

PR305975 (Lohardaga)23-24*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, अग्रिम योजना प्रमंडल,पलामू**

**शुद्धि–पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि दैनिक समाचार पत्रों में पी0आर0 नं0– 305132 Planning and Development (23-24) D द्वारा प्रकाशित ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– **WRD/ APD/ PLAMU/SBD-01/2023-24** में निम्न संशोधन किया जाता है।

क) उक्त निविदा का Bid Price, Bid Security एवं अन्य दस्तावेज का हार्ड कॉपी निम्नलिखित कार्यालयों में से किसी भी कार्यालय में दिनांक–14.09.2023 के 5.00 P.M तक जमा किया जा सकता है।

1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, अग्रिम योजना प्रमंडल पलामू।
2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, औरंगा निर्माण अंचल, मेदिनीनगर।
3. मुख्य अभियंता का कार्यालय, जल संसाधन विभाग, मेदिनीनगर।

सभी निविदा दस्तावेज इस हदतक संशोधित समझा जाय। शेष अन्य नियम एवं शर्तें यथावत् रहेगी। विशेष जानकारी के लिए अग्रिम योजना प्रमंडल पलामू से सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
अग्रिम योजना प्रमंडल,पलामू

PR 305958 District(23-24).D

**झारखण्ड सरकार**
**पथ निर्माण विभाग**

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ प्रमण्डल, लोहरदगा, झारखण्ड।
**अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस**
(प्रथम निविदा)

ई–टेण्डर रिफ्रेंस नं. : RCD/LOHARDAGA-514/2023-24 दिनांक : 01.09.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | लोहरदगा–गंगूपाड़ा–पेशरार पथ के 21वें कि.मी. में गार्डवॉल (3 मीटर ऊँचाई) निर्माण कार्य। |
| 2. (क) | निविदा की राशि | रू. 63,00,000.00 (तिरसठ लाख)। |
| (ख) | अग्रधन राशि | रू. 1,26,000.00 (एक लाख छब्बीस हजार) |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 (तीन) माह। |
| 4. | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 15.09.2023 पूर्वाह्न 10:30 बजे से। |
| 5. | वेब–साईट में निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 21.09.2023 मध्याह्न 12:00 बजे तक। |
| 6. | वेबसाईट में निविदा खुलने की तिथि | 25.09.2023 पूर्वाह्न 12:30 बजे से। |
| 7. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम और पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लोहरदगा। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट ऑफिसर का सम्पर्क नं. | 9477774719 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं. | 0651–2401010 |

नोट :–कृपया विस्तृत जानकारी के लिए वेब–साईट https://jharkhandtenders.gov.in देखें।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमण्डल, लोहरदगा।

PR 306026 (Lohardaga) 23-24 (D)

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**
**(नोटिस)**

नाम–(1) काण्ड के प्रा0अभि0–फैजान कुरैशी, पिता इस्लाम कुरैशी, सा0–सोनपुरवा, थाना+ जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड एस0सी0एस0टी0 गढ़वा थाना काण्ड सं0–07/2021, दिनांक –24.09.2021, धारा–376D भा0द0वि0 एवं 3(2)(V) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के प्राथमिकी अभियुक्त है, जो उक्त काण्ड में माननीय न्यायालय, गढ़वा से फिरार है। आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय, गढ़वा में अविलम्ब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

निवेदक
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR.NO.305957 Police(23-24):D

**नेतरहाट आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2023–24**

**संशोधन संबंधी आवश्यक जनसूचना**

सूचना संख्या – 193 दिनांक – 30.08.2023

नेतरहाट आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2023–24 के संबंध में अपरिहार्य कारणों से निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

| क्रम संख्या | विवरणी | संशोधित तिथियाँ |
|---|---|---|
| 1. | भरा हुआ आवेदन नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट पहुंचने की अंतिम तिथि/ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि | 15.09.2023 |
| 2. | विद्यालय की वेबसाइट www.netarhatvidyalaya.com में डाउनलोड हेतु प्रवेश पत्र की उपलब्धता | 15.10.2023 से |
| 3. | प्रवेश परीक्षा की तिथि | 29.10.2023 |

नोट :– यदि किसी अभ्यर्थी का आवासीय/जाति प्रमाण पत्र नहीं बना हो तो वे भी आवेदन कर सकते हैं, किन्तु उन्हें दिनांक 20.10.2023 तक उक्त प्रमाण पत्र एक लिफाफे में ACKNOLEDGEMENT SLIP चिपका कर/अभ्यर्थी की पूर्ण जानकारी लिख कर "प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट, जिला– लातेहार, पिन कोड– 835218" में भेजना/जमा करना अनिवार्य होगा।

ह०/–
प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट

PR 305955 Human Resource Developement (23-24)_D

**कार्यालय, जिला परिषद्,लोहरदगा**
Phone Number:- 06526-222064 , email-id: zplohardaga@gmail.com

**ई–निविदा**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या – 14/2023–24 दिनांक 01.09.2023

| क्र0सं0 | योजना का नाम | पंचायत | प्रखण्ड का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | ग्राम सीरम में सतबहनी तालाब का जीर्णोद्धार कार्य | सीरम | पेशरार | 755600.00 | 1250.00 | 15200.00 | 06 (छ:) माह |
| 2 | ग्राम मक्का नंदफुली महुआ के पास तालाब निर्माण | सीरम | पेशरार | 914600.00 | 1250.00 | 18300.00 | 06 (छ:) माह |

2 वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 20.09.2023
3 बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :– 26.09.2023/05:00 बजे अपराह्न तक
4 अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल (हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय :– 27.09.2023/03:00 बजे अपराह्न तक
5 निविदा खोलने की तिथि व समय :– 29.09.2023/02:00 बजे अपराह्न में
6 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिशद कार्यालय, लोहरदगा
7 निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिशद कार्यालय, लोहरदगा

नोट – 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं। संवेदक का U-Can में निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
3. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,जिला परिषद, लोहरदगा

PR 306022 Lohardaga(23-24).D

NEWS इन ब्रीफ

## मृतक उदल के पुत्र रोहित ने डीसी से मांगी मदद

**मेदिनीनगर।** बरांव सड़क हादसे के मृतक योगेंद्र प्रसाद उर्फ उदल महतो के 16 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार चौरसिया ने उपायुक्त पलामू को आवेदन पत्र सौंप कर आर्थिक मदद की मांगा की है। आवेदन में रोहित कुमार चौरसिया ने कहा है बीते दिनों रात्रि में गढ़वा डाल्टनगंज मुख्य मार्ग पर बरांव के पास अनियंत्रित तेज रफ्तार बरेजा कार की चपेट से मेरे 35 वर्षीय पिता योगेंद्र प्रसाद उर्फ उदल महतो की मौत हो गई है। उसने बताया कि सरकारी प्रावधानुसार सरकारी लाभ मिलता है। जिसे पीड़ित परिवार को दी जाये।

## बकाया भुगतान को लेकर श्रम अधीक्षक से मिले भाकपा नेता

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी, एआइएसएफ के जिला सचिव मृत्युंजय तिवारी ने श्रम कार्यालय मेदिनीनगर में मजदूरों के बकाया मजदूरी के भुगतान हेतु कार्यालय में मुलाकात की। उन्होंने कहा कि यह देखा जाता है कि कुछ बड़े ठेकेदार मजदूरों को इट भट्ठा एवं अन्य कारखाने में कम कर लेते हैं और उसके बाद उनका बकाया पैसा रखकर साल भर तक दौड़ाते हैं इसके खिलाफ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी शुरू से मुखर रही है किसी भी मजदूरों का काम का बकाया पैसा अगर ठेकेदारों के द्वारा नहीं मिल रहा है तो वह श्रम कार्यालय में आवेदन दे सकते हैं उन पर कार्रवाई किया जाएगा और मजदूरों के मजदूरी का भुगतान भी किया जाएगा।

## विद्यार्थी परिषद ने प्राचार्य का किया घेराव

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय में शैक्षणिक अराजकता के संबंध में कॉलेज अध्यक्ष विपिन यादव के नेतृत्व में सियूइटी के छात्रों एवं पूर्व में दिया ज्ञापन पर उचित कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में परिषद के कार्यकताओं ने गणेश लाल महाविद्यालय प्राचार्य का घेराव किया । परिषद के कार्यकताओं ने महाविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि सियूइटी के छात्रों का नामांकन हेतु दो दिनों का अतिरिक्त समय महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा नहीं बढ़ाए जाने से छात्रों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। महाविद्यालय में जमें कचरे को महाविद्यालय प्रशासन अभिलंब साफ-सफाई करायी जाये। मौके पर प्राचार्य ने छात्रों को स्पष्ट किया कि सियूईटी के छात्रों को नामांकन हेतू दो दिनों का अतिरिक्त समय दिया जायेगा। साथ ही सभी विषयों पर अभिलंब कार्रवाई की जाएगी। मौके पर अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीत पांडे,पलामू विभाग संयोजक गोविंद मेहतो आदि दर्जनों छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

## ट्रैफिक पुलिस के जवानों को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर में ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर बनाने को लेकर शुक्रवार को भाकपा नेता केडी सिंह ने रेड़मा चौक पर तैनात ट्रैफिक पुलिस के जवानों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर उपस्थित केडी सिंह ने कहा कि रेड़मा चौक बहुत ही व्यस्ततम इलाका है। यहां से हर रूट के वाहन का आना जाना लगा रहता है। इसके वजह से हमेशा रेडमा चौक के पास जाम की समस्या बनी रहती है। जाम की समस्या से निपटने के लिए यहां पर तैनात ट्रैफिक पुलिस के जवान हर समय अपनी ड्यूटी में तैनात रहते हैं और अपने ड्यूटी ईमानदारी पूर्वक निभाते हैं।

## टीओपी 2 प्रभारी ने विक्षिप्त महिला को इलाज के लिए पहुंचाया अस्पताल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के टीओपी टू प्रभारी सुधीर सिंह ने मानवता का परिचय देते हुए रांची रोड रेड़मा पानी टंकी के समीप सड़क पर घायल अवस्था पड़ी विक्षिप्त महिला को शुक्रवार की सुबह इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। विक्षिप्त महिला के साथ एक छोटा बच्चा भी था। बच्चे को सुधीर सिंह ने एक घर में रखवाया है और घर वालों से बच्चे का देखरेख करने का आग्रह किया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह रेड़मा रांची रोड पानी टंकी के पास एक विक्षिप्त महिला घायल अवस्था में अपने छोटे बच्चों के साथ पड़ी हुई थी। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी टीओपी 2 प्रभारी सुधीर सिंह को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही सुधीर सिंह अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घायल विक्षिप्त महिला को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां उन्होंने चिकित्सकों से मिलकर महिला पर विशेष ध्यान रखने और सही ढंग से इलाज करने का आग्रह किया है। मौके पर उपस्थित सुधीर सिंह ने कहा कि जब तक महिला स्वस्थ नहीं हो जाती है तब तक उसके बच्चे का ख्याल हमारे द्वारा रखा जाएगा।

## कोर्ट की पहल पर सुलझा 21 साल पुराना विवाद



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी चंदन कुमार गोस्वामी के अदालत में चल रहा 20 वर्ष पुराना मुकदमा परिवाद 438/ 2002 को कोर्ट के पहल पर सुलझा दिया गया है। विदित हो कि लोक अदालत को लेकर प्री सीटिंग चल रहा है। जिसमें दोनों पक्ष उपस्थित थे।इस केस की परिवादी मसोमात जिरमानी कुँवर ने अभियुक्त संतोष प्रसाद व मसोमात बेलाश देवीके बिरुद्ध केस की थी। जिसका बिचारन चन्दन गोस्वामी के अदालत में हो रहा था। शुक्रवार को दोनो पक्ष न्यायालय में उपस्थित हुए व सुलहनामा दाखिल किए।जिसके आधार पर इस केस को समाप्त कर दिया गया है। इससे दोनों पक्षों में खुशी है।

# पति की हत्या से असहाय हुई महिला ने डीसी से लगाई आवास की गुहार

## डीडीसी को आवास स्वीकृति का तुरंत दिया निर्देश

**जनता दरबार में भूमि सीमांकन, भूमि विवाद, राशन, अवैध कब्जा, रास्ता बंद हो जाने, मुआवजा, आदि समस्याओं को लेकर लोग उपस्थित हुए**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के जनता दरबार में काजल कुमारी नाम की एक महिला ने अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि 13 दिसंबर 2022 को उसके पति की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। जिसके बाद वह पूरी तरह बेसहारा व असहाय हो गई है। बच्चों का भरण पोषण मुश्किल हो गया है। रहने को एक व्यवस्थित आसियाना भी नहीं है। उक्त महिला ने उपायुक्त से कम से कम एक अदद आवास की व्यवस्था कराने की गुहार लगाई। महिला की इस गुहार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उपायुक्त श्री रंजन ने तत्काल जिले के उपविकास आयुक्त को महिला के लिए आवास की स्वीकृति देने का निर्देश दिया। अन्य दिनों की तरह आज शुक्रवार को भी उपायुक्त के जनता दरबार फरियाद लेकर पहुंचे लोगों की भीड़ लगी रही रही। उपायुक्त ने क्रमवार सबकी समस्याये सुनी और समाधान के लिए सबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किये। इस जनता दरबार में भूमि सीमांकन, भूमि विवाद, राशन, अवैध कब्जा,रास्ता बंद हो जाने, मुआवजा, आदि समस्याओं को लेकर लोग उपस्थित हुए। इस दौरान चैनपुर के चांदो से आये कृष्णा सिंह ने आंगनवाड़ी में काम कराने के बावजूद भुगतान नहीं करने के संबंध में आवेदन दिया। सदर प्रखंड अंतर्गत झाबर से आये बिकेश कुमार राम,छत्तरपुर से आये संतोष प्रजापति व छत्तरपुर के ही नौडीहा से आये उदेशवर सिंह ने पीएम किसान से संबंधित आवेदन दिया। जनता दरबार में आये विभिन्न फरियादियों के मामलों के निष्पादन हेतु उपायुक्त ने चैनपुर बीडीओ, नौडीहा बाजार सीओ, समेत विभिन्न अंचलाधिकारी व अन्य पदाधिकारियों को ऑन स्पॉट फोन कर मामलों का तेज गति से निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## महिला उद्यमिता विकास के लिए संगोष्ठी का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंदशंकर की प्रेरणा से पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की महिला ईकाई के सौजन्य से महिला उद्यमिता विकास के लिए तीन सितंबर को दिन ग्यारह बजे से होटल ज्योतिलोक में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। जिसमें रांची से चीफ मोटिवेटर आस्था किरण और रेणु गोपीनाथ आ रही हैं जो महिलाओं को सरकार द्वारा उनके व्यावसायिक हित में दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी देंगी। जो महिलाएं अपना स्वरोजगार करना चाहती हों, अपने व्यवसाय को बढ़ाना चाहती हों या स्टार्ट अप करना चाहती हों, इसके लिए उन्हें उसदिन उचित मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इसलिए इसमें रूचि रखने वाली महिलाएं कृपया हमारी महिला ईकाई से संपर्क करें। संपर्क नंबर- 6200258200( अध्यक्षा, महिला विंग)

## मनरेगा में अनियमितता की जाँच की मांग

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने प्रेस बयान जारी कर जिले के उपायुक्त शशिरंजन से छत्तरपुर प्रखण्ड के हुटुकदाग पंचायत में स्थानीय मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक व भेंडर मनोज कुमार यादव की मिलीभगत से मनरेगा की 50 से अधिक योजनाओं में बिना मापी पुस्तिका संधारण/ तकनीकी स्वीकृति के अधूरे कार्यों में (सामग्री मद में) 5000000 (पचास लाख रुपए)भूगतान कर बन्दर बांट की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## मार्शल आर्ट प्रशिक्षक को अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड का सम्मान

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के प्रसिद्ध एवं विख्यात मुख्य मार्शल आर्ट प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार को मलेशिया देश में आयोजित वर्ल्ड सेमिनार में इंटरनेशनल गोल्डन अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा !यह वर्ल्ड सेमिनार 22 से 24 सितम्बर तक कलुग जोहार मलेशिया में द वर्ल्ड मिक्सड मार्शल- आर्ट काउंसिल के तत्वाधान में किया जा रहा है ! ज्ञात हो कि शिहान संतोष कुमार झारखंड राज्य में इकलौता मार्शल आर्ट प्रशिक्षक जिन्हें अवार्ड दिया जा रहा है ! शिहान संतोष कुमार के यह अवार्ड पिछड़े एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालय में लगभग तीस लड़कों और लड़कियों को आत्मरक्षक कला का बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए दिया जा रहा है।

## बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का खुला कार्यालय



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** शुक्रवार को प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति काकार्यालय खुल गया। इसके पहले क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कार्यालय का ऑनलाइन शुभारंभ किया। इस दौरान मौके पर मौजूद सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, एनसीपी प्रखंड उपाध्यक्ष उदय सिंह, राजेश्वर सिंह, रामनाथ सिंह आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान ऑनलाइन संबोधन में विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि कार्यालय के खुलने से आम लोगों की समस्याएं सुनीं जा सकेंगी। वहीं बीस सूत्री उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार मेहता तथा एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह ने कहा कि लाभुक और फरियादी कार्यालय आकर अपनी बात व समस्याएं रखें। इस मौके पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, बीस सूत्री सदस्य अमित सिंह, अजय कुमार सिंह, लक्ष्मी नारायण, सोनामती देवी, श्यामसुंदर प्रसाद, संतोष शर्मा के अलावे विशाल कुमार, कलीम शाह, छोटे सिंह, राहुल, टंटू मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थें।

### उप विकास आयुक्त ने मनरेगा योजनाओं का किया निरीक्षण

## योजनाओं में लापरवाही बर्दास्त नहीं: डीडीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने शुक्रवार को जिले के नवाबाजार प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा योजना अंतर्गत संचालित बागवानी, सीपीटी एवं आवास की योजनाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने कुम्भी कलां पंचायत अंतर्गत ग्राम तामदगा में दुत्कालो देवी के खेत मे संचालित हो रहे आम बागवानी में पौधरोपण किया। तत्पश्चात उन्होंने योजना स्थल पर जिंदा घेरान करने का निर्देश दिया ताकि जानवरों से पौधो की बचाव हो सके। इसके बाद उन्होंने सबंधित पदाधिकारी को सीपीटी के निर्माण कार्य को द्रुत गति से पूरा कराने का निर्देश दिया। इस दौरान उपविकास आयुक्त ने मनरेगा अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यों एवं अधूरे पड़े पीएम आवास के निर्माण कार्य को ससमय पूरा करने का निर्देश सबंधित पदाधिकारियों को दिया। मौके पर उपविकास आयुक्त रवि आंनद ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं को शत प्रतिशत लाभुकों तक पंहुचे इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तत्परता से लगा है। मनरेगा योजना व पीएम आवास जैसे कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाई जाती है तो सबंधित लोगो के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## शिक्षकों ने हर्षोउल्लास के साथ मनायी ओ0 पी0 एस की प्रथम वर्षगांठ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मनातू ।** ओ0 पी0 एस प्रथम वर्षगांठ के शुभ अवसर पर राजकीय मध्य विद्यालय पदमा (मनातू) के प्रशाल में समय 2: 00 बजे दोपहर प्रथम वार्षिकोत्सव मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता ओ पी एस के प्रखंड संयोजक संजय कुमार चौधरी ने की। इस खुशी के अवसर पर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष मो. महबुब आलम ने 2004 के बाद नियुक्त कर्मचारीयों के सेवानिवृत होने के बाद परेशानियों पर प्रकाश डाला। साथ ही पेंशन बहाल करने के लिए मुख्मंत्री हेमंत सोरेन को बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी। ओ. पी.एस. के प्रखंड संयोजक श्री चौधरी ने सभी शिक्षक वंधुओं को इस अवसर पर शरीक होने के लिए धन्यवाद दिया। श्री चौधरी नें हेमेत सोरेन को धन्यवाद किया और इस महान और पुनीत कार्य में अग्रणी भुमिका निभाने वाले शिक्षक विद्धत जन के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष विक्रांत सिंह, पलामू जिला संयोजक मनोज मेहता को बधाई दी। रामशरण कुमार ने सभी शिक्षक वृंद को इस अवसर पर केक काटने के लिए आमंत्रीत किया। जिसमें राजकीय मध्य विद्यालय पदमा के प्रधान शिक्षीका श्री मती सुधा कुमारी, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सेमरी के प्रधान शिक्षक सतीश कुमार के कर कमलों द्वारा केक काटा गया और मिठाइयां बांट कर खुशी का इजहार किया गया । इस खुशी के अवसर पर बिंदेश्वर कुमार, राकेश रौशन, श्यामनंदन मेहता ,राजकुमार सिंह, महेश राम, अमरेश उराँव, सुदेश चौहान, प्रसिद्ध राम बीरबल कुमार,अशोक यादव, रविन्द्र कुमार रजक, मोहम्द इबरार आलम इत्यादि सैकड़ों शिक्षक उपस्थित थे।

## भाजपा नेता ने किया भक्ति जागरण का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड के लोहारसी पंचायत में श्रावण पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित भक्ति जागरण कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महिला मोर्चा सह पूर्व जिला पार्षद लवली गुप्ता ने कार्यक्रम का विधिवत रूप से पूजा अर्चना व कर फीता काटकर शुभारंभ किया। मौके पर संबोधित करते हुए लवली गुप्ता ने कहा कि आज का दिन बहुत ही पवन और पवित्र है आज सावन पूर्णिमा के साथ ही साथ रक्षाबंधन का पावन त्यौहार भी है। यह त्यौहार भाई-बहन के प्रेम व रक्षा का प्रतीक है। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि रक्षाबंधन के पावन अवसर पर देश यशस्वी प्रधानमंत्री ने गैस सिलेंडर में ?200 के सब्सिडी देकर बहनों को रक्षाबंधन का उपहार देने का काम किया है। मौके पर कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि के रूप में लोहारसी मुखिया प्रतिनिधि अरविंद सिंह ,समाज सेवी मुकेश गुप्ता, पंचायत समिति प्रतिनिधि अशोक सिंह सहित कई वक्ताओं ने कार्यक्रम को संबोधित किया। दिलीप प्रसाद गुप्ता, महेंद्र गुप्ता ,सोमर साव, राजेश गुप्ता, उपेंद्र गुप्ता ,सुरेंद्र मेहता, विनय मेहता ,दशरथ बडाइक ,सलीम मियां, रामवृक्ष शाव, नरेश राम शहीद कर रहे सहित सैकड़ो की संख्या में गाणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता सुर्य नाथ बैध और संचालन चिंटू यादव ने किया ।कार्यक्रम को व्यास राम भोला यादव और गुड्डू तिवारी ने अपने गीत संगीत के माध्यम से सुशोभित किया।

**त्रासद** | सन-19 91, 92 में नरसिम्हा राव डालटनगंज आये थे

# सिंचाई-सुखाड़ पर मौन हैं पलामू के राजनीतिक दल

**पलामू में धान रोपनी मात्र 6 प्रतिशत ही हुई है : कृषि पदाधिकारी**

**पलामू के विश्रामपुर और नावा बाजार दो ऐसे प्रखंड है, जहां धान की रोपनी केवल और केवल एक प्रतिशत है**

**स्वीटी वर्मा**



**मेदिनीनगर।** पलामू में धान की रोपनी 31 अगस्त तक मात्र 6 प्रतिशत ही हुई है। यह प्रतिशत पिछले 20 साल के रिकॉर्ड को तोड़ता हुआ दिख रहा है। पलामू में इतना कम धान रोपनी सन 91, 92 वर्ष में भी नहीं हुई थी। जब यहां भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव सुखाड़ की स्थिति का जायजा लेने के लिए डाल्टनगंज में अपने एक दिवसीय दौरे पर आए थे। उस समय प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव धम-धमुआ मे बना चेक डैम भी देखने गए थे। इस बार की स्थिति विकट से विकट होने जा रही है क्योंकि यह भी प्रश्न है कि क्या ये 6 प्रतिशत धान की रोपनी भी सफल हो पाएगी ? वर्षा बिल्कुल नहीं हो रही है ,खेत सूख रहे हैं, खेतों में जो कीचड़ या पानी होना चाहिए, वह धीरे-धीरे खत्म हो रहा है। पलामू जिला के कृषि पदाधिकारी दिनेश मांझी ने प्रेस को बताया कि पलामू में धान रोपनी मात्र 6प्रतिशत ही हुई है। उन्होंने आगे कहा पलामू के विश्रामपुर और नावा बाजार दो ऐसे प्रखंड है, जहां धान की रोपनी केवल और केवल एक प्रतिशत है। अंदाजा किया जा सकता है कि एक प्रतिशत की रोपनी का क्या मायने मतलब है। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि हुसैनाबाद प्रखंड जो अब से कुछ साल पहले तक चावल का कटोरा कहा जाता था आज धन रोपनी के संकट से जूझ रहा है। यहां अगस्त तक मात्र 11प्रतिशत रोपनी हुई है, हरिहरगंज प्रखंड में अगस्त तक में 14प्रतिशत रोपनी हुई है। जबकि ऊंटारी रोड प्रखंड में धन रोपनी 15प्रतिशत है, छतरपुर से आगे और हरिहरगंज के पहले पिपरा प्रखंड है, यहां 31 अगस्त तक धन रोपनी मात्र 12प्रतिशत हुई है। अगर देखा जाए तो पलामू में 21 प्रखंड हैं। जब पलामू का टोटल प्रतिशत निकालने की बात होती है तो यह 21 प्रखंड के धन रोपनी के आंकड़ों को जोड़ने के बाद मात्र 6प्रतिशत ही होता है। जब धान की रोपनी नहीं हुई तो फिर चावल कहां से और जब चावल नहीं पुआल कहां से? तो इसका मतलब स्पष्ट हुआ इंसान के खाने के लिए चाहे वह अमीर हो या गरीब , पलामू का चावल नहीं मिलेगा और मवेशी को पुआल नहीं मिलेगा और इन दोनों को पीने का पानी मुश्किल से नसीब होगा। यह एक ऐसी समस्या सामने उभर रही है, जिसकी कोई तुलना नहीं की जा सकती है। यहां एक अजब सी बात है, पलामू में कुल 1 लाख 35 हजार हेक्टेयर खेती करने योग्य भूमि है। अब यह जान करके आपको आश्चर्य होगा कि केवल 34 हजार 124 हेक्टेयर में सिंचाई की सुविधा का दावा किया जाता है। अगर इस दावे को सही मान ले तो भी 1 लाख 1 हजार खेती करने योग जमीन सिंचाई के सुविधा से दूर है। कोई सिंचाई नहीं होगी ना नहर से, ना कुआ से, ना पाइप से इस विषय पर सिंचाई विभाग के अधिकारी कुछ भी बोलने से मना कर देते हैं। अब यहां यह बहुत महत्वपूर्ण विषय है यदि पलामू में सिंचाई की न्यूनतम व्यवस्था भी होती यानि 1 लाख 35 हजार खेती योग्य जमीन में यदि 1 लाख हेक्टेयर में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होती तो यह सुखाड़ की ऐसी स्थिति नहीं पनपती। पलामू वासी इस बात को लेकर बेहद परेशान हैं कि आने वाले दो-तीन महीना में जब मकई जिसे आप (भुट्टा ) कहते हैं, ना खाने को रहेगा ना बेचने को रहेगा, तो फिर गरीब कम से कम दो वक्त क्या खा पाएगा? पलामू के लोग यह अच्छी तरह से जानते हैं कि यहां भूख के निपटारे के लिए अत्यंत निर्धन परिवार गेठी खाता है। यह गेठी जमीन के नीचे होता है और पेट के आंत के लिए बहुत ही हानिकारक है। लेकिन भूख मिटाने के लिए लोग इसे भी खा लेते हैं। पेट तो भर जाता है पर आंत का क्या हो रहा है और क्या होता है यह पता नहीं चलता।यह आश्चर्य है कि ना सत्ता पक्ष और ना विपक्षी पार्टी पलामू के इस सुखद की स्थिति पर ना तो शोर मचा रहे हैं, ना राहत की मांग कर रहे हैं ,ना ही सरकार को यह कह रहे हैं कि वह सिंचाई के व्यवस्था की मजबूत करें धन रोपनी के प्रतिशत को जिस तरह से भी हो उसको बढ़ाएं जिसकी संभावना सितंबर महीने से हर एक दिन चीन होती चली जाएगी।

### बहुत बड़ी निर्बलता है दूसरों से अच्छा कहलाने की इच्छा, इसलिये अच्छे बनो, अच्छे कहलाओ मत : जीयर स्वामी

# यदि शांति चाहते हो तो कामना का त्याग करो, अपने लिये सुख चाहना आसुरी वृत्ति

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि जैसा मैं चाहूं, वैसा हो जाय - यह इच्छा जबतक रहेगी, तबतक शांति नहीं मिल सकती। मनुष्य समझदार होकर भी उत्पत्ति-विनाशशील वस्तुओंको चाहता है - यह आश्चर्यकी बात है! शरीरमें अपनी स्थिति मानने से ही नाशवान बस्तु की इच्छा होती है। और इच्छा होनेसे ही शरीरमें अपनी स्थिति दृढ़ होती है। कुछ चाहने से कुछ मिलता है और कुछ नहीं मिलता; परंतु कुछ न चाहने से सब कुछ मिलता है। निंदा इसलिये बुरी लगती है कि हम प्रशंसा चाहते हैं। हम प्रशंसा चाहते हैं तो वास्तव में हम प्रशंसा के योग्य नहीं हैं; क्योंकि जो प्रशंसा के योग्य होता है, उसमें प्रशंसा की चाहना नहीं रहती। सांसारिक सुखकी इच्छा का त्याग कभी-न-कभी तो करना ही पड़ेगा तो फिर देरी क्यों? जहां तक बने, दूसरों की आशापूर्तिका उद्योग करो, पर दूसरों से आशा मत रखो। दूसरों से अच्छा कहलाने की इच्छा बहुत बड़ी निर्बलता है। इसलिये अच्छे बनो, अच्छे कहलाओ मत। मनुष्य को कर्मों का त्याग नहीं करना है, प्रत्युत कामना का त्याग करना है। मनुष्य को वस्तु गुलाम नहीं बनाती, उसकी इच्छा गुलाम बनाती है। यदि शांति चाहते हो तो कामना का त्याग करो। कुछ भी लेने की इच्छा भयंकर दुःख देन`वाली है। जिसके भीतर इच्छा है, उसको किसी-न-किसी के पराधीन होना ही पड़ेगा। अपने लिये सुख चाहना आसुरी, राक्षसी वृत्ति है।

कहा कि जैसे बिना चाहे सांसारिक दुःख मिलता है, ऐसे ही बिना चाहे सुख भी मिलता है। अतः साधक सांसारिक सुखकी इच्छा कभी न करे। भोग और संग्रह की इच्छा सिवाय पाप कराने के और कुछ काम नहीं आती। अतः इस इच्छा का त्याग कर देना चाहिये अपने लिये भोग और संग्रहकी इच्छा करनेसे मनुष्य पशुओं से भी नीचे गिर जाता है तथा



इसकी इच्छा का त्याग करनेसे देवताओंसे भी ऊंचे उठ जाता है जो वस्तु हमारी है, वह हमें मिलेगी ही; उसको कोई दूसरा नहीं। विचार करो, जिससे आप सुख चाहते हैं, क्या वह सर्वथा सुखी है? क्या वह दुःखी नहीं है? दुःखी व्यक्ति आपको सुखी कैसे बना देगा? कामना छूटने से जो सुख होता है, वह सुख कामनाकी पूर्तिसे कभी नहीं होता। परमात्माकी उत्कट अभिलाषा चाहते हो तो संसारकी अभिलाषाको छोड़ो। जो बदलनेवाले (संसार) की इच्छा करता है, उससे सुख लेता है, वह भी बदलता रहता है अर्थात अनेक योनियों में जन्मता-मरता रहता है। जिसको हम सदा के लिये अपने पास नहीं रख सकते, उसकी इच्छा करने से और उसको पान`से भी क्या लाभ ? कामना के कारण ही कमी है। कामना से रहित होने पर कोई कमी बाकी नहीं रहेगी। कामना का सर्वथा त्याग कर दें तो आवश्यक वस्तुएं स्वतः प्राप्त होंगी; क्योंकि वस्तुएं निष्काम पुरुषके पास आने के लिये लालायित रहती हैं। जो अपने सुखके लिये वस्तुओंकी इच्छा करता है, उसको वस्तुओं के अभावका दुःख भोगना ही पड़ेगा।

कहा कि जीवन तभी कष्टमय होता है, जब संयोगजन्य सुखकी इच्छा करते हैं और मृत्यु तभी कष्टमयी होती है, जब जीने की इच्छा करते हैं यदि वस्तुकी इच्छा पूरी होती हो तो उसे पूरी करनेका प्रयत्न करते और यदि जीनेकी इच्छा पूरी होती हो तो मृत्यु से बचनेका प्रयत्न करते, परंतु इच्छाके अनुसार न तो सब वस्तुएं मिलती हैं न और न मृत्यु से बचाव ही होता है। इच्छा का त्याग करने में सब स्वतंत्र हैं, कोई पराधीन नहीं है और इच्छाकी पूर्ति करने में सब पराधीन हैं, कोई स्वतंत्र नहीं है। सुखकी इच्छा, आशा और भोग- ये तीनों संपूर्ण दुःखों के कारण हैं। नाशवान्की चाहना छेड़ने से अविनाशी तत्त्व की प्राप्ति होती है ऐसा होना चाहिये, ऐसा नहीं होना चाहिये - इसी में सब भरे हुए हैं। हमारा सम्मान हो– इस चाहना ने ही हमारा अपमान किया है। मनमें किसी वस्तुकी चाह रखना ही दरिद्रता है। लेने की इच्छावाला सदा दरिद्र ही रहता है नाशवान्की इच्छा ही अंतःकरण की अशुद्धि है।

### चपकली गांव में चार पशुओं को कुचलकर मार डाला, महिला को पटक कर तोड़ डाले पांव

# चिनिया में थम नहीं रहा जंगली हाथियों का प्रकोप, घूम-घूमकर मचा रहे उत्पात

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया** थाना क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात चौथे दिन भी जारी रहा हाथियों ने चपकली गांव में रात भर घूम घूम कर उत्पात मचाया, जिससे लोग काफी दहशत में हैं। गुरुवार रात थाना क्षेत्र के चपकली गांव में जंगली हाथियों ने लगभग 20 एकड़ में लगी फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया। इस दौरान हाथी खेत में लगी फसल धान, मकई, तिल, बादाम को सफाचट कर गए। वहीं चार पालतू पशुओं को भी कुचलकर मार डाला। वहीं गांव की ही 45 वर्षीय कमला देवी पति बिरझन भुईया को पटक कर घायल कर दिया। घायल कमला देवी के दोनों पैर टूट गये हैं।





जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम ने उक्त गांव में पहुंचकर घायल कमला देवी को अपनी गाड़ी से इलाज के लिए ले गए। चपकली गांव के भाठादामर टोले के बैजनाथ चौधरी का मकान तोड़ दिया गया व घर में रखा सारा सामान गेहूं चावल सरसों आदि बर्बाद कर दिया तथा एक दुधारू गाय को भी कुचलकर मार डाला तथा खेत में लगी मकई व धान को रौंद डाला। वहीं किसान शंकर भुइयां, विनोद भुईयां की एक बाछी को कुचलकर मार डाला एवं एक गाय को घायल कर दिया गया। वहीं घर के सामने चापाकल को भी हाथियों ने तोड़ डाला। विश्वनाथ चौधरी, छोटन चौधरी, चरकू चौधरी, पूरन चौधरी की मकई, घनश्याम साह की मकई, तिल बादाम, छठु भुईया की धान की फसल, रामचंद्र साह की एक गाय व एक बछड़ा को कुचलकर मार डाला तथा धान की फसल को नष्ट कर दिया गया। वहीं जगन्नाथ चौधरी, सुखाड़ी भुईया, आशीष चौधरी की तिल मकई, बादाम की फसल बर्बाद कर दी गयी। वहीं बुढ़ीटाड़ टोला में अजय सिंह, ददन सिंह, भागीरथी सिंह, राजकुमार सिंह, तहसीलदार सिंह, फुलकारी कुवर, परीखा कोरवा सहित अन्य कई किसानों की मकई, धान की फसल को काफी नुकसान पहुंचाया गया है। बताते चलें कि पिछले चार दिनों से लगातार थाना क्षेत्र में जंगली हाथियों के द्वारा फसलों का भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों के झुंड में 15 से 20 हाथी हैं। शाम 7:00 बजे गांव में पहुंचकर रात भर उत्पात मचाते रहे। सुबह लगभग 4:30 बजे जंगल की ओर निकल गए। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग के द्वारा जल्द से जल्द इस क्षेत्र से हाथी को भगाया जाए। इस मामले में वनरक्षी प्रेमचंद दास हेमंत तीरकी ने बताया कि जंगली हाथियों का उत्पात से इस क्षेत्र में है। लगातार चार दिनों से काफी फसलों को नुकसान पहुंचाया गया है। इस दौरान चपकली गांव के भाठादामर 45 वर्षीय कमला देवी पति बिरझन भुईया को घायल कर दिया गया है, जिसका इलाज विभाग द्वारा किया जा रहा है। नुकसान हुए फसल को जायजा लिया जा रहा है। सरकारी प्रावधान के अनुसार किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। इस मामले में समाजसेवी सह पंचायत के मुखिया पति उमाशंकर गुप्ता ने वन विभाग से मांग किया है कि क्षेत्र से जंगली हाथी को भगाया जाए व सभी का उचित मुआवजा मिलना चाहिए। क्षेत्र के लोगों को तत्काल किरासन तेल बम पटाखा की व्यवस्था जल्द से जल्द विभाग करें ताकि इससे ज्यादा जान माल का नुकसान हाथियों के द्वारा ना हो।

## भव्य शोभायात्रा के साथ श्रावणी मेले का समापन



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

दो माह से ऐतिहासिक राजा पहाड़ी शिव मंदिर में चल रहे श्रावणी मेले का समापन भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। शोभायात्रा में हजारों शिवभक्त शामिल हुए। जुलूस का आकर्षण शिव पार्वती, भूत-प्रेत, बांदरी सेना सहित अन्य लोगों की प्रतिमूर्ति की झांकी थी। वहीं जुलूस में शामिल लोग डीजे पर बज रहे भक्ति गानों पर झूम रहे थे।

शोभायात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर चेचरिया होते शहर के मेन रोड होते हुए बजरंग बली मोड तक गयी। इसमें मंदिर निर्माण समिति के लोग प्रसाद वितरण भी कर रहे थे। उक्त शिव मंदिर झारखंड व सीमावर्ती उत्तर प्रदेश, बिहार, छतीसगढ़ का प्रमुख शिव स्थल है। सावन में हजारों मंदिर में पूजा के लिए पहुंचते हैं। सावन में मेले का भी आयोजन होता है। भक्त दर्शन के बाद मेले का भी लुफ्त उठाते हैं। वहीं जुलूस को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रही। जुलूस और जुलूस के रूट में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। थाना प्रभारी नीतीश सिंह स्वयं गश्त कर जुलूस पर नजर बनाए हुए थे। वहीं जुलूस को लेकर शहर में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया था। जुलूस की समाप्ति तक बड़े वाहनों को शहर के बाहर ही रोका गया। वहीं जुलूस को लेकर शहर की बिजली स्पलाई भी बंद कर दी गयी थी। जुलूस में मंदिर निर्माण समिति के सचिव नंद लाल प्रसाद, झामुमो अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, अजय प्रसाद, गोविंद पाठक, रामचंद्र पाठक, बबलु कुमार, अशोक जायसवाल, शिवम कुमार, शुभास कुमार यादव, भोलू कुमार, कमलेश मेहता सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## जिला परिषद सदस्य ने बिजली व्यवस्था को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी को लिखा पत्र

**भवनाथपुर।** जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने बिजली व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर को पत्र लिखा है। शर्मा ने पत्र में अनुमंडल पदाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया कि है कि गत दिनों एक कार्यक्रम के दौरान भवनाथपुर प्रखंड अंतर्गत शिव पहाड़ी गुफा मंदिर परिसर के आसपास एवं भवनाथपुर बस्ती तथा रोहिनियां स्वास्थ्य उप केंद्र इत्यादि स्थलों पर ट्रांसफार्मर तारपोल की व्यवस्था करते हुए बिजली उपलब्ध कराने की मांग की गई थी, जिस पर अभी तक कोई काम नहीं हो सका है। इस मांग पत्र पर अनुमंडल पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता विद्युत अवर प्रमंडल गढ़वा 2 नगर उतरी को आवश्यक व अग्रतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस 8 सितंबर को मनाया जाएगा

**खरौंधी।** प्रखंड साक्षरता समिति द्वारा पंचायत स्तर से लेकर गांव तक विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक, विद्यालय प्रबंधन समिति, जेएसएलपीएस के सभी समूह की महिला बहनों के साथ साक्षरता सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया है। इसमें जो असाक्षर हैं उनको पढ़ने लिखने के लिए प्रेरित करेंगे।

## कीटनाशक खाकर युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** नगर उतरी थाना क्षेत्र के हुलहुला गांव निवासी सुरेंद्र चंद्रवंशी 32 वर्ष ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि घर में किसी बात को लेकर कहासुनी हुयी जिसे अक्रोशित होकर सुरेंद्र ने कीटनाशक खा लिया। स्थिति बिगड़ने पर उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में भी प्राथमिक उपचार के बाद उसे रिम्स रेफर कर दिया गया है।

## ग्रामीणों ने किया हंगामा, पथ को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

पूर्व उप सह आजसू पार्टी जिला प्रवक्ता गोरखनाथ चौधरी के नेतृत्व में चौरिया के दर्जनों ग्रामीणों ने शुक्रवार को अंचल कार्यालय पहुंचकर जोरदार हंगामा करते हुए नारेबाजी की। इसके पश्चात सीओ सह बीडीओ गणेश महतो को आवेदन देकर चौरिया गांव के रविंद्र चौधरी के खेत से कुशलहवा पहाड़ तक के पथ को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की।

पूर्व उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी ने कहा गांव में रविंद्र चौधरी के खेत से कुशलहवा पहाड़ तक एक कच्ची सड़क है। उसमें गांव के ही दबंग व्यक्ति मंदीप चौधरी उक्त सड़क को अतिक्रमण कर लिए है। इससे पूर्व भी गांव के लोग विरोध किए थे। उस समय ही उस सड़क को नापी कराते हुए सीमांकन किया गया था। इसके बावजूद दबंग मंदीप चौधरी उक्त सड़क को अतिक्रमण मुक्त नहीं किए। जिसे लेकर गांव के लोगो में अकसर तनाव रहता है।

शुक्रवार सुबह चौरिया गांव के ग्रामीण अपने मवेशी को लेकर जंगल की ओर जा रहे थे। बीच रास्ते में ही ग्रामीणों की मवेशी को दबंग व्यक्ति मंदीप चौधरी तथा अन्य लोग रोक दिया। उक्त स्थल पर दोनो पक्षों के बीच मारपीट की स्थिति बनी हुई थी, जिसकी सूचना ग्रामीणों ने मुझे दिया। मैंने ग्रामीणों



को शांत कराते हुए अंचल कार्यालय में आवेदन देकर उक्त सड़क को नापी कराते हुए सीमांकन करने की बात कही। सभी ग्रामीण मेरे साथ अंचल कार्यालय आवेदन देने आए हैं। इससे पूर्व भी ग्रामीण कई बार सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने का आवेदन दिया है। लेकिन उसे अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया गया है। अगर सड़क को 24 घंटे के अंदर अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया गया तो हमलोग इससे उग्र आंदोलन के साथ धरना प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान नंद कुमार ठाकुर, संजय चौधरी, धर्मेंद्र ठाकुर, जीतू पटेल, प्रेमचंद ठाकुर, बबलू चौधरी, बालेश्वर कुमार यादव, विजय मेहता, अरुण कुमार चौधरी सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे। सीओ सह बीडीओ खरौंधी गणेश महतो ने इस संबंध में बताया कि चौरिया गांव से आवेदन मिला है। कर्मचारी तथा अमीन को जांच करने का निर्देश दिया गया है। अगर सड़क पर कोई अतिक्रमण किया गया है तो जल्द उसको अतिक्रमण मुक्त कराया जायेगा।

## पेयजल आपूर्ति के लिए बनाया गया जलमीनार योजना स्थल से गायब

### ढाई लाख की फर्जी निकासी का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। विशुनपुरा** प्रखंड के विशुनपुरा पंचायत में पेयजल आपूर्ति के लिए बनाया गया जलमीनार योजना स्थल से गायब हो गया। विशुनपुरा पंचायत में पंद्रहवें वित्त आयोग से उपेंद्र गुप्ता के घर के पास जलमीनार निर्माण के नाम पर 2, 45, 200 रुपये की फर्जी निकासी मुखिया, पंचायत सेवक, जेई, पंचायती राज कोआर्डिनेटर एवं वेंडर के द्वारा सांठगांठ से की गयी है। इस पूरे मामले में का उद्भेदन ई ग्रामस्वराज पोर्टल से प्राप्त 12/05/2023 के बिल से हुआ है। सरकार एक तरफ योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी अपनी जेब भरने में लगे हुए हैं। अगर फर्जी निकासी करने वालों पर कार्यवाई नहीं की जाती है तो इन लोगों का मनोबल बढ़ता चला जायेगा। इस विषय पर मुखिया एवं पदाधिकारी स्पष्ट जानकारी देने से कतरा रहे हैं।

प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सुबोध कुमार ने इस संबंध में पूछने पर बताया कि हमे कोई जवाब नहीं देना है। कनीय अभियंता मुकेश दास से फोन के माध्यम से जानकारी लेनी चाही तो संपर्क नहीं हो सका। पंचायत सेवक जगदीस राम ने कहा कि उपेंद्र गुप्ता के घर के पास जलमीनार लगाया गया है, जिसका भुगतान किया गया है। बाकी हमें जानकारी नहीं है। वहीं मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण यादव से जानकारी लेनी चाही तो स्पष्ट जानकारी नही दे सके। पूर्व मुखिया प्रतिनिधि बलराम पासवान ने जानकारी देते हुए कहा कि यह हमारे रीजन 2022-23 की योजना में चढ़वाया गया था जो उपेंद्र गुप्ता के घर के नाम से है। वहीं रानी बगीचा बिश्वनाथ साह के घर के बगल में चापाकल है। उस स्थल को चयन किया हुआ है। इसमें साफ है फर्जी निकासी हुई है। उन्होंने उच्च पदाधिकारी से जांच की मांग की है।

बताते चलें कि जलमीनार योजना धरातल पर तो दिख रहा है लेकिन 90 प्रतिशत जलमीनार खराब पड़े हैं। हर घर नल जल योजना के माध्यम से नल लगाया तो जा रहा है लेकिन उसमें से पानी नहीं टपक रहा है। इसका सीधा कारण है योजनाओं में लगायी जा रही सामग्री की गुणवत्ता। वेंडर, ठेकेदार, प्रतिनिधि व पदाधिकारी की मोटी कमाई का जरिया यह जलमीनार योजना बन कर रह गई है।

### खराब मॉनसून की मार | 20 प्रतिशत ही धनरोपनी हो पायी, किसानों के सामने विकट स्थिति

# खरौंधी प्रखंड क्षेत्र में बारिश नहीं होने से खेती प्रभावित

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी** प्रखंड में पिछले तीन सप्ताह में बारिश नहीं होने से किसानों की खेती प्रभावित हो गई है। बारिश कम होने से किसानों के 20 प्रतिशत ही खेत में धान की रोपनी हो पाई है। जो किसान धान की रोपनी किए है उनके खेत का पानी सुख गया है। साथ ही खेतों में दरार आ गई है। कुछ किसान के खेत में मक्का, तिल अरहर की फसल लगी हुयी है। बारिश नहीं हुआ तो फसल प्रभावित हो जायेगा। किसान पास पड़ोस से कर्ज लेकर खेत में बीज तथा खेतो की जोताई कराए है। अगर बारिश नहीं हुआ तो किसानों के समक्ष भूखमरी की स्थिति बन जायेगी। किसान के पास जो भी था उससे खेती का कार्य कर दिए, जिससे उनके सामने विकट



परिस्थितिया उत्पन्न हो गयी है। सरकार जल्द कोई ठोस कदम उठाते हुए किसानों को मदद करे।

**किसानों को पिछले वर्ष की तरह सुखाड़ का भय :** पिछले वर्ष प्रखंड में प्रर्याप्त वर्षा नहीं होने से किसान सुखाड़ की चपेट में थे। किसान कर्ज लेकर बीज की बोवाई किए थे। लेकिन बारिश नही होने से बिछड़ा का रोपाई तक नही हुआ था। किसान इस साल भी कर्ज लेकर बीज बोवाई किए है। लेकिन इस वर्ष भी किसानो को बारीश ने धोखा दे दिया है। जिससे किसानों की कमर टूट गया है। पिछले साल की भयानक मंजर को अभी तक किसान भूले नहीं है। किसान आपस मे यही चर्चा करने लगे हैं कही प्रखंड की हालत पिछले साल वाला ना हो जाए। अगर ऐसा हुआ तो कर्ज कैसे चुकता करेंगे तथा परिवार का भरण पोषण कैसे होगा।कई किसान तो अब मजदूरी करने अन्य प्रदेशों में पलायन को विवश हो रहें हैं। सरकार अबतक कोई ठोस कदम नही उठाया है।

**प्रखंड के किसान क्या कहते हैं :** मझिगावां के किसान जितेंद्र प्रसाद यादव, मझिगावां के किसान विनय दुबे, अनिल कुमार गुप्ता, सतीश राम, कृष्णा राम, सतेंद्र यादव, रवि हुसैन, सुकन राम, वीरेंद्र विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा, कुलदीप सिंह सहित कई लोगों ने बताया प्रखंड में प्रर्याप्त बारिश नहीं हुआ। बारिश नहीं होने से किसानों की धान की रोपनी कम हुई। साथ ही मक्का, तिल, अरहर आदि फसल बारिश नहीं होने से प्रभावित हो रहा है। किसान पास पड़ोस से कर्ज लेकर खेत में बीज की बोवाई तथा खेतो की जोताई कराए हैं। साथ ही बताया पिछले वर्ष भी प्रखंड के किसान कर्ज लेकर बीज की बोवाई किए थे लेकिन बारिश नहीं होने से सुखाड़ हो गया था। कुछ दिनों में किसानों के समक्ष भूखमरी की स्थिति बनने वाली है। सरकार जल्द कोई ठोस कदम उठाते हुए किसानों को मदद करे।

**जनप्रतिनिधि क्या कहते हैं :** 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक ने कहा प्रखंड में 7 से 10 हजार एकड़ में किसान खेती करते हैं। वहीं प्रखंड में 80 से 85 प्रतिशत किसानों का परिवार का भरण पोषण खेती से होती है। बारिश नहीं होने से किसानों की धान की रोपनी नहीं के बराबर हो पाई है। जिन किसानों की धान की रोपनी हुई थी अब सूखने लगी है। जिला प्रशासन किसानो के बीच राहत कार्य चलते हुए किसानों को मदद करे। इसके लिए जल्द उपायुक्त से मिलेंगे।

### अपराधियों का गिरोह है, जेएलटी संगठन के नाम पर कर रहा भयादोहन : एसपी

# आगजनी-मारपीट में पांच गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) द्वारा संचालित तुबेद कोल माइंस के कांटा घर में आगजनी तथा सिक्यूरिटी गार्ड व अन्य कर्मियों के साथ मारपीट की गई थी। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को पकड़ कर जेल भेज दिया है। मारपीट की घटना गत 20 अगस्त की रात की है। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने प्रेस वार्ता में बताया कि आरोपियों ने लेवी की मांग को लेकर घटना को अंजाम दिया था। उनके पास से कई हथियार बरामद किये गये हैं।



### इन्हें किया गिरफ्तार

पुलिस ने इस मामले में चंदन कुमार यादव, पिता स्व. प्रवीण यादव (अंबाझारन, लातेहार), दिलीप यादव, पिता फुलदेव यादव (लेजांग, बालूमाथ), दीपेंद्र उरांव पिता सुजन उरांव (टेमकी, लातेहार), उमेश कुमार यादव, पिता अजय यादव (टेमकी, लातेहार) व गुड्डू उरांव उर्फ विष्णदेव उरांव, पिता स्व. मोहरा उरांव (बालू,बालूमाथ) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 3.15 बोर का एक देसी कट्टा, एक एयर गन, .315 बोर का एक गोली, एक खोखा, एक चितकबरा वर्दी और एक सिम लगा मोबाइल बरामद किया है। बता दें कि गत 20-21 अगस्त की मध्य रात्रि तकरीबन दो बजे हथियारबंद अज्ञात अपराधियों ने तुबेद कोल माइंस पर धावा बोल दिया था। अपराधियों ने माइंस के कंप्यूटराइज कांटा घर में आग लगा दी थी। कांटा घर में तैनात सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर व अन्य सहयोगियों के साथ मारपीट की थी। इस मामले को लेकर लातेहार थाना में केस दर्ज किया गया था। एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम गठित की गई थी। टीम ने लातेहार, बालूमाथ, चंदवा थाना क्षेत्र के कई संभावित इलाकों में सघन छापेमारी अभियान चलाकर इन पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया।

### जिम्मेदारी ली थी

अपराधियों ने घटना स्थल पर पर्चा छोड़ कर घटना की जिम्मेदारी ली थी। जेएलटी (झारखंड लाल टाइगर) नामक एक संगठन के लेटर पैड पर हस्तलिखित पर्चे में अपराधियों ने इस घटना की जिम्मेदारी ली थी। पर्चे में कहा गया था कि बिना संगठन से मैनेज किये कार्य करने का यही अंजाम होगा। हालांकि पूछे जाने पर एसपी अंजन ने कहा कि यह एक अपराधियों का गिरोह है जो भय फैलाने के लिए इस कांड को अंजाम दिया है। उन्होंने कहा कि जेएलटी संगठन का आज से 10-15 साल गुमला व खूंटी जिले में प्रभाव था, लेकिन आज इसका कोई प्रभाव नहीं है। पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आरोपियों का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्रा, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, बालूमाथ पुलिस अंचल निरीक्षक शशि रंजन कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक दिवाकर धोबी, मोहम्मद शाहरुख, गौरव सिंह, देवानंद कुमार, राज रोशन सिन्हा, रोहित कुमार महतो व थाना के जवान शामिल थे।

# व्यापार मंडल का चुनाव संपन्न निर्विरोध अध्यक्ष बने विजय गिरी

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**
शुक्रवार को विशेष आमसभा के माध्यम से व्यापार मंडल सहयोग समिति टंडवा के प्रबंधकारिणी समिति का निर्वाचन संपन्न हो गया। निर्वाचन पदाधिकारी सह सहकारिता प्रसार पदाधिकारी हंटरगंज अनिल कुमार गुप्ता द्वारा निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष विजय गिरी व प्रबंधकारिणी सदस्यों जितेन्द्र नायक, नत्थु गुप्ता, मंगलदेव सिंह, कृष्णा उरांव, विजय पांडेय, निर्मल घांसी, मुकेश महतो तथा विजय पाठक को संबंधित प्रमाण-पत्र सौंपा गया। वहीं लोगों ने खुशी जाहिर करते हुये विजेताओं को बधाई दी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, 20सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, संजय पांडेय मौजूद थे।



## अघोषित कटौती से परेशान उपभोक्ता आज करेंगे विद्युत कार्यालय का घेराव

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों में उमस वाली गर्मी के साथ विद्युत व्यवस्था को लेकर आम जनता परेशान है। एक ओर भीषण गर्मी से लोगो का हाल बेहाल है। वहीं नाम मात्र किबिजली आपूर्ति होने से प्रखंड के उपभोक्ता परेशान व त्रस्त हैं। वहीं खानापूर्ति के लिए हो रही बिजली आपूर्ति में लो वोल्टेज से भी प्रखंड के उपभोक्ता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड में विद्युत की लचर विद्युत व्यवस्था में सुधार लाने हेतु प्रखंड के दुकानदारों ने सर्वसम्मति से निर्णय कर शनिवार को दोपहर विद्युत कार्यालय का घेराव का निर्णय लिया। कार्यक्रम से पूर्व शुक्रवार को व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष दीपक राज के नेतृत्व में प्रखंड के दुकानदारों ने विद्युत कार्यालय घेराव को लेकर मांग पत्र विद्युत कार्यालय में उपस्थित विद्युत कर्मी को सौंपा। वहीं विद्युत कार्यालय घेराव को लेकर अधिक से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गयी।

# ट्रेन के बोगी के ऊपर गिरा ओएचई हाईटेंशन वायर

### लगभग दो घंटे तक बाधित रहा परिचालन



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
बरकाकाना-बरवाडीह सीआईसी सेक्शन अंतर्गत चेटर रेलवे स्टेशन के समीप गुरुवार रात बीडीएस सवारी गाड़ी के बोगी के ऊपर ओएचई हाईटेंशन वायर टूट कर गिर गया। वायर के बोगी पर गिरने से बीडीएम पैसेंजर ट्रेन लगभग 2 घण्टे तक चेटर स्टेशन पर खड़ी रही जिससे उक्त लाइन पर रेल आवागमन लगभग दो घंटे तक बाधित रहा। रेल प्रशासन के प्रयास से लगभग दो घंटे बाद परिचालन सामान्य हो पाया। इस दौरान यात्री अपने आप को असुरक्षित महसूस करते रहे। दुर्घटना में किसी प्रकार की कोई नुकसान की खबर नहीं है। इस संबंध में स्टेशन मास्टर ने कहा कि वायर कैसे गिरी यह पता नहीं चल पाया है लेकिन सूचना मिलते ही वायर को दुरुस्त कर उक्त लाइन पर आवागमन सुचारु रूप से चालू कर दिया गया है।

### मवेशी को बचाने के प्रयास में ट्रक पलटा

**मनिका।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 39 में डिग्री कॉलेज के समीप मवेशी के बचाने प्रयास में कंटेनर ट्रक पलटा। ट्रक पलट जाने से ट्रक चालक का काफी चोटें आयीं। ग्रामीणों के सहयोग से कंटेनर ट्रक चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहीं डॉक्टरों के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। ट्रक चालक शुभम कुमार ने बताया कि हम नोएडा से जमशेदपुर जा रहे थे। जाने के क्रम में मनीका डिग्री कॉलेज के समीप अचानक मवेशी सड़क में आ जाने से गाड़ी का संतुलन खराब हो जाने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

## लोध फॉल जाने वाली मुख्य सड़क टूटने लगी



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
प्रखंड में झारखंड के सबसे प्रसिद्ध एवं राज्य का सबसे उंचा जलप्रपात लोध फॉल घूमने साल भर पर्यटक आते हैं, जहां पथ निर्माण विभाग से 2019 में करोड़ों रुपये की लागत से बिरसा चौक से लोध फॉल तक 17 किम टू लेन काली सड़क का निर्माण कराया गया, जिसमें अनियमितता बरती गई। निर्माण गुणवत्तापूर्ण नहीं होने के कारण शिवनगर स्थित नकटी नदी पुल के पास सड़क टूटने लगी है, इसके साथ सड़क दुर्घटना की संभावना बढ़ गई है। आस-पास के ग्रामीण कहते हैं कि बारिश होने पर जब पानी गड्ढे में भर जाता है, तब कई बार पर्यटकों की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त होते हुए बाल-बाल बची है। सनद रहे कि अगर सड़क की मरम्मत नहीं होती है तो कोई बड़ी सड़क दुर्घटना घट सकती है।

## हिंदुस्तान क्लब नावाडीह ने नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट पर किया कब्जा

**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा**
पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत नावाडीह में रक्षाबंधन पर आयोजित जिला स्तरीय हिंदुस्तान नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में हिंदुस्तान क्लब नावाडीह ने बारीसाखी को 2-0 से पराजित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सिमरिया एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी, जिला परिषद रामसेवक दांगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष बिनोद दांगी उपस्थित थे। आयोजनकर्ता समाजसेवी रामचंद्र दांगी ने बताया कि इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। इसमें तृतीय पुरस्कार के लिए स्टार क्लब संघरी की टीम ने कुब्बा को हराया। मंडल अध्यक्ष विनोद दांगी ने 1501 रुपये और शील्ड देकर सम्मानित किया। वहीं मुख्यअतिथि अशोक प्रियदर्शी ने विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 5001 रुपये और शील्ड देकर सम्मानित किया। वहीं उप विजेता बारीसाखी की टीम को जिला परिषद ने 3001 रुपये और शील्ड देकर सम्मानित किया। अच्छा प्रदर्शन करने वाले बारीसाखी के राजू कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। रेफरी प्रवील प्रसाद को मेडल देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट को सफल बनाने में जनार्दन कुमार, पवन कुमार, विशाल कुमार, पंकज कुमार, लक्ष्मण कुमार, आरडीएस प्राभेट कंट्रक्शन राजेश दांगी, अमित कुमार व अन्य की अहम भूमिका रही।



## पंचायत कार्यकारिणी समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**
गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को पंचायत कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख अनीता यादव व संचालन बीडीओ संजीत कुमार सिंह ने किया। बैठक में उपप्रमुख प्रीतम यादव व विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित समिति सदस्यों ने विकास योजनाओं में गड़बड़ी पर कई सवाल खड़ा किये। प्रमुख व उपप्रमुख ने प्रखंड में 15वें वित से संचालित आदि योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान प्रमुख व उपप्रमुख ने प्रखंड समन्वयक सीताराम पर मनमानी तरीके से योजनाओं का संचालन करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कई योजनाएं धरातल पर नहीं है। कई योजनाएं पंचायत कार्यकारणी में नही होने के वावजूद नाम जोड़कर कार्य किया गया है। मामले को संज्ञान में लेते हुए बीडीओ संजीत कुमार सिंह ने प्रमुख व उप प्रमुख को लिखित शिकायत करने की बात कही। बीडीओ ने कहा कि योजनाओं में अनियमितता पायी जाती है तो संबंधित कर्मी पर कार्रवाई की जायेगी। बैठक में पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी आदि मौजूद थे।



### बीडीओ ने की पशुधन योजना की समीक्षा

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय में बीडीओ संजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को मुख्यमंत्री पशुधन योजना की समीक्षा बैठक हुई, जिसमें पशुपालन विभाग के कर्मियों से मुख्यमंत्री पशुधन योजना की बारी-बारी से पंचायत वार समीक्षा करते हुए बीडीओ ने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप जल्द ही सूची को जांच कर भेजें। बैठक में विभाग के डॉक्टर सूरज कुमार, जिला परिषद सदस्य अनीता देवी, प्रमुख अनीता यादव, मनोज कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## प्रेस-क्लब गठन व पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग को लेकर बैठक

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड के करमा चौक में प्रखंड के पत्रकारों की बैठक की गई, जिसमें सर्वप्रथम लोकतंत्र के चौथे-स्तंभ पर हो रहे हमले और पत्रकारों की हत्या पर गहरा दुख व्यक्त व्यक्त किया गया। बैठक में जिन राज्यों में पत्रकारों पर हमले और हत्या की जा रही है, उन सरकारों से त्वरित करवाई करते हुए फास्ट-ट्रैक कोर्ट में सजा दिलाने की मांग की गई। इसके साथ ही प्रखंड प्रेस क्लब का गठन करने, पत्रकार सुरक्षा कानून व पत्रकार सुरक्षा बीमा मांग योजना,लागू करने संबंधी मांग-पत्र राज्यपाल के नाम बीडीओ को आवेदन सौंपने का निर्णय लिया। फर्जी पत्रकारों को चिन्हित कर प्रखंड प्रशासन द्वारा विधिसम्मत कार्रवाई करने की मांग की गई।

### पैक्स अध्यक्ष चुनाव की तैयारी में जुटे लोग

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र के तेलियाडीह पैक्स अध्यक्ष के चुनाव को लेकर विभागीय पत्र जारी किया गया है। विभागीय पत्रांक 426 के अनुसार 4 सितंबर को नामांकन दाखिल, नामांकन पत्रों की जांच व सूची प्रकाशन, 5 सितंबर को नामांकन पर आपत्ति तथा निष्पादन व चिन्हों का आवंटन, 14 सितंबर को मतदान किए जाएंगे।

## शहीद जगदेव प्रसाद के शहादत दिवस को ग्रामीणों ने की बैठक

**गिद्धौर(चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित चौक में शुक्रवार को शहीद जगदेव प्रसाद के शहादत दिवस मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता मनोज कुमार वर्मा व संचालन प्रदीप कुमार ने किया। लोगों ने शहीद जगदेव प्रसाद के शहादत दिवस मनाने का निर्णय लेते हुवे उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शहीद जगदेव प्रसाद ने कहा था कि सौ में शोषित नब्बे भाग हमारा है, दस का शासन नहीं चलेगा। साथ ही और भी कई अहम जानकारी देने के साथ उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। शहादत दिवस आगामी 5 सितंबर को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित कौलेश्वरि मंदिर परिसर में मनाने का निर्णय लिया गया।


### कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा
पाण्डेय गणपत राय भवन, प्रथम तल्ला, समाहरणालय परिसर, लोहरदगा
Email- mdmloh@rediffmail.com
lohardagamdm@gmail.com

**सूचना**

सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रॉंची के संकल्प संख्या 1145 दिनांक 18.07.2019 एवं प्रारम्भिक शिक्षक प्रोन्नति नियमावली, 1993 के आलोक में दिनांक 31.12.2022 तक जिले में कार्यरत एवं योग्यताधारी शिक्षकों की औपबंधिक मास्टर वरीयता सूची पर आपत्ति आमंत्रण से संबंधित आवश्यक सूचना।

सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, सरकार के ज्ञापांक 100 दिनांक 08.02.2023 के द्वारा राज्य के सभी जिलों में शिक्षक प्रोन्नति पर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। उक्त आदेश के आलोक में कार्यालय में उपलब्ध आँकड़ों के आधार पर औपबंधिक मास्टर वरीयता सूची तैयार की गई है, जिसे लोहरदगा जिले के अधिकारिक बेवसाईट https://lohardaga.nic.in पर प्रकाशित किया गया है।

उपरोक्त औपबंधिक मास्टर वरीयता सूची प्रारम्भिक शिक्षक प्रोन्नति नियमावली, 1993 एवं सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रॉंची के संकल्प संख्या 1145 दिनांक 18.07.2019 के प्रावधानों के आलोक में तैयार की गई है। सूची निर्माण के क्रम में लिपिकीय एवं टंकन भूल के कारण निम्न गलतियाँ संभव है :-

1. शिक्षक के नाम के सामने अंकित विभिन्न कॉलमों में अंकित आँकड़ों में गलती रहना।
2. शिक्षक के नाम के सामने अंकित कॉलम का रिक्त रहना।
3. औपबंधिक मास्टर वरीयता सूची में किसी शिक्षक का नाम नहीं रहना।
4. औपबंधिक मास्टर वरीयता सूची में अन्य त्रुटियाँ, आदि।

उपरोक्त तथ्यों को दृष्टिपथ में रखते हुए इस सूचना के माध्यम से संबंधित सभी शिक्षकों से अनुरोध किया जाता है कि संकलित आँकड़ों में यदि कोई गलती रह गई हो तो उस संबंध में दिनांक 12.09.2023 के अपराह्न 5.00 बजे तक साक्ष्य के साथ आपत्ति सीधे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध करना सुनिश्चित करेंगे। औपबंधिक मास्टर वरीयता सूची में यदि किसी शिक्षक का नाम अंकित नहीं है तो वे प्रकाशित सूची अनुसार विहित प्रपत्र में आवेदन कार्यालय को साक्ष्य के साथ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

जिला शिक्षा अधीक्षक
लोहरदगा

PR 305964 Lohardaga (23-24)_D



### जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार

**सूचना**

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांकः-09-09-2023

व्यवहार न्यायालय, लातेहार में निःशुल्क, सुलभ एवं त्वरित न्याय के लिए

विदित हो कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के तत्वावधान एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), रॉंची के निर्देशन में **जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार** के द्वारा **दिनांक 09.09.2023** दिन शनिवार समय 11.00 बजे पूर्वाहन से **व्यवहार न्यायालय, लातेहार के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत** का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नलिखित मामलों का निष्पादन किया जाएगा। आप सभी आमजनों से अनुरोध है कि **दिनांक 09.07.2023** से जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अंतर्गत विभिन्न बेंचों द्वारा शुरू किए गए **"पूर्व राष्ट्रीय लोक अदालत कॉन्सिलिएशन बैठक"** में अपने मामलों का निष्पादन हेतु स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से सूचीबद्ध करा सकते है, जिससे आपके मामलों का निष्पादन दिनांक **09.09.2023** को **राष्ट्रीय लोक अदालत** में हो सके।

उक्त **राष्ट्रीय लोक अदालत** में निम्नलिखित प्रकार के मामलों का निष्पादन किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| 1. सभी प्रकार के दीवानी मामले | 9. विद्युत विभाग से संबंधित मामले |
| 2. सुलहनीय अपराधिक मामले | 10. वन विभाग से संबंधित मामले |
| 3. बैंक सर्टिफिकेट केस | 11. माप तौल विभाग से संबंधित मामले |
| 4. वैवाहिक पारिवारिक मामले | 12. चेक बाउन्स से संबंधित मामले |
| 5. श्रम संबंधित मामले | 13. विवाद पूर्व निस्तारण योग्य मामले |
| 6. भू-अधिग्रहण से संबंधित मामले | 14. उत्पाद विभाग के मामले |
| 7. राजस्व संबंधित मामले | 15. अंतिम प्रपत्र से संबंधित वाद |
| 8. वाहन दुर्घटना से संबंधित मामले | 16. उपभोक्ता फोरम से संबंधित मामले एवं अन्य सुलहनीय मामले |

अतः सामान्य जनता एवं समस्त वादकारीगण एवं संबंधित पक्षकारों से अनुरोध है कि वे अपने उपरोक्त वर्णित मामलों से संबंधित वादों को उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादित करा कर लाभ उठावे तथा इसे सफल बनायें।

(अंजनी अंजन)
पुलिस अधीक्षक-सह-सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
लातेहार।

(हिमांशु मोहन)
उपायुक्त-सह-उपाध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार
लातेहार।

(अखिल कुमार)
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-
सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
लातेहार।

नोटः-उक्त **राष्ट्रीय लोक अदालत** के संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस को व्यवहार न्यायालय परिसर, लातेहार में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार के कार्यालय में उपस्थित होकर या दूरभाष सं0 8987736366 से सम्पर्क कर सकते हैं।

निवेदक
(स्वाति विजय उपाध्याय)
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,लातेहार

PR 305966 Law(23-24).D


### पहल | मंदिर निर्माण होने से लोगों के बीच काफी उत्साह

# ग्रामीणों की मदद से बन रहा शिव मंदिर

**नवीन मेल संवाददाता। मनिका**
प्रखंड मुख्यालय स्थित सिंजो पंचायत के बाड़ी गांव में गांव वासियों के द्वारा शिव मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। वहीं गांव में मंदिर निर्माण होने से लोगों के बीच काफी उत्साह का माहौल है।

नए बन रहे मंदिर का कमेटी का भी गठन कर लिया गया है। कमेटी के सदस्यों ने कहा की हमारे गांव में शिव मंदिर नहीं रहने के कारण पूजा अर्चना करने में बहुत कठिनाई और बहुत दूर जाना पड़ता था। अब मंदिर बन जाने से हम गांव वालों को कहीं जाने का जरुरत नही पड़ेगा। उन्होंने ये भी कहा की हम सभी गांव वालों को मिल - जुलकर बनाने का संकल्प लेंगे। पुरोहित अखिलेष पाठक ने वैदिक मंत्रोचार के साथ बन रहे मंदिर का भूमी पूजन कराया। उसके बाद काम प्रारंभ किया गया। मौके पर नागेंद्र सिंह, रामकेवल सिंह, संजय सिंह, बंधन सिंह,अभिषेक कुमार सिंह, रामचंद्र सिंह, सकेंद्र सिंह, जितेन्द्र सिंह, दीपू सिंह, झठन सिंह, दिनेश सिंह, उमेश कुमार, नितेश कुमार, कृष्णा सिंह, बादल सिंह, मिट्ठू भुईयां, चिंटू भुईयां मौजूद थे।



### सड़क दुर्घटना में 4 वर्षीय बच्चा सहित दंपती घायल

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के बघमरी मोड़ के समीप अनियंत्रित हो बाइक चालक ने सड़क के किनारे महुआ पेड़ में जोरदार टक्कर मार दिया।जिससे पति-पत्नी व एक 4 वर्षीय पुत्र गम्भीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की ततपरता से घायल तीनो को स्थानीय क्लीनिक बघमरी में इलाज के लिए ले गए। घायलों में कटकमदाग थाना क्षेत्र के बेन्दी उदयपुर गांव निवासी बिनोद गंझु व पत्नी सावित्री देवी व 4 वर्षीय पुत्र शामिल है। दंपती पुत्र के साथ चतरा सदर थाना क्षेत्र के कच्चा मुक्तमा अपने रिस्तेदार के घर से बेंदी उदयपुर अपने घर लौट रहे थे, तभी बघमरी मोड़ के समीप बाइक अनियंत्रित हो सड़क किनारे महुआ के पेड़ में टक्कर मार दिया, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

# इडीसी एक गोल से जीतकर बना फुटबॉल चैंपियन



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
डायमंड क्लब सेन्हा द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय स्थित बेसिक उच्च विद्यालय के खेल मैदान में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन किया गया। इस टूर्नामेंट में 24 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच इडीसी टीम और मिलीजुली भाई भाई के बीच खेला गया, जिसमें एक गोल से जीत दर्ज कर इडीसी फुटबॉल क्लब ने खिताब पर कब्जा जमाया। प्रभारी थाना प्रभारी एस आई गणेश कुमार यादव ने कहा कि जो खिलाड़ी खेल को खेल की भवना और अनुशासन के साथ खेलता है वह वह भविष्य में अच्छा खिलाड़ी बनता है। आज के समय में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल में अच्छा भविष्य है। खेल के माध्यम से खिलाड़ी आगे बढ़ने का निरंतर प्रयास करें और भविष्य को उज्ववल बनायें। मौके पर मुख्य अतिथि प्रभारी थाना प्रभारी एस आई गणेश कुमार यादव के अलावे अजय सोनी, तबारक हुसैन, रवि कुमार, नंदकिशोर शुक्ल, मुकेश महतो, दिनेश साहु, दिलीप कुमार उज्ववल शुक्ला, महेश यादव, अंकित साहु, सौरभ साहु आदि उपस्थित थे।

# करमा पर्व पूर्व संध्या कमेटी के अध्यक्ष केश्वर उरांव और मनीष बने सचिव



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
प्रखंड क्षेत्र के बुटी पंचायत अन्तर्गत कण्डरा स्थित आदिवासी कला सांस्कृति केंद्र भवन में करमा पर्व पूर्व संध्या मनाने को लेकर बैठक आयोजित की गयी। जय सरना लुड़कुड़िया स्कूल मैदान में करमा पर्व पूर्व संध्या मनाने को लेकर चर्चा करते हुए आयोजन कमेटी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष केशवर उरांव, सचिव मनीष उरांव तथा सुनीता उरांव को उपाध्यक्ष और विजय उरांव को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

वहीं सचिव मनीष उरांव ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 सितंबर बुधवार को कंडरा स्थित जय सरना लुड़कुड़िया स्कूल के मैदान में करमा पर्व पूर्व संध्या का आयोजन किया जाना है, जिसमें प्रखंड क्षेत्र के सभी गांवों से परंपरा अनुसार आदिवासी वेश भूषा में खोड़हा दल को आमंत्रित किये जाने पर चर्चा की गयी। साथ ही कहा कि असिवसी रीति रिवाज के अनुसार गीत, संगीत, बादन और नृत्य में अच्छे खोड़हा दल को पुरस्कृत किया जायेगा। मौके पर केश्वर उरांव, मनीष उरांव, देवकी उरांव, सुनीता उरांव, जय तिर्की, सुमती उरांव, विजय उरांव, लीलमनी उरांव, फूलदेव उरांव, जयदीप उरांव सहित सैकड़ों आदिवासी लोग उपस्थित थे।

## ट्रांसफार्मर के काम नहीं करने से बढ़ी परेशानी

# बिटपी गांव में कई दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
बिटपी गांव के एक ट्रांसफार्मर की कवायल की चोरी हो गई है, जबकि दूसरे ट्रांसफार्मर खराब पड़ा हुआ है। इसके कारण बिटपी गांव के ग्रामीण एवं उत्क्रमित प्लस टू विद्यालय बीटपी के छात्रों के समक्ष भारी परेशानी बनी हुई है।

उत्क्रमित प्लस टू विद्यालय बीटपी में पढ़ने वाले 1100 बच्चों को पीने का पानी सहित मध्यान भोजन के लिए डीप बोरिंग से पानी ली जाती है। डीप बोरिंग में लगा मोटर बिजली से संचालित होता है. पिछले एक सप्ताह से एक ट्रांसफार्मर की कवाल की चोरी हो गई है, दूसरे ट्रांसफार्मर पहले से खराब है, जिसके कारण बिजली आपूर्ति विद्यालय सहित गांव में भी बाधित है। बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण विद्यालय सहित गांव में समस्या बनी हुई है। बिजली आपूर्ति नहीं होने के कारण उत्क्रमित प्लस टू विद्यालय बीटपी का मध्यान्ह भोजन संचालक सहित बच्चों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है। बच्चे पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं।

इसके साथ ही बिट्टपी गांव के 500 आबादी के लोगों को भी पानी की समस्या झेलनी पड़ रही है। उत्क्रमित प्लस तू विद्यालय बीटपी के प्रधानाध्यापक अजय तिर्की ने बताया कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को पानी की समस्या झेलनी पड़ रही है। विद्यालय में डीप बोरिंग है परंतु ट्रांसफार्मर खराब रहने के कारण पानी नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में गांव के ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग के द्वारा विद्यालय एवं ग्रामीणों की समस्या पर ध्यान नहीं दी जा रही है, जबकि ग्रामीणों के द्वारा बिजली विभाग को लिखित आवेदन देकर बिजली आपूर्ति सुचारु करने की मांग की गई है।

## संक्षिप्त

### सेवा भारती का स्वास्थ्य जांच शिविर कल

**लोहरदगा।** सेवा भारती के द्वारा 1 जून 2022 से लगातार प्रत्येक सप्ताह चल रहे निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के 64वें सप्ताह रविवार को सुबह 7:30 से 8:30 तक स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा, जिसमें की हड्डी व नस के विशेषज्ञ एवं जनरल फिजिशियन डॉक्टर मृत्युंजय कुमार उपस्थित होकर चेकअप करेंगे। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह निशुल्क शिविर में शुगर, बी.पी, वजन, ऑक्सीजन लेबल, हार्टबीट की जांच के अलावा डॉक्टर के द्वारा चेकअप की जाती है। कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी है शरीर ठीक तो है सब कुछ अच्छे लगते हैं नहीं तो सब बेकार। इसलिए स्वस्थ रहिए मस्त रहिए और सभी से अपील की है कि इस शिविर में समय पर आकर अपना चेकअप कराएं।

### इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की वर्षगांठ मनाई गई

**लोहरदगा।** इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक लोहरदगा शाखा ने शुक्रवार को मुख्य डाकघर लोहरदगा में अपना पांचवां वर्षगांठ मनाया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर डाक निरीक्षक भूषण कुमार उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में समस्त डाक कर्मचारी एवं ग्राहकजनों को वर्षगांठ की बधाई दी गई । कार्यक्रम में विभाग के मुख्य जन कल्याणकारी योजनाएं जैसा है कि आधार सीडेड बचत खाता, बीमा, आधार,ऋण इत्यादि से संबंधित जानकारी ग्राहकों से साझा की गई। कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक रवि कुमार,अध्यक्ष गुमला प्रमंडल लोहरदगा राधेश्याम प्रजापति, उप डाकपाल उपेन्द्र प्रसाद साहू, रामशरण साहू, इरफान, सुधा सिंह, नूतन राम,एवं सभी डाक कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्वच्छता कार्यक्रम के तहत की गयी शपथ ग्रहण

**कैरो।** प्रखंड मुख्याल स्थित डॉ. अनुग्रह नरायण उच्च विद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को शपथ ग्रहण किया गया।1सितंबर से 15 सितंबर तक सभी विद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है जिस में मुख्य रूप से विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं को महावारी से सबंधित जानकारी एवं विद्यालय की साफ सफाई सहित अपने टोला मुहल्ला को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करना है।विद्यालय के प्रधानध्यापक गणेश कुमार शास्त्री ने कहा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय के बाल संसद,विधालय प्रबंधन समिति,ग्रामपंचायत प्रतिनिधि व शिक्षक,शिक्षिका सभी कार्यक्रम में अपना योगदान देंगे तभी स्वच्छता पखवाड़ा के तहत निर्धारित उद्देश्य सफल होगा।

### वेद प्रचार अभियान के दूसरे दिन हवन अनुष्ठान

**लोहरदगा।** आर्यवीर दल झारखंड प्रदेश एवं आर्य समाज शांति आश्रम लोहरदगा के संयुक्त तत्वावधान में अष्टदिवसीय वेद प्रचार अभियान के दूसरे दिन शुक्रवार को ग्राम हेंडलासो में हवन का अनुष्ठान किया गया। मौके पर यज्ञ के वैदिक विदुषी डॉक्टर प्रतिभा शास्त्री के नेतृत्व में यज्ञ अनुष्ठान संपन्न हुए। गुरुकुल के ब्रह्मचारी गण भजन के माध्यम से संस्कृत, संस्कृति एवं संस्कार को भजन के माध्यम से प्रदर्शित किया। यज्ञ संयोजिका के रूप में आर्य वीरांगना दल की रेखा कुमारी सक्रिय रही। जिनका मार्गदर्शन आचार्य संरक्षण आर्य आचार्य गणेश कुमार शास्त्री ने किया। सहयोगी की भूमिका में रामनारायण राम, मुन्ना राम, सीता देवी, रामविलास महली, बुधराम उरांव आदि उपस्थित रहे। मौके पर समाजसेवी लाल नवल किशोर नाथ शाहदेव ने सबों का मार्गदर्शन किया एवं वैदिक रीति रिवाज वैदिक मंत्रों के माध्यम से यज्ञ अनुष्ठान के आयोजन को श्रेष्ठतम विधि बताया। वेद हमारी प्राचीन धरोहर है। इसे अच्छुन्न बनाए रखने के लिए आर्य समाज द्वारा श्रेष्ठ सेवा आचार्य शरचचंद्र आर्य एवं उनके टीम के द्वारा निरंतर दी जा रही है, जिससे सुदूर क्षेत्र के बच्चे शामिल होकर लाभान्वित हो रहे हैं। उन्हें शिक्षा एवं संस्कारों से श्रेष्ठ बनाया जा रहा है।



### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी कल आएंगे लोहरदगा

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 3 सितंबर को लोहरदगा के समाहरणालय मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उराव ने कहा कि कार्यकर्ता प्रत्येक मतदान केंद्र के मतदान केंद्र समिति के सदस्यों के साथ-साथ इस जनसभा में जनता की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि अल्प समय में लोहरदगा जिला को एक कार्यक्रम मिला है। कार्यक्रम के संयोजक विनय लाल ने कहा जो उत्साह आज यहां देखने को मिल रहा है वहीं उत्साह के साथ कार्यकर्ता लग जाए तो कार्यक्रम सफल होगा। बैठक में मुख्य रूप से बृज बिहारी प्रसाद, प्रवीण सिंह, राज किशोर महतो, राकेश प्रसाद, राजमोहन राम, श्री चंद प्रजापति, लाल नवल नाथ शाहदेव, विनोद राय, बिंदेश्वर उरांव, राजकुमार वर्मा, बाल कृष्णा सिंह, हर्षनाथ महतो, सामेला भगत, नवीन कुमार टिंकू, नीरज नलिन, अनिल उरांव, मीणा बखला, भारती सिन्हा, कलावती देवी आदि उपस्थित रहे।

# संस्कृत भाषा के महत्व व योगदान पर की गयी चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा के प्रांगण में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में संस्कृत भाषा के महत्व, योगदान एवं प्रासंगिकता पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सत्य सनातन धर्म के पुश्तैनी प्रचारक सदानंद रामानुज वैष्णव, आंनद अभिनव पांडे, शिवम खत्री व लक्ष्मी रानी पाठक विद्यालय प्रांगण में आये तथा विद्यार्थियों को देववाणी संस्कृत के इतिहास, वर्तमान प्रासंगिकता तथा भविष्य में प्रयोग की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को संस्कृत के इतिहास से परिचित कराते हुए कहा कि संस्कृत कई भाषाओं की जननी है। भारत भूमि में आदिकाल से ही संस्कृत बोली जाती है। कई भारतीय ग्रंथ संस्कृत में ही रचे गए हैं तथा कंप्यूटर द्वारा भी यह ग्राह्य है। इसके साथ ही अमेरिका की वैमानिकी व अंतरिक्ष अनुसंधान हेतु स्थापित नासा द्वारा भी संस्कृत भाषा की सर्वग्राह्यता को स्वीकार किया गया है। लक्ष्मी रानी पाठक द्वारा संस्कृत में मधुर गीत प्रस्तुत किया गया, जिसकी मधुरता ने सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। डीएवी आरंभ से ही अंग्रेजी भाषा के साथ-साथ वैदिक धार्मिक ग्रंथों के अध्ययन मर्म को समझना हेतु संस्कृत भाषा का ज्ञान तथा उनके प्रचार प्रसार में अपना योगदान देता आया है। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा के गहन अध्ययन तथा प्रयोग हेतु प्रोत्साहित करते हुए सभी प्रचारकों को धन्यवाद ज्ञापन किया।

## पहल | समाजिक बुराइयों को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

# ‘कुरीतियों के बारे में जागरूक रहें और करें’







**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)**
चैनपुर पुलिस के द्वारा मनोरमा सरस्वती शिशु मंदिर चैनपुर में जोहार कोप के तहत स्कूली छात्राओं के बीच सामाजिक बुराइंयों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित चैनपुर थाना से एस आई प्रियंका तिर्की तथा एस आई राजेश कुमार ने जोहार कोप के तहत सामुदायिक पुलिसिंग के रूप में उपस्थित छात्र छात्राओं को अंधविश्वास, नशापान, डायन बिसाही, बाल विवाह, मानव तस्करी जैसी कुरीतियों के बारे में विस्तारपूर्वक बताते हुए जागरूक रहने की बात कही। उन्होंने आगे बताया कि आप सभी लोग अपने शिक्षित होने का फायदा उठाएं। बुरी संगत में न रहें एवं अपने गांव घरों में लोगों को भी जागरूक करने का प्रयास करें। वहीं अभी बरसात का मौसम है। बारिश के साथ-साथ वज्रपात भी होती है इसलिए आप वज्रपात होने पर हमेशा सुरक्षित स्थानों पर रहें, पेड़ के नीचे न रहें। वहीं अभी बरसात के मौसम में सांपों का भी कहर जारी है। अगर आपके आसपास के लोगों को सांप काट लेता है तो आप उसे तुरंत अस्पताल ले जाएं। झाड़ फूंक जैसे अंधविश्वास पर बिल्कुल भी ध्यान न दें। उन्होंने साइबर क्राइम में होने वाले फ्रॉड के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मौके पर एएसआई मदन शर्मा थेन के जवान तथा शिक्षक व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।


झारखण्ड सरकार वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग,
वन प्रमण्डल पदाधिकारी, मेदिनीनगर,
वन प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

आम नीलामी सूचना

सर्व साधारण को एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि मेदिनीनगर वन प्रमण्डल के अंतर्गत राज्यसात वाहनों (जहाँ है, जिस स्थिति में है) की बिक्री दिनांक 22.09.2023 के 11:00 बजे पूर्वाह्न से प्रमण्डलीय कार्यालय प्रांगण, मेदिनीगनर स्थित विज्ञान केन्द्र–सह–सामुदायिक भवन में आम नीलामी द्वारा की जायेगी। किसी भी व्यक्ति को यह आपत्ति हो कि आम नीलामी सूचना में उल्लेखित वाहन संबंधी सुनवाई किसी न्यायालय में विचाराधीन है तो, वे संबंधित मामलें में अपना दावा स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से साक्ष्य हेतु दस्तावेज के साथ कार्यालय अवधि में मेदिनीनगर वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय, मेदिनीनगर में दिनांक 21.09.2023 को 5:00 बजे अपराह्न तक या उसके पूर्व समर्पित कर सकते है। यदि उक्त तिथि तक उल्लेखित राज्यसात वाहनों पर कोई दावा मेदिनीनगर वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय, मेदिनीनगर में समर्पित नहीं किया जाता है, तो यह समझा जाएगा कि उल्लेखित राज्यसात वाहनों की आम नीलामी द्वारा बिक्री करने पर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति नहीं है। नीलामी हेतु राज्यसात वाहनों की सूची, क्रमानुसार विवरणी निम्नांकित है :–

| क्र0 सं0 | सी0एफ0/ कम्पलेन वाद संख्या | वाहन का प्रकार | वाहन का निबंधन संख्या/ इंजन संख्या/चेचिस संख्या | वाहन जहाँ, स्थिति है। |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Com.-2651/2017 | पीकअप भैन | पीकअप इंजन नम्बर A497SP-27 B-C-UZ-8-28872, चेचीस संख्या 37441-SCUZ-9155-15 | चैनपुर प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण में। |
| 2 | CF-47/2015 | मोटर साईकल | JH-03F-9938 | चैनपुर प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण में। |
| 3 | Com.-2343/2017 | ट्रैक्टर, टेलर | ट्रैक्टर संख्या–JH-03P- 5586 टेलर संख्या–JH-03P-8446, | चैनपुर प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण में। |
| 4 | CF-46/2015 | ट्रैक्टर, टेलर | ट्रैक्टर संख्या–JH-03D-3718, टेलर संख्या–शून्य | चैनपुर प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण में। |
| 5 | Com.-2066/2017 | ट्रैक्टर, टेलर | इंजन संख्या– 304912R4, टेलर संख्या–JH-03E-0715 | चैनपुर प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण में। |
| 6 | Com.-625/2017 | टेम्पू | JH-03H-1672 | प्रमण्डलीय कार्यालय प्रांगण में। |
| 7 | Com.-309/2018 | ट्रैक्टर, टेलर | ट्रैक्टर संख्या–BR-24B-3669, टेलर संख्या–शून्य | मोहम्मदगंज प्रक्षेत्र प्रांगण में। |
| 8 | Com.-46/2017 | टेम्पू | JH-03F-7803 | पांकी थाना परिसर में। |
| 9 | Com.-48/2016 | ट्रैक्टर, टेलर | ट्रैक्टर संख्या–JH-03N-8451, टेलर संख्या–JH-03N-6487 | चैनपुर प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण में। |
| 10 | Com.- 1425/2019 | टेम्पू | JH-03Y-9131 | मनातू प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण में। |
| 11 | Com.- 1224/2019 | टेम्पू | JH-03R-5939 | प्रमण्डलीय कार्यालय प्रांगण में। |
| 12 | Com.- 754/2018 | टेम्पू | JH-03E-4093 | प्रमण्डलीय कार्यालय प्रांगण में। |
| 13 | Com.- 221/2018 | ट्रैक्टर, टेलर | ट्रैक्टर संख्या -JH-14B-6630, टेलर संख्या–शून्य | विश्रामपुर वन परिसर कार्यालय प्रांगण में। |
| 14 | Com.- 222/2018 | ट्रैक्टर, टेलर | ट्रैक्टर संख्या–JH-14B-8657, टेलर संख्या–शून्य | विश्रामपुर वन परिसर कार्यालय प्रांगण में। |
| 15 | Com.- 919/2018 | टेम्पू | JH-03D-2601 | छतरपुर पूर्वी प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण में। |
| 16 | Com.- 2410/2018 | ट्रैक्टर, टेलर | ट्रैक्टर संख्या– JH-03G-1150, टेलर संख्या– JH-03G-5613 | मनातू थाना परिसर में। |
| 17 | CF-67/2014 | हाफ डाला ट्रक | इंजन संख्या/चेचीस संख्या संख्या अंकित नहीं है। | चैनपुर प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण में। |
| 18 | Com.- 2789/2017 | ट्रैक्टर, टेलर | ट्रैक्टर संख्या– JH-08F-9427, टेलर संख्या–शून्य | पांकी थाना परिसर में। |
| 19 | Com.- 1260/2018 | ट्रैक्टर, टेलर | ट्रैक्टर संख्या– JH-03K-2259, टेलर संख्या–शून्य | मनातू थाना परिसर में। |
| 20 | Com.- 1218/2019 | ट्रैक्टर, टेलर | ट्रैक्टर संख्या–JH-03M-0985, टेलर संख्या–JH-03M-3690 | पाटन वन प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण में। |
| 21 | Com. 744/2017 | ट्रैक्टर | आइसर ट्रैक्टर 242SQ इंजन नम्बर, 510829938928, चेचीस नम्बर 910810243980, | छतरपुर पश्चिमी प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण मे। |
| 22 | Com.- 2132/2019 | ट्रैक्टर, टेलर | मॉडल संख्या 206 DI SR No.RBT9615 H-6, ट्रैक्टर संख्या– JH-01S-1603, टेलर संख्या–शून्य | छतरपुर पूर्वी प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण में। |
| 23 | CF- 100/2014 | पीकअप भैन | इंजन नम्बर–CUZ825018, चेचीस नम्बर–10520Z819804 | रेहला थाना परिसर में। |
| 24 | Com.- 1902/2019 | पीकअप भैन | JH-01AK-2030 | चैनपुर प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण में। |
| 25 | CF-100/2001 | ट्रक | BR-17-3747 | हुसैनाबाद थाना परिसर में। |
| 26 | Com.- 219/2020 | टेम्पू | JH-03H-6385 | कुन्दरी प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण में। |
| 27 | Com.- 880/2019 | टेम्पू | JH-03N-7031 | चैनपुर प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण में। |
| 28 | Com.- 1733/2019 | ट्रैक्टर, टेलर | ट्रैक्टर संख्या–शून्य, इंजन संख्या– RBT 10115, चेचीस संख्या 005558519R2, टेलर संख्या–शून्य | मनातू थाना परिसर में। |
| 29 | Com.- 2094/2019 | ट्रैक्टर, टेलर | ट्रैक्टर संख्या शून्य, इंजन/चेचीस संख्या–751046R6/5650196, टेलर संख्या–शून्य | मनातू थाना परिसर में। |
| 30 | Com.- 2094/2019 | ट्रैक्टर, टेलर | ट्रैक्टर संख्या शून्य, इंजन संख्या– RHF2D-BN7657, चेचीस संख्या–MBNABADABHRG01027, टेलर संख्या शून्य | मनातू थाना परिसर में। |
| 31 | Com.- 1950/2018 | ट्रैक्टर | ट्रैक्टर संख्या–JH-03K-3020 | लेस्लीगंज थाना परिसर में। |
| 32 | Com.- 2475/2017 | ट्रैक्टर, टेलर | ट्रैक्टर संख्या– शून्य, इंजन संख्या–3100FI92F170871, चेचीस संख्या–HZQSX169826/1A, ट्रेलर संख्या शून्य | चैनपुर प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण में। |
| 33 | Com.- 1018/2020 | ट्रैक्टर, टेलर | ट्रैक्टर संख्या–JH-03T-1216, इंजन संख्या–RHD2EAN4194, चेचीस संख्या MDNABAEXPHRD02285, ट्रेलर संख्या–JH-03T-0846 | कसमार पीकेट में। |
| 34 | Com.- 1167/2020 | ओमिनी | JH-01J-8147 | चैनपुर प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण में। |
| 35 | Com.- 798/2019 | पीकअप भैन | UP-65R-6593 | चैनपुर प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण में। |
| 36 | CF-63/2009 | ट्रैक्टर, टेलर | JH-03D-2132 टेलर संख्या शून्य | चैनपुर प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण में। |
| 37 | CF-83/2009 | ट्रैक्टर, टेलर | इंजन नम्बर Mahendra 275 FF3040912 R/4 | हरिहरगंज वन परिसर में। |
| 38 | CF-109/2011 | कमाण्डर जीप | UP-45-3391 | प्रमण्डलीय कार्यालय प्रांगण में। |
| 39 | CF-35/2012 | मारूति भैन | BEN-9670 | चैनपुर प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण में। |
| 40 | CF-04/2012 | मोटर साईकल | इंजन नम्बर JBUTF15691 | छतरपुर पूर्वी प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण में। |
| 41 | CF-134/2012 | मारूति भैन | PAM-4546 | प्रमण्डलीय कार्यालय प्रांगण मे। |
| 42 | CF-73/2010 | ट्रैक्टर, टेलर | ट्रैक्टर संख्या–JH-14A-2922, टेलर संख्या–शून्य | चैनपुर प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण मे। |
| 43 | CF-35/2011 | टाटा मैजिक | JH-03D-2520 | चैनपुर प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण मे। |
| 44 | CF-73/2010 | ट्रैक्टर, टेलर | ट्रैक्टर संख्या–JH-03B-9158, टेलर संख्या–शून्य | चैनपुर प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण मे। |
| 45 | CF-09/2001 | ट्रैक्टर, टेलर | ट्रैक्टर संख्या–UTQ-3846, टेलर संख्या–शून्य | चैनपुर प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण मे। |
| 46 | CF-75/2010 | ट्रैक्टर, टेलर | ट्रैक्टर संख्या–BHC-609, टेलर संख्या–शून्य | हुसैनाबाद थाना परिसर मे। |
| 47 | CF-85/2013 | टेम्पू | JH-03F-3427 | चैनपुर प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण मे। |
| 48 | CF-84/2013 | मोटर साईकल | CG-15C-9298 | चैनपुर प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण मे। |
| 49 | CF-84/2013 | मोटर साईकल | JH-03C-9669 | चैनपुर प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण मे। |
| 50 | Com.- 1678/2015 | ट्रैक्टर, टेलर | ट्रैक्टर संख्या–JH-03J-4074, टेलर संख्या– JH-03J-0112 | चैनपुर प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण मे। |
| 51 | Com.- 335/2016 | कमाण्डर जीप | OR-14C-6580 | छतरपुर पूर्वी प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण में। |
| 52 | Com.- 1510/2017 | ट्रैक्टर, टेलर | ट्रैक्टर संख्या–JH-03C-5244, टेलर संख्या– शून्य | चैनपुर प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण मे। |
| 53 | Com.- 1910/2017 | ट्रैक्टर, टेलर | ट्रैक्टर संख्या–JH-03H-5620, टेलर संख्या– शून्य | चैनपुर प्रक्षेत्र कार्यालय प्रांगण मे। |

नोट :–
1. विस्तृत सूचना के लिए कार्य दिवस में कार्यालय अवधि के दौरान अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।
2. आम निलामी की शर्तें एवं वाहनों की सूची https://palamu.nic.in एवं https://forest.jharkhand.gov.in के website तथा कार्यालय वन प्रमण्डल पदाधिकारी, मेदिनीनगर वन प्रमण्डल के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
मेदिनीनगर वन प्रमण्डल।

PR 306029 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)D

सलाह के सौ शब्द से ज्यादा अनुभव की एक ठोकर इंसान को ज्यादा मजबूत बनाती है। - अज्ञात



# पर्यावरण व राखी

**रक्षा** बंधन के मौके पर बहन अपने भाइयों को कलाई पर राखी बांध रहीं हैं और उनकी लंबी उम्र की कामना कर रही हैं। लेकिन झारखंड के पलामू का ऐसा शख्स है जो 46 साल से लगातार पर्यावरण को बचाने के मुहिम में जुटा है। यह आदमी पेड़ों को रक्षा सूत्र बांध रहा है। यह व्यक्ति अब तक भारत समेत पांच देशों में 20 लाख से अधिक पेड़ों को रक्षा सूत्र (राखी) बांध चुका है। सचमुच ऐसे व्यक्ति से सभी को सबक लेने की जरूरत है। पर्यावरण बचाकर ही जीवन को सुरक्षित रखा जा सकता है। आज चारो तरफ हाहाकार मचा हुआ है। पेड़ पौधे और जंगल काटे जा रहे हैं। पानी की किल्लत से मारामारी जारी है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति की जागरूकता जरूरी है। यह तभी संभव है जब हमारी संवेदनाओं के तार जागृत होगें। इसे जगाने के लिए कुछ आदर्शों को अपनाने की जरूरत है। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पेड़ लगाना आवश्यक है। लोगों की जागरूकता जरूरी है। ऐसे में कौशल किशोर जायसवाल वनराखी मूवमेंट के प्रणेता हैं। वह अपने इस संकल्प से पर्यावरण को बचाने की मुहिम में जुटे हुए हैं। वे भारत के 102 जिलों के साथ-साथ नेपाल, भूटान, मलेशिया और सिंगापुर में लाखों पेड़ों को रक्षा सूत्र में बांध चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने लोगों को पर्यावरण बचाने के लिए शपथ भी दिलवाई है। 1966 में पलामू का इलाका भीषण अकाल की चपेट में आ गया था। इसकी कहानियां आज भी लोगों की जुबान पर है। कौशल बताते हैं कि उस दौरान वे वाल्य अवस्था में थे। उनके माता पिता बातचीत के दौरान यह कह रहे थे कि जंगल के कटने के कारण अकाल पड़ा है और बारिश कम हो रही है। यही बात उनके बाल मन में घर कर गई थी। कुछ वर्ष बाद उन्होंने अपने गांव में करीब नौ एकड़ में पेड़ लगाया। लेकिन कुछ लोगों ने पेड़ों को काटना शुरू कर दिया। जिसके बाद उन्होंने पेड़ों को बचाने के लिए एक मुहिम शुरू की। स्थानीय महिला और ग्रामीणों को एकजुट कर पेड़ों को राखी बांधने का अभियान शुरू किया। वह वक्त 1977 का था, जब उन्होंने पलामू की धरती से वनराखी मूवमेंट की शुरूआत हुई थी। वे बताते हैं कि पेड़ों को रक्षा सूत्र में बांधने के लिए कई बार ग्रामीणों को समझाने के लिए मेहनत करनी पड़ती है। लेकिन उनकी मेहनत ने असर दिखाया और आज सैकड़ों ग्रामीण इस अभियान का हिस्सा हैं और पर्यावरण को बचाने के मुहिम में जुटे हैं। इसके बाद विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान की भी शुरूआत की। इस कड़ी में भारत समेत कई देशों में 50 लाख से भी अधिक पौधों का वितरण इनके द्वारा किया गया। सीबीएसई और आईसीएसई के क्लास छह के अंग्रेजी के पाठ्यक्रम में कौशल किशोर जायसवाल को शामिल किया गया है। साथ ही उनके द्वारा स्थापित पर्यावरण धर्म मंदिर आज पर्यावरण बचाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस मंदिर में करीब पांच एकड़ जमीन पर 110 देशों के पेड़ पौधों की प्रजातियां लगायी गई हैं। इनमें से करीब तीन दर्जन से अधिक दुर्लभ प्रजाति के पौधे शामिल हैं। ऐसे में पर्यावरण को बचाने के लिए इस कदम की सराहना सभी को करनी चाहिए। साथ इससे प्रेरणा लेकर इस अभियान को गति देने की जरूरत है।

**1966 में पलामू का इलाका भीषण अकाल की चपेट में आ गया था। इसकी कहानियां आज भी लोगों की जुबान पर है। कौशल बताते हैं कि उस दौरान वे वाल्य अवस्था में थे। उनके माता पिता बातचीत के दौरान यह कह रहे थे कि जंगल के कटने के कारण अकाल पड़ा है और बारिश कम हो रही है। यही बात उनके बाल मन में घर कर गई थी।**

# जंगलों में आग की घटनायें जी 20 के माध्यम से प्रत्युत्तर की तैयारी





डॉ. के. रविचंद्रन

**पिछले** कुछ दशकों में जंगलों में आग लगने की घटनाओं में काफी तेजी आई है। इन घटनाओं से कनाडा के बोरियल जंगलों और ब्राजील के अमेजोन के वर्षा वनों जैसे महत्वपूर्ण वैश्विक कार्बन सिंक क्षेत्रों को अत्यधिक नुकसान हुआ है। मालीलैंड विश्वविद्यालय के एक नये अध्ययन में पाया गया कि जंगलों में आग लगने की घटनाओं के कारण अब 2001 की तुलना में, प्रति वर्ष 3 मिलियन हेक्टेयर अधिक वृक्षों को नुकसान हो रहा है, जो पिछले 20 वर्षों में सभी वृक्षों के नुकसान की तुलना में एक-चौथाई से अधिक है। आग की घटनाओं की पुनरावृत्ति, तीव्रता और भौगोलिक प्रसार में इस खतरनाक वृद्धि ने पारिस्थितिक तंत्र पर प्रभाव और मानव गतिविधियों की क्षमता के बारे में चिंताओं को जन्म दिया है। जलवायु परिवर्तन के कारण आग की घटनाओं में वृद्धि हुई है। 150 साल पहले की तुलना में गर्म हवाओं (हीट वेव) की तीव्रता पांच गुना अधिक हो गई हैं। इस प्रकार भूसंरचना का निर्जलीकरण होने से जंगलों में आग लगने की और भी अधिक घटनाओं के लिए अनुकूल वातावरण तैयार होता है। इसके परिणामस्वरूप उत्सर्जन में वृद्धि होती है और जलवायु परिवर्तन का प्रभाव तेज होता है। जलवायु परिवर्तन के कारण भूसंरचना का निर्जलीकरण भी वनों की कटाई में योगदान देता है।

**भारत की स्थिति :** भारत ने अपने क्षेत्र के जंगलों में आग लगने की घटनाओं को लेकर निगरानी प्रणालियों का विस्तार करके विश्व भर में जंगलों में आगजनी के बढ़ते मामलों की रोकथाम की दिशा में पहल की है। भारत के 25 प्रतिशत जंगल आग के प्रति अत्यधिक संवेदनशील हैं, लेकिन केवल 3 प्रतिशत वृक्ष आवरण का नुकसान जंगल की आग के कारण होता है। भारतीय वन सर्वेक्षण ने आगजनी की बड़ी घटनाओं की तत्काल एवं निरंतर निगरानी और ट्रैकिंग के लिए जंगल की आग से संबंधित डेटा को उपयोगकर्ता के अनुकूल इंटरैक्टिव दृश्य प्रदान करने के लिए वन अग्नि जियो-पोर्टल विकसित किया है। यह पोर्टल भारत में जंगल की आग से संबंधित जानकारी के लिए एकल बिंदु स्रोत के रूप में काम करेगा। जंगल की आग का प्रबंधन जल्द ही राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के दायरे में होगा, जिससे जंगल की आग का प्रभावी तौर पर तत्काल प्रबंधन सुनिश्चित हो सकेगा। अधिकारियों की ओर से तकनीकी और नियामक उन्नयन के अलावा जंगल की आग की प्रबंधन रणनीति को प्रभावी ढंग से सुधारने के लिए सामूहिक कार्रवाई के उपायों को अपनाया जा रहा है। संयुक्त वन प्रबंधन (जेएफएम) का उपयोग जंगल की आग की रोकथाम और प्रबंधन में स्थानीय समुदायों को शामिल करने के लिए किया गया है। सुरक्षा और संरक्षण को लेकर गतिविधियों के विस्तार के लिए देश भर में ग्रामीण स्तर पर जेएफएम समितियां स्थापित की गई हैं। वर्तमान में पूरे देश में 36,165 जेएफएम समितियां हैं, जो 10.24 मिलियन हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र को कवर करती हैं। कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले सहित भारत के विभिन्न क्षेत्रों में समुदाय-आधारित अग्नि प्रबंधन से जुड़ी कार्य प्रणालियां लोकप्रियता हासिल कर रही हैं। इन कार्य प्रणालियों में जागरूकता कार्यक्रमों, नुक्कड़ नाटकों, घर-घर अभियान, अग्नि नियंत्रण कक्ष और वॉच टावरों के माध्यम से सामुदायिक भागीदारी और क्षमता निर्माण शामिल है। वन विभाग ने एक वर्ष के भीतर अलर्ट में 5 प्रतिशत से अधिक की कमी का अनुभव किया गया, और जंगल की आग से जले हुए क्षेत्र में 58 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। बांदीपुर टाइगर रिजर्व में, जंगल की आग से प्रभावित क्षेत्रों के पुनरुद्धार संबंधी कार्य को अच्छी तरह से प्रबंधित किया गया है। जिसमें घटिया स्तर का वृक्षारोपण को हटाने की कार्य प्रणालियों को मिट्टी द्वारा सुरक्षित करना और वृक्षारोपण प्रजातियों और वयस्क पेड़ों की कुशल बंडलिंग शामिल है। इससे 12-18 महीनों के भीतर जैव विविधता के घनत्व में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। भारत मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और मौसमी घटनाओं को देखते हुए जंगल की आग के प्रबंधन से निपटने की तैयारी कर रहा है। भारत के पारंपरिक जंगल की आग पर नियंत्रण और इसकी प्रभावशीलता का सम्मान करते हुए, भारत लगातार अपनी पारंपरिक विशेषज्ञता को बढ़ावा दे रहा है और अनेक उपायों को अपना रहा है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप जंगल की आग की घटनाओं और उनसे होने वाले नुकसान में कमी आई है। भारत जंगल की आग पर जल्द से जल्द प्रत्युत्तर देने के लिए स्थानीय समुदाय की ताकत पर भरोसा करते हुए समुदाय-आधारित जंगल की आग के प्रबंधन को प्रोत्साहित करता है। साथ ही, निवारक कार्रवाई और आग की घटनाओं के बाद प्रबंधन संबंधी निर्णय लेने में फील्ड प्रबंधकों की सहायता के लिए आधुनिक तकनीक, जैसे अग्नि चेतावनी प्रणाली, जीपीएस ट्रैक द्वारा वन अग्नि के प्रबंधन और पुनरुद्धार आदि को शामिल किया जा रहा है, ताकि आग की घटनाओं और उनसे होने वाले नुकसान को कम किया जा सके।

**जी20 का महत्व :** जलवायु परिवर्तन पर जंगल की आग के प्रभाव के बढ़ते खतरे को ध्यान में रखते हुए, इस वर्ष जी20 शिखर सम्मेलन में भारत की अध्यक्षता ने जी 20 वैश्विक भूमि पहल को मजबूत करने के लिए 'गांधीनगर कार्यान्वयन रोडमैप (जीआईआर) और गांधीनगर सूचना मंच (जीआईपी)' लॉन्च किया। रोडमैप का उद्देश्य वन अग्नि प्रभावित क्षेत्रों और खनन प्रभावित क्षेत्रों की इकोसिस्टम के पुनरुद्धार संबंधी कार्य में तेजी लाने के लिए भागीदार देशों के बीच आपसी सहयोग को बढ़ाना है। यह जी-20 की भारत की अध्यक्षता द्वारा शुरू किया गया एक अनूठा प्रयास है। जी-20 सदस्यों की एक सहज समझ है कि जलवायु संकट को हल करने के लिए पूरे विश्व में बड़े पैमाने पर सामूहिक कार्रवाई के प्रयास करने होंगे और यथासंभव परिवर्तन को एक संभावना बनाने के लिए वैश्विक परिदृश्य में प्रभावी ढंग से साझा करना होगा। जीआईपी-जीआईआर पहल की अनिवार्य प्रकृति यह है कि यह रणनीतिक रूप से सामुदायिक भागीदारी और स्वदेशी ज्ञान साझाकरण और तकनीकों के साथ स्थायी वानिकी से संबंधित कार्य प्रणालियों के सक्रिय कार्यान्वयन पर ध्यान देगी। इससे न केवल विभिन्न देशों के बीच स्थिरता आधारित सहकारी संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलेगी, बल्कि ज्ञान के महत्वपूर्ण प्रवाह को बेहतर बनाने में भी मदद मिलेगी। इससे पुनरुद्धार से जुड़े क्रियाकलापों के विस्तार में भी मदद मिलेगी। **निदेशक, आईआईएफएम**

**150 साल पहले की तुलना में गर्म हवाओं (हीट वेव) की तीव्रता पांच गुना अधिक हो गई हैं। इस प्रकार भूसंरचना का निर्जलीकरण होने से जंगलों में आग लगने की और भी अधिक घटनाओं के लिए अनुकूल वातावरण तैयार होता है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### आइये सुने कथा महान धनुर्धर एकलव्य की

**परंतु** ऐसा कुछ भी न हुआ और गुरु द्रोणाचार्य ने उसे धनुषविद्या देने से इनकार कर दिया एकलव्य इस बात से तानिक भी आहत ना हुआ और उसने वहीं जंगल में रह कर धनुर्विद्या प्राप्त करने के ठान ली। उसने जंगल में द्रोणाचार्य की एक मूर्ती बनायी और उन्हीं का ध्यान कर धनुर्विद्या में महारत हासिल कर ली। एक दिन आचार्य द्रोण अपने शिष्यों और एक कुत्ते के साथ आखेट के लिए उसी वन में पहुँच गये जहाँ एकलव्य रहते थे। उनका कुत्ता राह भटक कर एकलव्य के आश्रम पहुँच गया और भौंकने लगा। एकलव्य उस समय धनुर्विद्या का अभ्यास कर रहे थे। कुत्ते के भौंकने की आवाज से एकलव्य की साधना में बाधा पड़ रही थी। अतः उसने ऐसे बाण चलाये की कुत्ते को जरा सी खरोंच भी नहीं आई और कुत्ते का मुँह भी बंद हो गया। एकलव्य ने इस कौशल से बाण चलाये थे कि कुत्ते को किसी प्रकार की चोट नहीं लगी और अपने बाणों से कुत्ते का मुँह बंद कर दिया। कुत्ता द्रोण के पास भागा। कुत्ता असहाय होकर गुरु द्रोण के पास जा पहुंचा। द्रोण और शिष्य ऐसी श्रेष्ठ धनुर्विद्या देख आश्चर्य में पड़ गये। वे उस महान धुनर्धर को खोजते-खोजते एकलव्य के आश्रम पहुंचे और देखा की एकलव्य ऐसे बाण चला रहा है जो कोई चोटी का योद्धा भी नहीं चला सकता। ये बात द्रोणचार्य के लिये चिंता का विषय बन गयी। उन्होंने एकलव्य के सामने उसके गुरु के बारे में जानने की जिज्ञासा दिखाई तो एकलव्य ने उन्हें वो प्रतिमा दिखा दी। उन्हें यह जानकर और भी आश्चर्य हुआ कि द्रोणाचार्य को मानस गुरु मानकर एकलव्य ने स्वयं ही अभ्यास से यह विद्या प्राप्त की है। अपनी प्रतिमा को देख आचार्य द्रोण ने कहा कि अगर तुम मुझे ही अपना गुरु मानते हो तो मुझे गुरु दक्षिणा दो।

(क्रमशः)

# संवैधानिक प्रावधान पर स्वामी प्रसाद का प्रहार




डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**भगवान** बुद्ध ने कहा था कि किसी को मानसिक पीड़ा देना भी हिंसा होती है। स्वामी प्रसाद मौर्य अपने को बौद्ध कहते हैं। लेकिन वह लगातार बौद्ध दर्शन का उल्लंघन कर रहे हैं। उनके बयानों से हिन्दुओं को मानसिक पीड़ा पहुंच रही है। बौद्ध चिंतन के अनुसार उनका यह आचरण हिंसा की परिधि में है। पहले रामचरितमानस की एक चौपाई का उन्होंने गलत अर्थ बता कर आस्था पर प्रहार किया । इस पर मुंह की खाई थी। लेकिन बेहयाई ऐसी की कोई सबक नहीं लिया। अब कहा कि हिन्दू धर्म नहीं धोखा है। ऐसा कह कर उन्होंने संविधान की भावना पर प्रहार किया है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 में हिन्दू शब्द का उल्लेख है। जैन, सिख, बौद्ध धर्मावलंबी को हिंदू परिभाषित किया गया है। स्वामी प्रसाद ने हिन्दू को धोखा बताया। उनके बयान का निहितार्थ यह हुआ कि संविधान में धोखा का उल्लेख है। इसी प्रकार डॉ. आंबेडकर ने हिन्दू कोड बिल पेश किया था। स्वामी प्रसाद के अनुसार तो इसे भी धोखा समझना होगा। बसपा और भाजपा में मंत्री बन कर सत्ता सुख भोगने के बाद स्वामी प्रसाद मौर्य अब सपा में हैं। जिस पार्टी में रहे उसको छोड़ कर शेष दो पार्टियों को नागनाथ-सांपनाथ बताते रहे। अपने को नेवला बताने में उन्हें गर्व होता रहा। लेकिन इस राजनीतिक यात्रा में उन्होंने अपने को पूरी तरह अविश्वसनीय बना लिया है। इसीलिए उनके बयान भी उन्हीं की तरह अविश्वसनीय हैं। उनके राजनीतिक जीवन का अधिकांश हिस्सा सपा पर हमला बोलते ही बीता है। सपा संस्थापक से लेकर आज का नेतृत्व तक उनके निशाने पर रहता था। करीब डेढ़ वर्ष पहले तक उनका यही अंदाज हुआ करता था। उन्होंने अखिलेश यादव को सर्वाधिक विफल मुख्यमंत्री बताया था। योगी सरकार में मंत्री रहते हुए स्वामी प्रसाद सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के समर्थक थे। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर मन्दिर निर्माण शिलान्यास के समय भी वह मंत्री थे। एक बार भी विचलित नहीं हुए। विधानसभा चुनाव अधिसूचना जारी होने के बाद उन्हें गजब ज्ञान की प्राप्ति हुई। जिस सरकार में पांच साल तक सत्ता सुख भोग रहे थे, उसी को दलित पिछड़ा विरोधी बता दिया। जिस पार्टी को नागनाथ कहते थे, उसी में पहुंच गये। रामचरित मानस पर असत्य टिप्पणी के बाद उन्हें सपा का राष्ट्रीय महासचिव बना कर पुरस्कृत किया गया था। तब से वह बेअंदाज हैं। अब तो ऐसा लगता है कि वह अब सपा में रहकर अपना पुराना हिसाब चुकता कर रहे हैं। पार्टी की छवि को पूरी तरह हिन्दू विरोधी बनाने की योजना पर कार्य कर रहे हैं। बसपा ने उन्हें फर्श से अर्श पर पहुंचाया। भाजपा ने उन्हें कैबिनेट मंत्री बना कर सम्मान दिया। जब वह बसपा और भाजपा के नहीं हुए, तो सपा के भी नहीं हो सकते। उन्हें चन्द्रयान सफलता स्थल को शिव-शक्ति नाम देना भी हजम नहीं हो पा रहा है। उन्होंने इसे वैज्ञानिकों का अपमान बताया। जबकि सच्चाई यह कि इस नामकरण से इसरो वैज्ञानिक प्रसन्न हैं। वह भी शिवभक्त हैं। उन्होंने सफल अभियान से पहले मन्दिरों में प्रार्थना की। सफलता के बाद पुनः दर्शन पूजन के लिए गये। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को संस्कृत से प्यार है। भारत वैदिक काल से ही एक ज्ञानी समाज था। जिसमें संस्कृति की भूमिका रही है। सोमनाथ ने कहा कि गणित, चिकित्सा, तत्व विज्ञान, खगोल विज्ञान आदि विषय शामिल थे जो संस्कृत में लिखे गये थे। ऐसी सभी शिक्षाएं देश में कई हजार साल बाद 'पश्चिमी वैज्ञानिकों के की गई खोजों' के रूप में वापस आईं। वह उज्जैन में महर्षि पाणिनि संस्कृत और वैदिक विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह को संबोधित करने गये।

**बौद्ध चिंतन के अनुसार उनका यह आचरण हिंसा की परिधि में है। पहले रामचरितमानस की एक चौपाई का उन्होंने गलत अर्थ बता कर आस्था पर प्रहार किया । इस पर मुंह की खाई थी।**

धर्म

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से

**बाहर की चुनौतियों से नहीं हम अपनी अंदर की कमजोरियों से हारते हैं**

# चुनाव कब तक विसंगतियों पर सवार होते रहेंगे?



ललित गर्ग

**लोकसभा** एवं पांच प्रांतों में विधानसभा चुनाव सन्निकट है, जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं, हैसियत से आगे निकलकर राजनीतिक दल जनता को मुफ्त की रेवड़िया एवं सुविधाएं देने के लिए वादों का पिटारा खोलते जा रहे हैं, चुनाव सुधार की दिशा में सार्थक कदम इन चुनावों में भी उठते हुए दिखाई नहीं दे रहे हैं, जिताऊ उम्मीदवार अब भी राजनीतिक दलों की चुनाव प्रक्रिया पर हावी है, धनबल एवं बाहुबल का ही वर्चस्व एक बार फिर देखने को मिले, तो कोई आश्चर्य नहीं है। योग्यता और उपलब्धियां एक बार फिर हवा होगी। प्रश्न है कि चुनाव सुधार की प्रक्रिया कब मजबूती से आगे बढ़ेगी, चुनाव जनतंत्र की जीवनी शक्ति है। यह राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिबिम्ब होता है। जनतंत्र के स्वस्थ मूल्यों को बनाये रखने के लिए चुनाव की स्वस्थता, पारदर्शिता और उसकी शुद्धि अनिवार्य है। चुनाव की प्रक्रिया गलत होने पर लोकतंत्र की जड़े खोखली होती चली जाती हैं। चुनाव प्रक्रिया महंगी एवं धन के वर्चस्व वाली होने से विसंगतिपूर्ण एवं लोकतंत्र की आत्मा का हनन करने वाली हो जाती है। करोड़ों रुपए का खचीर्ला चुनाव, अच्छे लोगों के लिये जनप्रतिनिधि बनने का रास्ता बन्द करता है और धनबल एवं धंधेबाजों के लिये रास्ता खोलता है। हाल के वर्षों में चुनाव सुधार की दिशा में जितने भी कदम उठे हैं, उनमें राजनीतिक दलों की बजाय सर्वोच्च न्यायालय की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका रही है या फिर चुनाव आयोग की। लोकप्रतिनिधित्व कानून 1951 के तहत चुनाव आयोग भारत में चुनाव कराता है। साल 1990 में जब टीएन शेषन देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त बनाये गये तो उन्होंने चुनाव सुधारों की दिशा में वे कदम उठाये जो असंभव समझे जाते थे। शेषन चुनाव-सुधार के प्रेरक बने एवं उन्होंने क्रांतिकारी कदम उठाते हुए पहली बार देश को अहसास कराया कि चुनाव आयोग नामक कोई दमदार संस्था भी होती है, जो चाहे तो बंदूकों के दम पर बूथ लूटने वाले आपराधिक तत्वों पर लगाम लगा सकती है। तभी पता चला कि चुनावी प्रशासन कितना कठोर और अनुशासनबद्ध हो सकता है। शेषन के बाद चुनाव आयोग सक्रिय हुआ है, लेकिन शेषन जैसे प्रभावी कदम उठाने की कमी अब भी दिखाई दे रही है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी के अरविन्द केजरीवाल, मध्यप्रदेश में शिवराजसिंह चौहान एवं राजस्थान में अशोक गहलोत सरकारों ने मुफ्त की रेवड़िया बांटने की झड़ी लगा रखी है। धनबल एवं बाहुबल के बाद इन वर्षों में सर्वाधिक मुक्त सुविधाएं देने की घोषणाएं समूची लोकतांत्रिक प्रणाली को दूषित करने का सबब बन रही है। इस तरह की बुराई एवं विकृति को देखकर आंख मूंदना या कानों में अंगुलियां डालना जनता की राष्ट्र के प्रति उदासीनता का द्योतक है, जरूरत इसके विरोध में व्यापक जनचेतना को जगाने की है। यह समस्या या विकृति किसी एक प्रांत की नहीं, बल्कि समूचे राष्ट्र की लोकतांत्रिक समस्या है। साल 2015 में चुनाव आयोग ने अपनी चुनावी गाइड लाइन में कहा था कि राजनीतिक दल चुनावी मैदान में उतरते वक्त मतदाताओं से जो वादे करते हैं, उन्हें यह भी बताना होगा कि किस स्रोत से सत्ता में आने के बाद उन्हें पूरा करेंगे। ऐसी गाइन लाइन का पालन कहां होता है? आम चुनाव एवं पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों के मद्देनजर चुनाव आयोग को चाहिए कि कम से कम इस बार अपने दिशा-निदेर्शों को सख्ती से लागू करे। चूंकि राजनीति में सेवा अब ज्यादातर दिखावटी हो गई है, मकसद व्यक्तिगत और दलगत दोनों स्तरों पर सिर्फ सत्ता प्राप्ति ही रह गया है। मुफ्त की रेवडियां बांटने या अतिश्योक्तिपूर्ण सुविधाओं की घोषणाएं करने के पीछे भी मकसद यही है। इस पूरी प्रक्रिया में अंततः नुकसान जनता को ही होता है। तरह-तरह के नये टैक्स और महंगाई के बोझ से आखिर जनता ही दबती है।

**योग्यता और उपलब्धियां एक बार फिर हवा होगी। प्रश्न है कि चुनाव सुधार की प्रक्रिया कब मजबूती से आगे बढ़ेगी, चुनाव जनतंत्र की जीवनी शक्ति है। यह राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिबिम्ब होता है।**

राजनीति

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# घर की साफ-सफाई में आ रही है मुश्किल, तो अपनाएं ये ट्रिक्स, जिद्दी दाग-धब्बे हो जाएंगे गायब

घर को गंदा देख लगभग हर व्यक्ति के मन में यही सवाल आता है कि घर की साफ-सफाई कैसे की जाए। कई बार ढेर सारे काम होने के कारण रोजाना घर की साफ-सफाई करना संभव नहीं हो पाता है। हम आपको गंदे घर को आसानी से साफ करने के कुछ आसान से हैक्स के बारे में बताने जा रहे हैं। घर को गंदा देख लगभग हर व्यक्ति के मन में यही सवाल आता है कि घर की साफ-सफाई कैसे की जाए। क्योंकि कई बार हम सभी के पास ऑफिस या अन्य कई ऐसे ढेर सारे काम होते हैं। जिसके कारण रोजाना घर की साफ-सफाई करना संभव नहीं हो पाता है। ऐसे में अगर आप भी इसी समस्या के परेशान हैं, तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गंदे घर को आसानी से साफ करने के कुछ आसान से हैक्स के बारे में बताने जा रहे हैं।

## गंदे घर को ऐसे करें जल्दी साफ

गंदे घर को साफ करने के लिए जरूरी है कि आप बिना ब्रेक लिए पूरे घर को एक साथ चमका दें। जैसे अगर आपने साफ-सफाई की शुरूआत पहले कमरे से की है, तो एक्स्ट्रा सामान को निकालकर एक कोने में एकत्र कर दें। इसके बाद बेडशीट बिछाकर पूरे घर में डस्टिंग और पोछा मार दें। इस ट्रिक्स से आप पूरे घर को आसानी से साफ कर सकते हैं।



## घर को जल्दी साफ करने की ट्रिक

घर को जल्दी साफ करने के लिए जरूरी है कि आप हर काम को रोजाना ना करें। जैसे अगर एक दिन आपने डस्टिंग की है, तो दूसरे दिन कवर्स बदल दें। ऐसा करने से आपकी साफ-सफाई का काम भी आसानी से हो जाएगा। साथ ही घर भी चमक जाएगा। हालांकि जरूरी नहीं है कि घर की सफाई के सभी स्टेप को रोजाना फॉलो किया जाए।

## क्लीनर कैसे बनाएं

घर की साफ-सफाई के लिए क्लीनर की जरूरत होती है। ऐसे में आप सिरका और बेकिंग सोडा की मदद से घर पर ही क्लीनर बना सकती हैं। क्लीनर को बनाने के लिए सबसे पहले आपको एक गिलास पानी गर्म करना है। फिर उसमें 1-2 चम्मच बेकिंग सोडा मिक्स कर दें और 3-4 चम्मच सिरका मिला दें। इस तरह से आपका क्लीनर बनकर तैयार हो जाएगा। डस्टिंग के बाद इस लिक्विड से आप आसानी से जिद्दी दाग साफ कर सकती हैं।

## ऐसे करें बाथरूम की सफाई

घर के साथ-साथ बाथरूम की साफ-सफाई भी काफी ज्यादा जरूरी होती है। ऐसे में आप क्लीनर से ही बाथरूम को भी साफ करें। बता दें कि बाथरूम के टाइल्स डिटर्जेंट से काफी जल्दी साफ हो जाते हैं। बाथरूम की साफ-सफाई के बाद पूरे बाथरूम को वाइपर की मदद से सुखा दें।

❖ अनन्या मिश्रा

# हल्दी की गांठ चमका देगी आपका सोया हुआ भाग्य, जीवन में आएगी समृद्धि व खुशहाली

वास्तु शास्त्र में भी रसोई की कई चीजों का जिक्र मिलता है। इनको खाने के साथ ही इस्तेमाल करने से व्यक्ति के जीवन में खुशहाली और समृद्धि आती है। आज हम आपको पर्स में हल्दी की गांठ रखने के फायदे के बारे में बताने जा रहे हैं। हर भारतीय किचन में कई ऐसी चीजें पाई जाती हैं, जो खाने के स्वाद को दोगुना कर देती हैं। साथ ही स्वास्थ्य के लिए भी यह चीजें काफी ज्यादा फायदेमंद साबित होती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि वास्तु शास्त्र में भी रसोई की इन चीजों का जिक्र मिलता है। इनको खाने के साथ ही इस्तेमाल करने से व्यक्ति के जीवन में खुशहाली और समृद्धि आती है। बता दें कि हिंदू धर्म में हल्दी का विशेष महत्व माना जाता है। हल्दी को शुभ माना जाता है और पूजा-अर्चना से जुड़े कार्यों में भी हल्दी का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं वास्तु शास्त्र में हल्दी के कई उपायों के बारे में जिक्र किया गया है। इन उपायों को करने से व्यक्ति के जीवन में आने वाली तमाम तरह की परेशानियों का अंत हो जाता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पर्स में हल्दी की गांठ रखने के फायदे के बारे में बताने जा रहे हैं। इस उपाय को करने से आपके जीवन में कभी भी धन की कमी नहीं होगी और जीवन की परेशानियों का भी अंत हो जाएगा।



## गुरुवार को रखें पर्स में हल्दी की गांठ

हिंदू धर्म में गुरुवार का दिन भगवान श्रीहरि विष्णु का माना जाता है। इस दिन हल्दी का भी खास महत्व होता है। मान्यता के मुताबिक यदि गुरुवार के दिन जगत के पालनहाल श्रीहरि विष्णु की पूजा के साथ हल्दी का तिलक लगाया जाए तो इससे व्यक्ति को उनकी कृपा प्राप्त होती है। वहीं हल्दी की गांठ के इस्तेमाल से कुंडली में गुरु ग्रह की स्थिति भी मजबूत होती है। साथ ही संबंधित सभी दोषों से मुक्ति मिल जाती है।

## राहु-केतु दोष से मिलेगा छुटकारा

राहु-केतु के दोष से छुटकारा पाने के लिए पर्स में हल्दी की गांठ रखनी चाहिए। इस उपाय को करने से जातक के जीवन में आने वाली सभी परेशानियों का अंत होता है। इसके साथ ही इस उपाय से आपका फंसा हुआ धन भी जल्दी मिल जाएगा।

## पर्स नहीं होगा खाली

पर्स में हल्दी की गांठ रखने से मां लक्ष्मी की भी कृपा बरसती है। क्योंकि पर्स में मां लक्ष्मी का वास माना जाता है। ऐसे में पर्स में हल्दी की गांठ रखने से व्यक्ति पर मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है।

# थकान, मेमोरी लॉस व मसल्स पेन से राहत दिलाते हैं अंडे

अण्डों को ब्रेकफास्ट से लेकर डिनर तक किसी भी मील में उबालकर या पकाकर शामिल किया जा सकता हैं। जानते हैं पौष्टिक तत्वों से भरपूर अंडे को खाने के कुछ फायदे। महिलाओं के शरीर में कई प्रकार के उतार चढ़ाव आते रहते हैं। शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए महिलाओं को अपनी डाइट में डेली 1 अंण्डा अवश्य शामिल करना चाहिए। इसमें मौजूद पोषक तत्व शरीर को हेल्दी बनाए रखते हैं। इसमें विटामिन, प्रोटीन, फॉसफोरस, अमीनो एसिड और फोलेट पाया जाता है।

## पौष्टिक तत्वों से भरपूर अंडे को खाने के फायदे

**कितनी मात्रा में अंडे खाएं :** अगर आप कोई एथलीट है और दिन के कुछ घंटे खेलों के लिए निकालते हैं, तो ऐसे में आपको दिनभर में 4 से 6 अण्डों का सेवन कर सकते है। वहीं अन्य महिलाएं दिन भर में 1 या 2 अण्डों का ही सेवन करें। इसके अलावा गर्मी में ज्यादा अण्डों का सेवन भी नुकसानदायक साबित हो सकता है। 40 पार कर चुकी महिलाओं के लिए अण्डा खाना बेहद जरूरी है। न्यूट्रीशनिस्ट डॉ. आशा अरोड़ा के अनुसार अंडा सेहत के लिए फायदेमंद है। अगर आप अंडे का सफेद भाग अपनी डाइट में शामिल करती हैं, तो इससे अपने मसल्स से लेकर स्किन तक सभी चीजें हेल्दी और स्वस्थ रहती है। वहीं अंडे का पीला भाग अत्यधिक मात्रा में खाने से कोलेस्ट्रॉल की समस्या बढ़ने लगती है।

**ब्रेन हेल्थ को करे बूस्ट :** एनसीबीआई के मुताबिक अंडे में पाए जाने वाला विटामिन बी6 ब्रेन संबधी समस्याओं को दूर करता है। इसके नियमित सेवन से ब्रेन में होमोसिस्टीन के स्तर को कम कर-के वृद्धों में मानसिक तौर पर दर्ज की जाने वाली गिरावट को धीमा किया जा सकता हैं। इसमें मौजूद एमिनो एसिड से शरीर में अल्जाइमर रोग का खतरा कम होने लगता है। इसके अलावा फोलेट और विटामिन बी 12 की संपूर्ण मात्रा पाए जाने से शरीर तनाव से भी बचा रहता है।

**शरीर को एनर्जेटिक बनाए :** मांइड को एक्टिव रखने के अलावा अंडे की मदद से शरीर में उर्जा का संचार किया जा सकता है। इसे खाने से शरीर में प्रोटीन, कैल्शियम और विटामिन्स की कमी पूरी हो जाती है। आप दिनभर एनर्जी से भरपूर रहते हैं और बार बार होने वाली थकान से राहत मिल जाती है।

**हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद :** अंडा एचडीएल यानि हाई डेंसिटी लिपोप्रोटीन का एक बेहतरीन सोर्स है, जिसकी गिनती गुड कोलेस्ट्रॉल में की जाती है। शरीर में इसका स्तर बढ़ने से हृदय रोग का खतरा कम हो जाता है। ऐसे में आप नियमित तौर पर एक अण्डा या फिर पूरे सप्ताह में दो से लेकर छह अंडे खा सकते हैं। इससे शरीर एक्टिव और हेल्दी बना रहता है।

**बार बार भूख लगने की समस्या होगी हल :** प्रोटीन और हेल्दी फैट्स के चलते अंडे का सेवन करने से आपको लंबे वक्त तक भूख नहीं लगती है। सेंट ल्यूइस युनिवर्सिटी के अनुसार अंडे को डेली डाइट में शामिल करके आप बार बार भूख लगने की समस्या पर काबू पा सकते हैं।

**मसल्स को बनाए मजबूत :** अंडे का रोजाना सेवन करने से मसल्स को मजबूती मिलने लगती है। इससे महिलाओं की मांसपेशियों में होने वाली ऐंठन से भी राहत मिल जाती है। वे महिलाएं जिनकी उम्र 40 वर्ष से ज्यादा है। उन्हें रोजाना अंडा अवश्य खाना चाहिए। इसे खाने से चोटिल होने का खतरा भी कम हो जाता है।

# ऐसे करें पुरानी मैगजीन का इस्तेमाल

हम सभी के घरों में कई ऐसे सामान होते हैं, जिनका इस्तेमाल काफी कम होता है। ऐसे में अगर आप पुरानी मैगजीन को फेंक देती हैं, तो इसका अगली बार से इसका इस्तेमाल आप घर के डेकोर आइटम को बनाने में भी कर सकती हैं। हम सभी के घरों में कई ऐसे सामान होते हैं, जिनका इस्तेमाल काफी कम होता है। कई बार सामान को बेकार समझ कर हम कबाड़ में दे देते हैं। लेकिन क्या आप जानती हैं कि इन सामानों को आप रियूज भी कर सकती हैं। आज के समय में हर घर में मैगजीन आती है। ऐसे में अगर आप पुरानी मैगजीन को फेंक देती हैं, तो इसका अगली बार से इसका इस्तेमाल आप घर के डेकोर आइटम को बनाने में भी कर सकती हैं। इससे आप अपने पंसद की चीजों को बनाकर अपने घर को सजा सकती हैं।



## वॉल डेकोर आइटम करें

अगर आप भी अपने घर की दीवारों को अलग तरीके से डेकोरेट करना चाहती हैं, तो मैगजीन से आप वॉल डेकोर आइटम बना सकती हैं। इससे आप वॉल हैंगिंग बना सकती हैं या फिर वॉल को डेकोरेट करने के लिए अलग-अलग डिजाइन बना सकती हैं। इसके लिए आपको पुराने मैगजीन, पेंट, ग्लू और छोटे-बड़े मिरर चाहिए।

## ऐसे बनाएं वॉल डेकोर

सबसे पहले कई सारी मैगजीन इकठ्ठा कर लें।
अब इसके पेपर को फोल्डर से अलग कर लें।
इसके बाद इन्हें लंबा-लंबा रोल करें।
फिर इसको स्क्वेयर के शेप में फोल्ड करें।
अब ग्लू की मदद से इनको पेस्ट कर पूरा स्क्वायर बंच बनाकर तैयार कर लें।
इसमें बड़ा और फिर सारे थोड़े छोटे-छोटे बनाएं।
इसके बाद इसको पेंट कर इसमें ग्लू की मदद से मिरर लगाएं।
आप चाहें तो डोरी से इन्हें एक साथ जोड़ सकती हैं।
इसके अलावा इसमें मोती भी डाल सकती हैं।
अब गांठ बांधें और इस तरह से आपका वॉल डेकोर बनकर तैयार हो जाएगा।

## फोटो फ्रेम बनाएं

अगर आपको भी अपने घर को फोटो से सजाने का शौक है तो घर पर रखी पुरानी मैगजीन का इस्तेमाल कर फोटो फ्रेम बना सकती हैं। इसको बनाने में आपको कम पैसा खर्च करना पड़ेगा और आप अपनी पसंदीदा फ्रेम रेडी कर पाएंगी।

अगर आपको घर पर फोटो लगाने का शौक है तो इसके लिए आप घर पर ही रखी पुरानी मैगजीन का इस्तेमाल करके फोटो फ्रेम तैयार कर सकती हैं। इसे बनाने में आपको पैसा भी कम खर्च करना पड़ेगा। इसी के साथ आप अपनी पसंद का फ्रेम रेडी कर पाएंगी।

## ऐसे बनाएं फोटो फ्रेम

सबसे पहले लकड़ी का फ्रेम ले लें।
फिर मैगजीन के पेपर के छोट-छोटे टुकड़े कर लें।
अब एक कटोरी में ग्लू और थोड़ा सा पानी मिक्स कर लें।
इसके बाद मैगजीन के पेपर पर ग्लू लगाकर फ्रेम के कवर को सेट करें और कुछ देर के लिए सूखने के लिए छोड़ दें।
अब इसे अपने पसंदीदा कलर से पेंट करें।
आप चाहें तो इसे मिरर से सजा सकती हैं।
वरना ग्लू थ्रेड कर इस पर सेट कर दें।
इस आसान तरीके से आपका फोटो फ्रेम तैयार हो जाएगा।

## सूडोकु नवताल- 6810

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6809 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## दैनिक पंचांग

**02 सितम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 06.51 बजे से |
| चंद्र | मीन में | तुला | 09.02 बजे से |
| मंगल | कन्या में | वृश्चिक | 11.16 ब.से |
| बुध | सिंह में | धनु | 13.32 बजे से |
| गुरु | मेष में | मकर | 15.38 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | कुंभ | 17.24 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मीन | 18.57 बजे से |
| राहु | मेष में | मेष | 20.27 बजे से |
| केतु | तुला में | वृष | 22.07 बजे से |
| राहुकाल | | मिथुन | 00.06 बजे से |
| 9.00 से 10.30 बजे तक | | कर्क | 02.19 बजे से |
| | | सिंह | 04.35 बजे से |

**शनिवार** 2023 वर्ष का 245 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** भाद्रपद (दक्षिण भारत में श्रावण) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** तृतीया 20.50 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराभाद्रपदा 12.31 बजे को समाप्त। **योग** शूल 09.22 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 10.16 बजे तदनन्तर विष्टि 20.50 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 16.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 08° 05' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871724 **जूलियन दिन** 2460189.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** सफर **तारीख** 16 **विशेष** कजरी तीज।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7872

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | | ■ | 6 | 7 |
| | ■ | 8 | | 9 | | ■ | ■ | |
| 10 | | | ■ | | ■ | 11 | | |
| ■ | ■ | 12 | | ■ | 13 | | ■ | ■ |
| 14 | | | ■ | 15 | ■ | 16 | | 17 |
| | ■ | ■ | 18 | | 19 | | ■ | |
| 20 | 21 | ■ | | ■ | | ■ | 22 | |
| ■ | 23 | | | ■ | 24 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1.सरस्वती-3
3.किनारा,तट-3
5.मूल्य,कीमत-2
6.उस समय-2
8.प्रबंध,व्यवस्था-4
10.नमक-3
11.अधीन,मातहत-3
12.संज्ञा,संबोधन-2
13.मार्ग,रास्ता-2
14.तीर्थ,धार्मिक यात्रा-3
16.धुन,आसक्ति-3
18.जमानत-4
20.रहस्य-2
22.पुत्र,तनय-2
23.मुलायम-3
24.गंवार,अनपढ़-3

**ऊपर से नीचे**

1.संध्या,सांझ-2
2.असुर,दैत्य-3
3.शोरबा,रसा-3
4.बुरी आदत-2
5.प्रवेश,एडमिट-3
7.वर यात्रा,दूल्हे का जुलूस-3
8.प्रियतम,साजन-4
9.अनाज-2
11.सनसनी,रोमांच-4
14.तृतीय-3
15.सच्चाई,सत्य-2
17.जिसकी नाक कटी हो, वादा फरामोश-3
18.मुंशी,दीवान-3
19.रवैया,तरीका-3
21.आम जनता-2
22.लता,लतिका-2

### शब्द पहेली -7871 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ना | ह | र | ■ | ■ | आ | ■ | सी |
| गाँ | ■ | म | ■ | फ | स | ल | ■ | ल |
| क | प | ला | क | र | ■ | म | ही | न |
| ■ | ■ | य | ■ | क | म | ■ | र | ■ |
| ब | ना | र | स | ■ | द | र | क | ना |
| ■ | जु | ■ | म | य | ■ | ख | ■ | ■ |
| अ | क | ल | ■ | ती | मा | र | दा | री |
| स | ■ | क | र | म | ■ | खा | ■ | स |
| ली | ■ | बा | ■ | ■ | ह | व | न | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**वृष राशि :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**मिथुन राशि :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ।

**कर्क राशि :** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**सिंह राशि :** "आगे-आगे गौरख जागे" वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**कन्या राशि :** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**तुला राशि :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**वृश्चिक राशि :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**धनु राशि :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

**मकर राशि :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ राशि :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**मीन राशि :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा।




## NEWS इन ब्रीफ

### मनीष देसाई ने संभाला पीआईबी के प्रधान महानिदेशक का पदभार



**नई दिल्ली।** पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) के प्रधान महानिदेशक का पदभार शुक्रवार को मनीष देसाई ने संभाल लिया। गुरुवार को इस पद से राजेश मल्होत्रा सेवानिवृत्त हुए थे। भारतीय सूचना सेवा के 1989 बैच के अधिकारी मनीष देसाई इससे पहले केंद्रीय सूचना ब्यूरो के प्रधान महानिदेशक थे और सरकारी इश्तिहार तथा ऑउटरीच एक्टीविटीज को देखते थे। तीन दशकों के अपने करियर के दौरान देसाई ने महानिदेशक, फिल्म प्रभाग, अतिरिक्त महानिदेशक (प्रशासन एवं प्रशिक्षण), आईआईएमसी, सीईओ, सीबीएफसी सहित विभिन्न कार्यभार संभाले। फिल्म डिवीजन में अपने कार्यकाल के दौरान वे मुंबई में भारतीय सिनेमा के राष्ट्रीय संग्रहालय की स्थापना से जुड़े थे। उन्होंने भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, गोवा सहित विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों की मीडिया गतिविधियों को संभालने के लिए एक दशक से अधिक समय तक पीआईबी मुंबई में भी काम किया।

### राजनाथ सिंह रक्षा संबंधों की समीक्षा के लिए श्रीलंका का दौरा करेंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रक्षा संबंधों की समीक्षा के लिए 2 से 3 सितंबर तक श्रीलंका का दौरा करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि यात्रा के दौरान राजनाथ सिंह श्रीलंका के राष्ट्रपति और रक्षा मंत्री रानिल विक्रमसिंघे के अलावा प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने से बातचीत करेंगे।

### राष्ट्रपति ने गुरु घासीदास विवि के दीक्षांत समारोह में 2946 छात्र-छात्राओं को दी उपाधि, कहा

# कठिनाई का डटकर मुकाबला करें, सफलता कदम चूमेगी

**एजेंसी। रायपुर**

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के दसवें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेने पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चंद्रयान मिशन के माध्यम से जीवन की सफलताओं के सूत्र बताए। उन्होंने कहा कि चंद्रयान ने चंद्रमा की सतह पर सफल लैंडिंग की। इस पर बरसों से निष्ठापूर्वक काम होता रहा। मार्ग में रुकावटें आती रहीं लेकिन हम नहीं रूके। ऐसा व्यक्तिगत जीवन में भी होता है। निरंतर दक्षता के साथ परिश्रम करते रहें। तात्कालिक असफलता से कभी हताश न हों, चुनौतियां हमारे जीवन में आती हैं तो नये मौके भी लाती हैं।

राष्ट्रपति ने इस अवसर पर 2946 छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की। समारोह में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। राष्ट्रपति ने अपने उद्बोधन में कहा कि, आज हमारा तिरंगा चाँद पर पहुँच चुका है। इस उपलब्धि को किस तरह वैज्ञानिकों ने प्राप्त किया, इस पर विश्वविद्यालय में आयोजन होने चाहिए ताकि समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का निर्माण हो सके। यह संविधान के मूल कर्तव्यों में शामिल है। मुझे खुशी है कि इस



विश्वविद्यालय में आधुनिक प्रयोगशालाएं हैं। यहाँ ऐक्सलरेटर आधारित रिसर्च सेंटर भी स्थापित की गई है। अपने अनुसंधान से यह विश्वविद्यालय दुनिया में अपनी पहचान बनाए। जो देश विज्ञान और प्रौद्योगिकी को अपनाने में आगे रहेंगे, वे ज्यादा तरक्की करेंगे। हमारे स्पेस मिशन में हमें दुनिया से कुछ असहयोग का सामना भी करना पड़ा, फिर भी हम दृढ़ता से बढ़ते रहे। राष्ट्रपति ने कहा कि इस विश्वविद्यालय का महत्व इसलिए भी है क्योंकि इसका नाम गुरु घासीदास के नाम पर है। उन्होंने मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया। गुरु घासीदास ने समानता का संदेश दिया। समानता के आदर्शों पर चलकर ही युवा सुख के रास्ते पर चल सकते हैं और सभ्य समाज का निर्माण कर सकते हैं। इस मौके पर राष्ट्रपति ने स्वामी विवेकानंद को भी याद किया। उन्होंने कहा कि रायपुर का हवाई अड्डा स्वामी विवेकानंद के नाम पर है। वे शारीरिक स्वास्थ्य के साथ खेलकूद को भी महत्व देते थे। स्वामीजी आत्मविश्वास की मूर्ति थे। स्वामीजी ने शिकागो में भारतीय संस्कृति की श्रेष्ठता का विश्वघोष किया था। उस समय भारत में गुलामी की मानसिकता अपने चरम पर थी। एशिया के लोग हीनता की भावना से ग्रस्त थे। ऐसे वातावरण में विवेकानंद ने भारत का नाम बढ़ाया। युवा पीढ़ी को स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेनी चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि मुझे खुशी है कि स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले 76 विद्यार्थियों में 45 छात्राएं हैं जो कुल संख्या का लगभग 60 प्रतिशत है। विश्वविद्यालय में 47 प्रतिशत छात्राएं पढ़ रही हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह बड़ा कदम है। देश की आधी आबादी महिलाओं की है। इन्हें सशक्त करने से देश और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के आसपास के क्षेत्र में आदिवासी समुदाय काफी है। राज्य की एक तिहाई आबादी जनजातीय है। जनजातीय समुदाय के प्रति संवेदनशीलता और महिलाओं की भागीदारी जैसे विषय बहुत महत्वपूर्ण है। विश्वविद्यालय द्वारा इस संबंध में अच्छा कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आप सभी प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने अपने कठोर परिश्रम मेधा और अनुशासन के बल पर स्वयं को उपाधियों एवं स्वर्ण पदकों हेतु योग्य सिद्ध किया है। हम युवाओं को लगातार आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। हमने 42 हजार पदों पर भर्ती की। रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के जरिए हमने रोजगार, स्व-रोजगार और उद्यम दिए हैं। हम बेरोजगारी भत्ता भी प्रदान कर रहे हैं, ताकि युवाओं को आर्थिक मजबूती मिल सके और वे अच्छे भविष्य की तैयारी कर सके। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर गुरु घासीदास जी का भी स्मरण किया। उन्होंने कहा कि मनखे मनखे एक समान का संदेश देकर उन्होंने समतामूलक समाज के लिए कार्य किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति आलोक कुमार चक्रवाल ने विश्वविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने विश्वविद्यालय की विविध उपलब्धियों का ब्योरा समारोह में रखा। समारोह में विशेष अतिथि के रूप में केंद्रीय जनजाति विकास राज्यमंत्री रेणुका सिंह मौजूद रहीं। साथ ही उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, नगर निगम बिलासपुर के महापौर रामशरण यादव, बिलासपुर सांसद अरुण साव, दुर्ग सांसद विजय बघेल, बिलासपुर विधायक शैलेश पाण्डेय, तखतपुर विधायक रश्मि आशीष सिंह, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, सहित अनेक जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

### राष्ट्रपति ने नेहरू मेमोरियल का नाम बदलकर प्रधानमंत्री संग्रहालय करने की मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नेहरू मेमोरियल संग्रहालय एवं पुस्तकालय (एनएमएमएल) का नाम बदलकर प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) करने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। केंद्र द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है, भारत सरकार (व्यवसाय का आवंटन) नियम, 1961 में दूसरी अनुसूची में प्रविष्टि 9 में 'संस्कृति मंत्रालय' शीर्षक के तहत, 'नेहरू मेमोरियल संग्रहालय एवं पुस्तकालय' शब्दों के स्थान पर... 'प्रधानमंत्रियों का संग्रहालय और पुस्तकालय' शब्द प्रतिस्थापित किये जायेंगे। इससे पहले, विपक्षी कांग्रेस ने संग्रहालय से पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का नाम हटाने के लिए केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना की थी और इसे प्रतिशोध की राजनीति का हिस्सा बताया था। वरिष्ठ कांग्रेस नेता के.सी. वेणुगोपाल ने कहा था, इससे हमारे लिए कोई समस्या पैदा नहीं होने वाली है। यह केवल उन्हीं के लिए समस्याएं पैदा करने वाला है। ये लोग जो कर रहे हैं, इसका उन पर निश्चित तौर पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। उन्हें देश के प्रति जवाबदेह होना होगा।"

## कोविड संक्रमण से लड़ने में सोंठ चूर्ण प्रभावी

**आरएनएम। वाराणसी**

ब्रिटेन के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल हर्बलिस्ट्स (एनआईएमएच) की पत्रिका जर्नल ऑफ हर्बल मेडिसिन में काशी हिंदू विश्वविद्यालय, आईआईटी बीएचयू व गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय की टीम ने तीन माह , तीन चरणों में सुंठी (सोंठ)चूर्ण के प्रभाव का मरीजों पर अध्ययन प्रकाशित हुआ है। इसमें है कि कोविड 19 की रोकथाम के लिए सूखे अदरक का चूर्ण लाभकारी हो सकता है। इससे संक्रमण की जद में आने वाले लोगों में कोरोना वायरस के प्रति मजबूत प्रतिरोधक क्षमता का



विकास होगा। यह संक्रमण को रोकने में भी काफी प्रभावी है। सुंठी चूर्ण को कोविड मरीजों के मुंह और नाक से दिया गया। इसके अध्ययन के लिए शहर के कोविड-19 के अस्पतालों में भर्ती कोरोना वायरस के संक्रमित रोगियों, घर के सदस्यों और स्वास्थ्य कर्मियों सहित 800 लोगों को चुना गया। अध्ययन में बहु-केंद्रीय, नॉन-रैंडमाइज्ड, ओपन-लेवल, सिंगल-आर्म, प्री-पोस्ट डिजाइन का उपयोग किया गया। उन्होंने 15 दिनों तक सुंठी पाउडर का चार बार प्रतिदिन सेवन किया। दो बार मौखिक रूप से (2 ग्राम) और दो बार नासिका से (0.5 ग्राम)। उनका 15, 30 और 90 दिनों के बाद अध्ययन किया गया। परिणाम बेहद चौंकाने वाले थे। सुंठी चूर्ण का सेवन करने वाले मरीजों में अदरक में पाए जाने वाले फाइटोकेमिकल्स ने कोविड-19 का प्रसार रोक दिया। इसके साथ ही यह कोविड के लक्षण और प्रसार को कम करने में भी मददगार साबित हुआ।

## एनसीईआरटी को डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी का दर्जा : धर्मेंद्र

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एनसीईआरटी को डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी का दर्जा मिलने जा रहा है। शुक्रवार को दिल्ली में एनसीईआरटी के 63वें स्थापना दिवस पर यह घोषणा की गई। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने घोषणा करते हुए कहा कि एनसीईआरटी को डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी का दर्जा दिया जाएगा। केंद्रीय शिक्षा ने एनसीईआरटी के 63वें स्थापना दिवस पर कहा एनसीईआरटी को औपचारिक रूप से डीम्ड विश्वविद्यालय के तौर में मान्यता मिलने जा रही है। इसके साथ ही प्रधान ने बताया कि बाल भवन का एनसीईआरटी में विलय किया जाएगा।



उन्होंने एनसीईआरटी, सीबीएसई और केंद्रीय विद्यालय से जादुई पिटारा गीत को 22 भाषाओं में तैयार करने को भी कहा। गौरतलब है कि एनसीईआरटी स्कूली शिक्षा के लिए पाठ्यपुस्तकें तैयार करती हैं। एनसीईआरटी ने करिकुलम पर दो समितियां बनाई हैं। इनमे राष्ट्रीय निरीक्षण समिति और राष्ट्रीय पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तक समिति बनाई हैं। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि ये दोनों समितियां 21वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुसार और मूल भारतीय सोच पर आधारित पाठ्यक्रम तैयार करेंगी। एनसीईआरटी स्कूली शिक्षा के लिए कक्षा 3 लेकर 12वीं तक की पुस्तकें तैयार कर रहा है। यह पुस्तकें राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आधार पर तैयार की जा रही है। एनसीईआरटी केंद्र सरकार द्वारा स्थापित एक ऐसा संस्थान है जो स्कूली शिक्षा से जुड़े मामलों पर केंद्र और राज्य सरकारों को सलाह देने के उद्देश्य से स्थापित की गई है। यह परिषद भारत में स्कूली शिक्षा संबंधी सभी नीतियों पर काम करती है। एनसीईआरटी का मुख्य कार्य शिक्षा एवं समाज कल्याण मंत्रालय को विशेषकर स्कूली शिक्षा के संबंध में सलाह देने और नीति-निर्धारण में मदद करने का है। इसके अतिरिक्त एनसीईआरटी के अन्य कार्य हैं, शिक्षा के समूचे क्षेत्र में शोधकार्य को सहयोग और प्रोत्साहित करना, उच्च शिक्षा में प्रशिक्षण को सहयोग देना, स्कूलों में शिक्षा पद्धति में लाए गए बदलाव और विकास को लागू करना, राज्य सरकारों और अन्य शैक्षणिक संगठनों को स्कूली शिक्षा संबंधी सलाह आदि देना और अपने कार्य हेतु स्कूली पाठ्य पुस्तकों का प्रकाशन और अन्य शैक्षणिक वस्तुओं के प्रचार की दिशा में कार्य करना।

## भाजपा में ज्यादातर सांसदों के टिकट काटने की तैयारी

### आगामी लोस चुनाव में 155 नए चेहरों को दे सकती है टिकट

**कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली**


भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में ज्यादातर सांसदों के टिकट काटने की तैयारी कर रही है। ज्यादातर सांसदों का टिकट कटेगा तो उनकी जगह नये चेहरों को टिकट दिया जाएगा। चर्चा है कि भाजपा की प्राथमिकता 41 वर्ष से 55 वर्ष की उम्र वालों को टिकट देने की होगी। ऐसे में लगभग 155 नए चेहरों को टिकट दे सकती है। यह भी चर्चा है कि दो बार व उससे ज्यादा बार लोकसभा चुनाव जीते नेताओं का टिकट काटा जा सकता है। भाजपा नेताओं को टिकट नहीं दिया जाता है, तो उनमें से बहुतों को पार्टी में कोई पद दे दिया जाएगा, कुछ के बेटों, बेटियों को टिकट दे दिया जाएगा। यह भी चर्चा है कि कुछ को छोड़कर बाकी को राज्य सभा में दो बार से ज्यादा नहीं भेजा जाएगा। यानी दो बार से ज्यादा बार राज्य सभा सांसद नहीं बनाया जाएगा। मालूम हो कि फिलहाल भाजपा के 135 लोकसभा सांसद ऐसे हैं जो पहली बार चुनाव जीते हैं। 97 सांसद ऐसे हैं जो दूसरी बार लोकसभा चुनाव जीते हैं, 68 सांसद ऐसे हैं जो तीन बार से ज्यादा जीते हैं।

### एक देश, एक चुनाव को लेकर केंद्र ने कमेटी बनाई

## रामनाथ कोविंद बनाए गये अध्यक्ष

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार ने एक राष्ट्र, एक चुनाव की संभावनाएं तलाशने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सरकार द्वारा 18 सितंबर से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने के एक दिन बाद यह कदम सामने आया है। सरकार ने हालांकि संसद के विशेष सत्र का एजेंडा घोषित नहीं किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने पर कई साल से दृढ़ता से



जोर दे रहे हैं और इस संबंध में संभावनाओं पर विचार का जिम्मा कोविंद को सौंपने का निर्णय, चुनाव संबंधी अपने दृष्टिकोण के विषय में सरकार की गंभीरता को रेखांकित करता है। नवंबर-दिसंबर में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं और इसके बाद अगले साल मई-जून में लोकसभा चुनाव हैं। सरकार के इस कदम से आम चुनाव एवं कुछ राज्यों के चुनाव को आगे बढ़ाने की संभावनाएं भी खुली हैं, जो लोकसभा चुनावों के बाद में या साथ होने हैं।




### आईजीटी 10 : बादशाह ने रफ़्तार को बताया भारत का सबसे दमदार रैपर

**रियलिटी** शो 'इंडियाज गॉट टैलेंट' सीजन 10 के जज बादशाह ने अपकमिंग



एपिसोड में शो के स्पेशल गेस्ट रैपर रफ्तार की जमकर तारीफ की। उन्होंने रफ्तार को भारत का सबसे जबरदस्त रैपर करार दिया। दोनों कंटेस्टेंट्स यूएनबी के साथ 'इलुमिनाउटी', 'ये लड़की पागल है' और 'कॉल मी अ प्लेयर' पर परफॉर्म करने के लिए भी तैयार हैं। 'इलुमिनाउटी' रफ़्तार द्वारा गाया गया गाना है, जबकि 'ये लड़की पागल है' बादशाह द्वारा गाया गया है। शो में रफ़्तार और कंपोजर-सिंगर जसलीन रॉयल नजर आएंगे, जो अपने चार्ट-टॉपिंग ट्रैक 'हीरिये' को प्रमोट करेंगे। रफ़्तार के साथ अपने रिश्ते के बारे में बोलते हुए, बादशाह ने कहा, "हम हिप हॉप के कमर्शियल फॉर्म की प्रैक्टिस करते हैं, लेकिन रफ़्तार भारत में सबसे स्किल रैपर हैं। मैं उसे सबसे स्किल्ड और अपना पसंदीदा क्यों कहता हूं क्योंकि वह एकमात्र व्यक्ति हैं जो हिप हॉप और कमर्शियल हिप हॉप दोनों का शुद्धतम रूप करता है और वह दोनों में उत्कृष्ट हैं।

### मलयाली एक्ट्रेस अपर्णा नायर का निधन



**साउथ** फिल्म इंडस्ट्री से हाल ही में एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। साउथ की मशहूर मनोरंजन अभिनेत्री अपर्णा नायर का निधन हो गया है। अभिनेत्री अपर्णा नायर अपने आवास में मृत पाई गई हैं। अपर्णा नायर की मौत का कारण अभी तक सामने नहीं आया है। करमना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अभिनेत्री अपर्णा नायर की मृत्यु के समय उनकी मां और बहन भी मौजूद थीं। घटना गुरुवार देर शाम की है। जब तक उनकी मां और बहन को इस बारे में पता चला तब तक एक्ट्रेस ने आखिरी सांस ले ली थी। हालांकि, अपर्णा को बेहोशी की हालत में देखने के बाद परिवार वाले उन्हें अस्पताल ले गए। हालांकि, वहां डॉक्टरों ने अभिनेत्री अपर्णा नायर को मृत घोषित कर दिया।

### अभिषेक बनर्जी का 'स्टोलन' से फर्स्ट लुक रिलीज

**एक्टर** अभिषेक बनर्जी की अपकमिंग फिल्म 'स्टोलन' का पहला लुक जारी कर दिया गया है। इसमें एक्टर को घायल दिखाया गया है, उनकी आंख सूजी हुई है और चेहरे पर चोट के निशान हैं। हाल ही में डेविड फिंचर की 'द किलर', ब्रैडली कूपर की 'मेस्ट्रो' और सोफिया कोपोला की सच्ची कहानी वाली फिल्म 'प्रिसिला' जैसी प्रभावशाली अंतरराष्ट्रीय विशेषताओं के साथ फिल्म का वेनिस फिल्म फेस्टिवल में स्पेशल प्रीमियर हुआ। अभिषेक बनर्जी ने कहा, 'स्टोलन' एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी



फिल्म है और इस पर काम करना अविश्वसनीय रहा है। यह बहुत खास है और वेनिस फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर के दौरान हमारी फिल्म को इतना प्यार मिलने के लिए मैं बहुत आभारी हूं। हमारी फिल्म को जो स्टैंडिंग ओवेशन मिला वह एक अविस्मरणीय क्षण था और एक अभिनेता के रूप में यह सबसे बड़ा पुरस्कार है।"उन्होंने आगे कहा, "यहां हम अपने दर्शकों को फिल्म और हममें से प्रत्येक को मिल रहे प्यार के लिए धन्यवाद देने के लिए फर्स्ट लुक का अनावरण कर रहे हैं। एक अभिनेता के रूप में यह मेरी सबसे चुनौतीपूर्ण लेकिन संतुष्टिदायक भूमिकाओं में से एक रही है। भले ही यह भावनात्मक और शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण था, मैं इस अनुभव के हर हिस्से को संजोता हूं।

### प्रगति | चीन-पाक सीमा पर गरजेंगे भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमान

# वायु सेना 'त्रिशूल' नाम से प्रशिक्षण करेगी अभ्यास

### लद्दाख, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और पंजाब सहित उत्तरी क्षेत्र में होगा अभ्यास

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए राजधानी दिल्ली में दुनिया के ताकतवर राष्ट्राध्यक्षों की मौजूदगी के बीच चीन और पाकिस्तान की सीमाओं पर भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमान गरजेंगे। भारतीय वायु सेना दोनों सीमाओं पर एक साथ 'त्रिशूल' नाम से प्रशिक्षण अभ्यास करेगी। 4 से 14 सितंबर तक यह अभ्यास लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पंजाब सहित उत्तरी क्षेत्र में होगा।

भारतीय वायु सेना ने 9 और 10




सितंबर को होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए अपने हथियारों और उपकरणों को हाई अलर्ट पर रखा है। वायु सेना इस समय राजधानी दिल्ली में शिखर सम्मेलन के दौरान हवाई सुरक्षा के मद्देनजर अभ्यास कर रही है। खासकर विदेशी मेहमानों को ठहराए जाने वाले होटलों और कार्यक्रम स्थल प्रगति मैदान के आसपास मॉक ड्रिल की जा रही है। जनपथ रोड स्थित होटल ली-मेरिडियन की छत पर वायु सेना ने अपने एमआई-17 हेलीकॉप्टर को उतारने का अभ्यास किया है, ताकि जरूरत पड़ने पर किसी भी ऑपरेशन को अंजाम दिया जा सके। शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए दुनिया के 20 ताकतवर देशों के राष्ट्राध्यक्षों के अलावा तमाम वैश्विक नेता दिल्ली आ रहे हैं।भारतीय वायु सेना ने भी किसी भी संभावित हवाई खतरे से निपटने के लिए आकाश डिफेंस मिसाइल समेत अपनी सतह से हवा में मार करने वाली डिफेंस प्रणालियों को सक्रिय एक्टिव करना शुरू कर दिया है। सुरक्षा एजेंसियों ने अपने काउंटर-ड्रोन सिस्टम को भी सक्रिय कर दिया है, जहां वे किसी भी छोटे ड्रोन को जाम कर सकते हैं या जरूरत पड़ने पर उन्हें मार गिरा सकते हैं। वायु सेना ने अपने लड़ाकू विमानों को भी 'फ्लाइंग मोड' में रखने के निर्देश जारी किया है। जी-20 शिखर सम्मेलन के बीच वायु सेना ने चीन और पाकिस्तान सीमाओं के साथ उत्तरी क्षेत्र में 'त्रिशूल' नाम से प्रशिक्षण अभ्यास करने की योजना बनाई है। इसमें राफेल, मिराज-2000 और सुखोई-30 सहित लड़ाकू विमानों के सभी प्रमुख बेड़े हिस्सा लेंगे। इसके अलावा परिवहन हेलिकॉप्टर चिनूक और अपाचे सहित भारी लिफ्ट परिवहन विमान सी-17 अभ्यास में भाग लेंगे। इस अभ्यास में भारतीय वायु सेना के हवाई रिफ्यूलर, एयरबोर्न वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम और एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल एयरक्राफ्ट शामिल होंगे। लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पंजाब सहित उत्तरी क्षेत्र में 4 से 14 सितंबर तक होने वाले अभ्यास में गरुड़ विशेष बल भी हिस्सा होंगे।

## NEWS इन ब्रीफ

### इग्नू के पाठ्यक्रमों में 10 तक नामांकन लेने का अवसर

**रांची।** नियमित पाठ्क्रमों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित लोगों के लिए इग्नू के नई शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 आधारित कार्यक्रमों में नामांकन लेने का मौका है। इग्नू ने ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) और ऑनलाइन मोड के अपनी सभी कार्यक्रमों (सर्टिफिकेट प्रोग्राम को छोड़) के लिए नए प्रवेश व पुनःपंजीकरण की अंतिम तिथि 10 सितंबर तक बढ़ा दी है। इन पाठ्यक्रमों में नई शिक्षा नीति के तहत मल्टीपल एग्जिट और लेटरल एंट्री की सुविधा है। भारतीय ज्ञान प्रणाली पर एनईपी-2020 की सिफारिशों के तहत इग्नू ने संस्कृत, हिंदू अध्ययन, वैदिक अध्ययन,

**इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश का मौका :**
बीएएसके- बैचलर ऑफ आर्ट्स (एप्लाइड संस्कृत) कार्यक्रम अवधि- 3 वर्ष, पात्रता- 12वीं, पाठ्यक्रम शुल्क- 4500 रुपये प्रति वर्ष।
बीएएसकेएच- बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स) संस्कृत, कार्यक्रम अवधि- 3 वर्ष, पात्रता- 12वीं, पाठ्यक्रम शुल्क- 4700 रुपये प्रति वर्ष।
एमएसके- मास्टर ऑफ आर्ट्स (संस्कृत), कार्यक्रम अवधि- 2 वर्ष, पात्रता- स्नातक, पाठ्यक्रम शुल्क- 7000 रुपये प्रति वर्ष।

### श्री श्याम मंदिर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर्व को लेकर सात सितम्बर को कार्यक्रम आयोजित

# मोहिनी केडिया की मधुर भजनों से गूंजेगा मंदिर परिसर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा जगतगुरु भगवान श्री कृष्ण का 5248वां श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर्व श्री कृष्ण जन्माष्टमी के रूप में 7 सितंबर गुरुवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में भव्यता के साथ मनाया जाएगा।

श्री श्याम मित्र मंडल की कार्यकारिणी समिति की बैठक में उपरोक्त निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने की। बैठक में मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू को जन्माष्टमी समारोह का संयोजक मनोनीत किया गया है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मंत्री सह संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि संपूर्ण मंदिर परिसर को बैलून व विभिन्न फूलों से सजाया जाएगा। सभी गर्भगृहों के बाहर भव्य सजावट की जाएगी। मोनू ने बताया की रात्रि 8:00 बजे से विशेष भजन संकीर्तन का आयोजन होगा। मंडल के सदस्यों स्थानीय गायको द्वारा सुमधुर भजनों का गायन किया जाएगा। इस अवसर पर कोलकाता से मोहिनी केडिया विशेष रूप से हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर पधार रही हैं जो अपने भजनों से खाटू नरेश को रिझाएंगी व भक्तों को भजनों की गंगा में डूबोएंगी। संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि भजनों का कार्यक्रम रात्रि 12:00 बजे तक होगा। जन्मोत्सव आरती रात्रि 12:00 बजे तथा जन्मोत्सव का उत्सव विविध रूप से रात्रि 12:10 बजे से मनाया जाएगा इसके बाद सभी भक्तों को सभी प्रकार का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

**विशेष कार्यक्रम**
जन्माष्टमी के अवसर पर राधा कृष्ण का रूप में सज धज कर आने वाले बाल गोपालो व राधा को इस वर्ष श्री श्याम बाबा का विशेष प्रसाद सम्मान के रूप में प्रदान किया जाएगा। फूलों की सजावट के लिए दिल्ली एवम कोलकाता से फूल मंगवाये जा रहे हैं ।

अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की सभी तैयारियां प्रारंभ हो गई है। कार्यकताओं को जिम्मेवारी दी जा रही है। हिनू निवासी विनय प्रसाद द्वारा सभी देवी देवता के लिए नई वस्त्र पोशाक की सेवा निवेदित की जाएगी। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के दिन प्रात 5:30 बजे मंगला आरती 8:30 श्रृंगार आरती 12:00 भोग आरती रात्रि 7:00 बजे ग्वाल आरती रात्रि 8:30 बजे आरती रात्रि 12:00 बजे जन्मोत्सव आरती होगी। सभी आरती का विशेष महत्व होगा । अंतिम शयन आरती रात्रि 12:30 बजे होगी। अध्यक्ष सुरेश सरावगी व संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू ने भक्तजनों से श्री कृष्ण जन्मोउत्सव में भाग लेने का निवेदन किया है।

### आज होगा 77 वां श्री श्याम भंडारे का आयोजन

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 77 वां श्री श्याम भंडारा शनिवार को सांय 5 बजे से होगा। अमरेश गुप्ता प्रमोद गुप्ता परिवार के साथ श्री श्याम भंडारे की सेवा निवेदित करेंगे। अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने भक्तजनों से भंडारे में भाग लेने का निवेदन किया है।

## पृष्ठ एक के शेष

**चांद हमारा, अब सूरज की तरफ इशाला...**
हमने प्रक्षेपण के लिए अभ्यास पूरा कर लिया है। नियत स्थान पर पहुंचने में 125 दिन लगेंगे।' इसरो की वेबसाइट के मुताबिक आदित्य एल-1 अंतरिक्ष यान को सूर्य के परिमंडल के दूरस्थ अवलोकन और एल-1 (सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंजियन बिंदु) पर सौर हवा का वास्तविक अध्ययन करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर है। यह सूर्य के अध्ययन के लिए भारत का पहला समर्पित मिशन है। भारत के इस मिशन पर दुनियाभर के वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि सौर मिशन आदित्य एल-1 के माध्यम से एकत्र किए गए आंकड़ों का विश्लेषण करने के बाद सूर्य के अतीत, वर्तमान और भविष्य के बारे में नई जानकारी मिल सकेगी। आने वाले दशकों और सदियों में पृथ्वी पर संभावित जलवायु परिवर्तन को समझने के लिए यह आंकड़े महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं।

**क्यों है सूर्य का अध्यनन करना जरूरी :** इसरो ने बताया कि आकाश गंगा में मौजूद विभिन्न तारों के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए सूर्य का अध्ययन जरूरी है। अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि सूर्य सबसे नजदीक का ग्रह है, इसलिए अन्य तारों की तुलना में सूर्य का अध्ययन अधिक विस्तार से किया जा सकता है। इसरो ने कहा, सूर्य का अध्ययन करके हम आने वाले दिनों में आकाश गंगा में मौजूद विभिन्न ग्रहों के बारे में जानकारी हासिल कर सकते हैं। जांच एजेंसी ने कहा, सूर्य बहुत ही सक्रिय ग्रह है और हम जितना देखते हैं, उससे बहुत फैला हुआ (बड़ा) है। इससे कई विस्फोट हुए हैं और इसने सौर्य प्रणाली में प्रचूर मात्रा में ऊर्जा जारी किया है। अगर इस तरह की विस्फोटक वस्तुए सीधा धरती की ओर आती है, तो पर्यावरण के लिए विभिन्न तरह की अशांति का कारण बन सकती है।

**पलामू में जेजेएमपी उग्रवादियों के....**
कमजोर पाकर मौके से भाग निकले। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में पलामू पुलिस की ओर से रामगढ़ और सतबरवा थाना पुलिस जबकि लातेहार की ओर से बरवाडीह और मनिका थाना पुलिस शामिल थी। इनके अलावा सीआरपीएफ की 214 एवं 11वीं बटालियन भी शामिल थी। पांकी थाना क्षेत्र में पिछले दिनों आपसी भिड़ंत में जेजेएमपी के दो उग्रवादी मारे गए थे। इस घटना के बाद से जेजेएमपी उग्रवादी इलाके में खुद को स्थापित करने की फिराक में है। जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहार को पुलिस ने टारगेट किया है। पप्पू लोहार के दस्ते को लेकर लगातार सूचना इकट्ठा कर पुलिस कार्यवाही कर रही है।

**जमीन घोटाला - विषणु अग्रवाल की...**
भानु प्रताप प्रसाद समेत अन्य के खिलाफ जांच शुरू की थी।

**झारखंड में सक्रिय था बड़ा सिंडिकेट :** ईडी ने विज्ञप्ति के जरिए बताया है कि अनुसंधान में यह खुलासा हुआ है कि जमीन के मालिकाना हक बदलकर इसकी बिक्री करने वाला बड़ा गिरोह राज्य में सक्रिय था। कोलकाता व रांची में सरकारी कार्यालयों में जमीन के दस्तावेजों की हेरफेर की जाती थी। जांच में यह बात सामने आयी है कि मालिकाना हक बदलने में सरकारी अफसर भी माफियाओं के भागीदार थे। जमीन के दस्तावेजों में हेरफेर के बाद उस जमीन की बिक्री अन्य लोगों को की जाती थी। ईडी ने जमीन घोटाले की जांच में कुल 41 बार छापेमारी व पांच बार सर्च अभियान चलाया। जिसमे कई साक्ष्य मिले। साथ ही फजीर्वाड़े से संबंधित दस्तावेज व सरकारी कर्मियों की संलिप्तता का खुलासा हुआ।

**अबतक 14 आरोपी हैं सलाखों के पीछे :** जमीन घोटाले की जांच के बाद अबतक कुल 14 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। सत्ता के गलियारों में चर्चित बड़े कारोबारी अमित अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश, पूर्व रांची डीसी छवि रंजन के अलावे प्रदीप बागची, फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाला अफसर अली व उसके गिरोह के सद्दाम हुसैन, इम्तियाज अहमद, तलहा खान, फैयाज खान, तत्कालीन राज्स्व उप निरीक्षक भानू प्रताप प्रसाद, दिलीप कुमार घोष, राजेश राय, भरत प्रसाद इस केस में जेल में हैं। जमीन घोटाले में ईडी ने पहली चार्जशीट 12 जून को की थी, वहीं शुक्रवार को दूसरी चार्जशीट दायर की गई। इस मामले में ईडी की अनुसंधान अब भी जारी है।

**चारा घोटाला मामले में...**
सजा और 40 लाख 40 हजार का जुर्माना, मो सईद को चार साल की सजा और पांच लाख का जुर्माना, मो तौहिद को चार साल की सजा और पांच लाख जुर्माना, संजय कुमार को चार साल की सजा और पांच लाख 20 हजार का जुर्माना, रामा शंकर सिंह को चार साल की सजा और दस लाख का जुर्माना, उमेश दूबे को चार साल की सजा और 11 लाख का जुर्माना, अरुण कुमार वर्मा को चार साल की सजा और 10 लाख का जुर्माना, अजीत कुमार वर्मा को चार साल की सजा और 24 लाख 50 हजार का जुर्माना, सुशील कुमार सिन्हा को चार साल की सजा और 12 लाख का जुर्माना, जगमोहन लाल कक्कड़ को चार साल की सजा और चार लाख 40 हजार का जुर्माना, श्याम नंदन सिन्हा को चार साल की सजा और पांच लाख 50 हजार का जुर्माना, मोहिन्द्र सिंह बेदी को चार साल की सजा और 25 लाख का जुर्माना, प्रदीप कुमार चौधरी को चार साल की सजा और तीन लाख 80 हजार का जुर्माना, सत्येन्द्र कुमार मेहरा को चार साल की सजा और 16 लाख का जुर्माना, मदन मोहन पाठक को चार साल की सजा और चार साल की सजा, प्रदीप वशिष्ठ उर्फ प्रदीप कुमार को चार साल की सजा और छह लाख का जुर्माना लगाया गया है। एक आरोपित सुरेश दूबे फरार है।

**इंडिया एलायंस की बैठक में...**
भालचंद्रन कांगो, नेशनल कांफ्रेंस के तनवीर सादिक, प्रशांत कनोजिया, एआईएफबी के नरेंद्र चटर्जी, भाकपा एमएल की सुचेता दे, पीडीपी के मोहित भान हैं। तृणमूल कांग्रेस से अभी नाम आया है। गठबंधन ने शोध कार्य के लिए भी रिसर्च ग्रुप बनाया है और इसमें कांग्रेस के अमिताभ दुबे, राजद के सुबोध मेहता, शिव सेना की प्रियंका चतुर्वेदी, जद-यू के केसी त्यागी, झामुमो के सुदिव्य कुमार सोनू ,आप की जसमीन शाह, सपा के आलोक रंजन, नेशनल कांफ्रेंस के इमरान नबी दर तथा पीडीपी के के एडवोकेट आदित्य शामिल हैं। तृणमूल कांग्रेस से अभी नाम नहीं आया है।

## झारखण्ड सरकार
## खान एवं भूतत्व विभाग जिला खनन कार्यालय, लातेहार

**(आम सूचना)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार जिले के लघु खनिजों (बालू खनिज को छोड़कर) के तैयार जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट को लातेहार जिले के Website-latehar.nic.in पर प्रकाशित किया गया है, जिसके माध्यम से आम जनता/सर्वसाधारण को उपलब्ध करायी जाती है। 21 दिनों के अन्दर आपत्ति या सुझाव यदि कोई हो, तो जिला खनन कार्यालय, लातेहार अथवा ई–मेल–dc-lat@nic.in, dmo-latehar@jharkhandmail.gov.in पर प्रेषित किया जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी,
लातेहार

PR306020 (Mines and Geology)23-24*D

## कार्यालय जिला परिषद्, चतरा।
### (पुनर अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–25, वर्ष 2023–24)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 12.09.2023 से 13.09.2023 तक कार्यालय कार्य अवधि में (राजपत्रित अवकाश को छोड़ कर)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, चतरा।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय: 14.09.2023 को कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराह्न तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 14.09.2023 को कार्यालय अवधि में 3.30 बजे अपराह्न में
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा/जिला परिषद, चतरा।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी/मद – : DMFT

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | लावालौंग | कोलकोले कला | बिशुनपुर | गोला गंझू के घर से बाढ़ो गंझू के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण । | 985700 | 20000 | 1250 | 02 माह |
| 2 | टण्डवा | पदमपुर | चेपा | ग्राम चेपा स्कुल में भवन का नव निर्माण एवं चाहर दिवारी का निर्माण। | 866800 | 1250 | 17500 | 02 माह |

निविदा की शर्ते –

1. जिला परिषद/जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा अन्तर्गत निबंधित तथा UCAN Portal में Registered संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगें।
2. जिला द्वारा निर्गत आवंटन से जिला अन्तर्गत किसी भी कार्यान्वयन एजेन्सी में संवेदक के नाम से कार्य लंबित है, तो उनके पक्ष में निविदा निस्तार नहीं की जायेगी ।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
4. अन्य निविदा की शर्तें कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, चतरा।

PR 306015 District(23-24)D

## कार्यालय जिला परिषद्, चतरा
### (अतिअल्पकालिक ई0निविदा आमंत्रण सूचना)
### ई–निविदा सूचना संख्या – 24/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | चतरा | गंधरीया | गंधरीया | राजकीय मध्य विद्यालय में चार कमरा का निर्माण। | 4960300 | 5000 | 99500 | 03 माह |
| 02 | चतरा | गंधरीया | गंधरीया | चेत बंधु पुल तक पीसीसी पथ निम्रण। | 2877300 | 5000 | 58000 | 03 माह |
| 03 | चतरा | गंधरीया | उटां | पी0डब्लु0डी0 रोड से सत्यानन्द भोक्ता इन्टर कॉलेज तक पीसीसी पथ निर्माण। | 4254300 | 5000 | 85500 | 03 माह |
| 04 | चतरा | गंधरीया | उटां | प्राथमिक विद्यालय से भांगो बगीचा तक पीसीसी पथ निर्माण। | 2029900 | 5000 | 41000 | 03 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 12/09/2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 12.09.2023 से 18.09.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. जिला परिषद, चतरा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate, Affidavit (Original copy) एवं ऑनलाईन समर्पित कागजातों की एक प्रति जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 20.09.2023 अपराह्न 03:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–21.09.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :– 9835777636 (सहायक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
10. योजनवार विस्तृत जानकारी कार्यालय नोटिश बोर्ड पर देखा जा सकता है।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in_एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा।

PR.NO.306016 District(23-24):D

## कार्यालय जिला परिषद्, चतरा।
### (पुनर अतिअल्पकालिक ई0 निविदा आमंत्रण सूचना)

ई–निविदा सूचना संख्या – 27/2023-24_2nd call
1.कार्य की विस्तृत विवरणी: स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक 212, दिनांक 14.03.23(DMFT)

| क्र | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | टण्डवा | नावाडीह उर्फ तेलियाडीह | नावाडीह उर्फ तेलियाडीह | नावाडीह लखन घांसी के घर से पनहैया होते हुए बसहवा तक पी0सी0सी0 पथ एवं पुलिया निर्माण। | 9957300 | 10000 | 200000 | 06 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 04/09/2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 05.09.2023 से 11.09.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. जिला परिषद, चतरा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate, Affidavit (Original copy) एवं ऑनलाईन समर्पित कागजातों की एक प्रति जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 12.09.2023 अपराह्न 03:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –13.09.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9308931001 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
10. योजनवार विस्तृत जानकारी कार्यालय नोटिश बोर्ड पर देखा जा सकता है।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in_एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा।

PR 306012 (District) 23-24 (D)

## समाहरणालय, चतरा
### (पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
sport.chatra@gmail.com

**आम सूचना**

निदेशानुसार एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खेल के क्षेत्र में समाज को बेहतर सुविधा देने के उदेश्य से जिलेवासियों के चहुमुंखी विकास हेतु आज दिनांक 01.09.2023 के अपराह्न से जिला मुख्यालय स्थित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा को जिलेवासियों को समर्पित किया जा रहा हैं। उक्त के आलोक में जिलेवासियों से अपेक्षित है कि जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा को सुचारू रूप एवं नियम अनुसार उपयोग करने की कृपा करेंगे। एतद् उक्त स्टेडियम को निम्नांकित नियम एव शर्तों के अनुसार उपयोग करने का आदेश दिया जाता है :–

1. धातु के जूते (लोहे के स्टड) के साथ मैदान में प्रवेश न करें।
2. मैदान पर फ्लैट सोल वाले जूते (चप्पल) पहनकर न चलें।
3. मैदान में पालतू जानवर के साथ प्रवेश न करें।
4. किसी भी प्रकार का वाहन का प्रवेश वर्जित हैं, पाये जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।
5. मैदान के अंदर किसी भी प्रकार का मादक पदार्थ एवं धूम्रपान वर्जित है, पाये जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।
6. मैदान के अंदर च्युइंग गम के साथ प्रवेश न करें।
7. कोई भी भोजन या कांच का कंटेनर के साथ प्रवेश वर्जित है।
8. डस्टबीन का प्रयोग आवश्यकता अनुसार करे।
9. किसी भी प्रकार की तोड़ फोड़ या क्षति पहुँचाई जाती है तो CCTV कैमरा फुटेज के माध्यम से नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।
10. स्टेडियम के नए पवेलियम में प्रवेश वर्जित है।

नोट :–
1. स्टेडियम का समय प्रातः 5:00 बजे से सुबह 9:00 बजे तक एवं संध्या 03:00 से संध्या 07:00 बजे तक खुला रहेगा।
2. आप स्टेडियम परिसर में **CCTV** कैमरा की सतत् निगरानी में रहेंगे।

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी
चतरा

PR 306011 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (23-24)_D

## झारखण्ड शिक्षा परियोजना,चतरा
## समग्र शिक्षा अभियान
जिला स्तरीय कार्यालय, प्रखण्ड परिसर, चतरा–825401
दूरभाषः (06541) 253924 इमेल–chatrajepc@ymail.com

**आम सूचना**

विज्ञापन संख्या 1087 दिनांक 01.09.2023 के माध्यम से जिले में संचालित 10 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर शिक्षिकाओं के चयन हेतु अभ्यर्थियों से अंकित शर्तो के अधीन विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 16.09.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, समग्र शिक्षा अभियान, चतरा में आवेदन आमंत्रित किया गया है।

विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी NIC चतरा के वेबसाईट www.chatra.nic.in पर उपलब्ध है।
रिक्ति निम्नवत है :–

| Sl. No | Name of Post | Vacancy | Roster | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | BC-I | BC-II | SC | ST | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)–भाषा | 2 | – | – | – | 1 | 1 | 2 |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)–गणित | 4 | 1 | – | – | 2 | 1 | 4 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)–विज्ञान | 7 | 3 | 1 | – | 2 | 1 | 7 |
| 4 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)–शारीरिक शिक्षा | 1 | – | – | 1 | – | – | 1 |
| | कुल | 14 | 4 | 1 | 1 | 5 | 3 | 14 |

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झा0शि0प0, चतरा

PR.NO.306005 Jharkhand Education Project Council(23-24):D

## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

पत्रांक ............... / दिनांक ...............

**आम सूचना**

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 328 (AMD) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में पलामू जिले के मेदिनीनगर नगर निगम शहरी क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Health and wellness Centre के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों के चयन हेतु दिनांक 08.09.2023 को मेदिनीनगर नगर निगम को पूर्वाह्न/अपराह्न 11:00 बजे को Walk in interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र०सं० | विवरणी | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 01. | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 02. | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्तकिसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री। |
| 03. | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा)। |
| 04. | मानदेय | रू० 63000/– (तिरसठ हजार रूपए मात्र) |
| 05. | कुल रिक्तियां | 01 (एक पद) तथा प्रतीक्षा सूची में 02(दो) जो परीक्षा परिणाम के तिथि से 1 वर्ष तक के लिए मान्य होगा। |
| 06. | चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 07. | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी। | |
| 08. | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 09. | कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 8 घण्टा) समय 10:00AM To 5:00 PM | |

दिनांक 08.09.2023 को मेदिनीनगर नगर निगम को पूर्वाह्न/अपराह्न 11:00 AM बजे Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में उपस्थित होना होगा।

ह0/–
नगर आयुक्त–सह–प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम।

PR.NO.305972 District(23-24):D

## NEWS इन ब्रीफ

### ब्रेमेन के स्ट्राइकर निकलस फुलक्रग डॉर्टमंड में शामिल



**बर्लिन।** बोरुसिया डॉर्टमंड ने पिछले सीजन के बुंडेसलीगा के शीर्ष स्कोरर, वेर्डर ब्रेमेन के निकलस फुलक्रग के साथ अनुबंध किया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 30 वर्षीय स्ट्राइकर तीन साल का करार करते हुए तत्काल प्रभाव से डॉर्टमंड में शामिल हो गया है। डॉर्टमंड के खेल निदेशक, सेबेस्टियन केहल ने कहा, ₹निकलस ने कई वर्षों से अपने गोल स्कोरिंग कौशल को साबित किया है और पिछले सीजन में शीर्ष स्कोरर ट्रॉफी जीती है। मजबूत प्रदर्शन के लिए धन्यवाद, वह राष्ट्रीय टीम के आक्रमण केंद्र में एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। निकलस एक सक्रिय फॉरवर्ड है।

### मेदवेदेव, ज्वेरेव, रुबलेव तीसरे दौर में पहुंचे

**न्यूयॉर्क।** रूसी दानिल मेदवेदेव ने यूएस ओपन के चौथे दिन देर रात ऑस्ट्रेलियाई क्रिस्टोफर ओ'कोनेल के खिलाफ अपनी 250वीं हार्ड-कोर्ट जीत हासिल की। तीसरे सेट के टाई-ब्रेक में, मेदवेदेव ने कोर्ट की गहराई और ग्राउंड कवरेज की क्षमता से ऑस्ट्रेलियाई को 6-2, 6-2, 6-7(6), 6-2 से पछाड़ दिया। इस जीत के साथ, वह सीधे तीसरे दौर में पहुंच गए। उल्लेखनीय है कि उन्होंने 2021 में सर्बियाई नोवाक जोकोविच को सीधे तीन सेटों में हराकर यूएस ओपन फाइनल जीता था। एक अन्य रूसी, आठवीं वरीयता प्राप्त आंद्रेई रुब्लेव ने भी गाएल मोंफिल्स को हराने में अपने लचीलेपन और निरंतरता का प्रदर्शन करते हुए प्रभावित किया। दोनों खिलाड़ियों की दृढ़ता उनकी लंबी रैलियों के दौरान प्रदर्शित हुई, लेकिन रुब्लेव की उच्च स्तर की निरंतरता ने उन्हें तीसरे दौर में जाने की अनुमति दी।

### अल्काराज तीसरे दौर में पहुंचे, वावरिंका ने सिनर से भिड़ंत तय की

**न्यूयॉर्क।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने दक्षिण अफ्रीका के उत्साही लॉयड हैरिस को 6-3, 6-1, 7-6(4) से हराकर 2023 यूएस ओपन की अपनी पहली कड़ी परीक्षा पास कर ली। अल्काराज को अपने शुरूआती मैच में डोमिनिक कोपेफर (टखने) से दूसरे सेट में रिटायरमेंट मिल गया था, लेकिन गुरुवार की रात को शक्तिशाली 26 वर्षीय हैरिस के खिलाफ अपने खेल का तनाव परीक्षण करने का मौका मिला। टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे कम उम्र के यूएस ओपन चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त, अल्काराज ने सामने आए 10 ब्रेक प्वाइंट में से नौ का बचाव किया और तीसरे सेट के बीच में ब्रेक डाउन होने से उबर गए। स्पैनियार्ड, जो रोजर फेडरर द्वारा 2004-2008 तक लगातार पांच खिताब जीतने के बाद से फ्लशिंग मीडोज में पहला बैक-टू-बैक चैंपियन बनने की कोशिश कर रहा है, के सीजन के रिकॉर्ड में 55-6 (हार्ड कोर्ट पर 18-3) का सुधार हुआ है। वह सीजन के अपने सातवें और करियर के तीसरे प्रमुख खिताब का पीछा कर रहे हैं।

**हांगझू 2022 के लिए 18 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा**

# झारखंड के तीन खिलाड़ी निक्की सलीमा टेटे व संगीता भी शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



23 सितंबर से 08अक्टूबर तक चीन में आयोजित 19th एशियन गेम्स, हांगझू 2022 के लिए कल 18 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की हुई घोषणा। टीम में हमारे झारखंड के भी तीन खिलाड़ी निक्की प्रधान, सलीमा टेटे और संगीता कुमारी भी चयनित किए गए। तीनो ही खिलाड़ी भारतीय टीम के नियमित सदस्य है,कल बैंगलौर में हॉकी इंडिया के समस्त पदाधिकारियों और खिलाड़ियों के परिजनों के उपस्थिति में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर टीम की घोषणा की गई। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने झारखंड के सभी खिलाड़ियों का बैंगलोर में स्वागत किया और कहा कि किसी भी खिलाड़ी को बनाने में सबसे बड़ा योगदान , समर्पण और त्याग उनके अभिभावकों का होता है। परंतु उनका सम्मान अपवाद ने ही होता है। इसलिए हॉकी इंडिया ने शुरूवात की है, कि खिलाड़ियों के अभिभावकों को भी सम्मान मिले। इसलिए हमलोग ने इस बड़े अवसर में सबके अभिभावकों को आमंत्रित किया, संभवत यह विश्व के खेल इतिहास में पहला अवसर है जब टीम की घोषणा के समय उनके अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया है। 18 सदस्य भारतीय टीम में सामिल निक्की प्रधान खूंटी जिला के हेसल की रहने वाली, सलीमा टेटे और संगीता कुमारी सिमडेगा जिला से है, सलीमा टेटे सदर प्रखंड के बरकिछापर की रहने वाली है जबकि संगीता कुमारी केरसई प्रखंड के करगागुड्डी की रहने वाली है।

# अवनि और युवराज विश्व एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप में करेंगे नेतृत्व

**एजेंसी। नई दिल्ली**





एशियाई खेलों में भाग लेने वाली गोल्फर अवनि प्रशांत, जिनका सीजन सनसनीखेज रहा है, अक्टूबर में विश्व एमेच्योर टीम चैंपियनशिप (डब्ल्यूएटीसी) में महिलाओं के लिए एस्पिरिटो सैंटो ट्रॉफी प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी।

भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) ने 25 से 28 अक्टूबर तक अबु धाबी में होने वाले प्रतिष्ठित शौकिया गोल्फ कार्यक्रम के लिए अन्य दो खिलाड़ियों के रूप में निश्ना पटेल और मन्नत बरार को भी चुना है। वर्ष की शुरूआत में क्वीन सिरिकिट कप व्यक्तिगत खिताब की विजेता अवनी शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने लेडीज यूरोपियन टूर के एक्सेस टूर पर एक प्रो इवेंट में खिताब जीता है। वह एलईटी एक्सेस टूर पर खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बनीं।

निश्ना मनीला में एपीजीसी जूनियर्स में उपविजेता रही, जहां अवनि ने पहले क्वीन सिरिकिट में सफलता हासिल की थी। मन्नत भी अच्छी फॉर्म में है और उसने हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के प्रो इवेंट में भी भाग लिया है।

आईजीयू अध्यक्ष ब्रिजिंदर सिंह ने कहा, ₹अवनि, निश्ना और मन्नत ने इस सीजन में शानदार प्रदर्शन किया है और हमें उनसे बहुत उम्मीदें हैं। हमारे सभी खिलाड़ियों के पास अच्छा अनुभव है क्योंकि आईजीयू ने उन्हें कई आयोजनों के लिए भारत से बाहर भेजा है। अवनि भी एशियाई खेलों के लिए जा रही है, इसलिए हम काफी उत्साहित हैं।''

महिलाओं के आयोजन से एक सप्ताह पहले आइजनहावर ट्रॉफी के लिए पुरुषों की प्रतियोगिता होगी और आईजीयू ने तीन सदस्यीय टीम की घोषणा की है जिसमें युवराज सिंह, शौर्य भट्टाचार्य और रोहित शामिल हैं।

युवराज सिंह, भारत के शीर्ष शौकिया गोल्फर हैं जबकि शौर्य एशिया-पैसिफिक एमेच्योर में खेल चुके हैं और इस साल फिर से मेलबर्न में होने वाले इवेंट में खेलेंगे। इस सीजन और पिछले साल आईजीयू द्वारा कई आयोजनों में भेजे जाने के कारण उनके पास काफी अनुभव है। रोहित घरेलू सर्किट पर भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। ये तीनों पहली बार आइजनहावर ट्रॉफी खेल रहे हैं।

# विश्व चैम्पियन नीरज चोपड़ा ज्यूरिख डायमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहे

**एजेंसी। ज्यूरिख**



विश्व चैम्पियन नीरज चोपड़ा डायमंड लीग की भालाफेंक स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल नहीं कर सके लेकिन आखिरी दौर में 85.71 मीटर का थ्रो फेंककर दूसरे स्थान पर रहे। ओलंपिक चैम्पियन 25 वर्ष के चोपड़ा ने 80.79 मीटर, 85.22 मीटर और 85.71 मीटर के तीन वैध थ्रो फेंके जबकि बाकी तीन थ्रा फाउल रहे। वह चेक गणराज्य के याकूब वालेश (85.86 मीटर) के बाद दूसरे स्थान पर रहे। विश्व चैम्पियनशिप में याकूब ने कांस्य पदक जीता था। चोपड़ा ने प्रतिस्पर्धा के बाद कहा कि वह पूरी तरह से फिट थे लेकिन बुडापेस्ट में हुई विश्व चैम्पियनशिप के बाद थके हुए थे। उन्होंने कहा, ह्यमैं अब बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं क्योंकि विश्व चैम्पियनशिप के बाद हर कोई थका हुआ था। हमने वहां अपना शत प्रतिशत दिया। इस स्पर्धा में मेरा फोकस स्वस्थ बने रहने पर था क्योंकि अब हमें यूजीन (डायमंड लीग फाइनल 17 सितंबर को) और हांगझोउ (एशियाई खेल 23 सितंबर से) पर फोकस करना है।' चोपड़ा ने तीन स्पधाओं में 23 अंक लेकर डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई किया है। उन्होंने पिछले साल डायमंड लीग जीती थी। याकूब (29 अंक) और जूलियन वेबर (25 अंक) के बाद तीसरे स्थान पर रहकर उन्होंने क्वालीफाई किया। वह तीसरे स्थान पर इसलिए रहे क्योंकि चोट के कारण डायमंड लीग के मोनाको चरण में नहीं खेले थे जिसमें याकूब और वेबर ने भाग लिया था। चोपड़ा ने दोहा (पांच मई) और लुसाने (30 जून) चरण में जीत दर्ज की थी। इसके बाद बुडापेस्ट में विश्व चैम्पियनशिप में 88.17 मीटर का थ्रो फेंककर स्वर्ण जीता। तोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चोपड़ा ने कहा कि आगामी प्रतिस्पधाओं के लिये पूरी तरह फिट रहने की कवायद में उन्होंने ज्यूरिख में ज्यादा कठिन प्रयास नहीं किए। प्रतिस्पर्धा से पहले उन्होंने कहा कि विश्व चैम्पियनशिप के बाद उनके कंधे और कमर में दर्द है। उन्होंने कहा कि मई जून में अभ्यास के दौरान ग्रोइन में लगी चोट के बाद वह शत प्रतिशत फिट नहीं हैं।

उन्होंने कहा, मेरा फोकस स्वस्थ बने रहने पर है और आगामी स्पधाओं में अपना शत प्रतिशत भी देना है। कई बार शरीर की सुननी होती है। मैने इसलिए ज्यादा पुश नहीं किया।' उन्होंने कहा, कई बार पहला लक्ष्य फिट रहना होता है। मैने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया लेकिन फोकस स्वास्थ्य पर ही था। मैं आम तौर पर सर्दियों में यूरोप में अभ्यास करता हूं क्योंकि यात्रा करना आसान होता है। यही वजह है कि इंग्लैंड में कुछ महीने बिताए जिसके बाद बुडापेस्ट में गर्मी में खेला।' डायमंड लीग फाइनल में अब तक के अंक मायने नहीं रखेंगे और उसमें जीतने वाला ही विजेता होगा। डायमंड लीग के चार व्यक्तिगत चरण होते हैं जिनकी अलग-अलग ईनामी राशि होती है। चोपड़ा को ज्यूरिख में 6000 डॉलर मिले जबकि विजेता को 12000 डॉलर मिले।

**पुरुष एशियाई हॉकी 5 एस विश्व कप क्वालीफायर 2023**

# सेमीफाइनल के लिए भारतीय टीम तैयार

**एजेंसी। ओमान**



भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने गुरुवार को जापान और मलेशिया पर शानदार जीत दर्ज करने के बाद पुरुष एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। गुरजोत सिंह (7', 11', 17', 29' 30') के पांच गोल और मनिंदर सिंह (12') तथा मोहम्मद राहील (21') के एक-एक गोल की मदद से भारत ने मलेशिया को 7-5 से हराया था। वहीं, भारतीय टीम ने अपने आखिरी एलीट ग्रुप स्टेज मैच में मनिंदर सिंह (1', 3' 5, 6', 9', 15', 20', 24', 25', 29') के 10, मोहम्मद राहील (3', 4', 11', 12', 17', 26, 26') के सात, पवन राजभर (2', 6', 10', 13', 23') और गुरजोत सिंह (12', 20', 21', 27', 30') के पांच-पांच, सुखविंदर (4', 8', 16', 22') के चार, कैप्टन मंदीप मोर (18', 23', 29') के तीन, और जुगराज सिंह (15') के 1 गोल की बदौलत जापान को 35-1 से हराकर शानदार जीत दर्ज की थी। भारत अपना अगला मैच क्रॉसओवर 2.2 के विजेता के खिलाफ खेलेगा, जो मलेशिया और क्रॉसओवर 1.1 के विजेता के बीच खेला जाएगा। जापान और ईरान आज क्रॉसओवर 1.1 में आमने-सामने होंगे। सेमीफाइनल में जीत न केवल भारत के लिए फाइनल में जगह पक्की करेगी बल्कि 2024 एफआईएच हॉकी 5एस विश्व कप में भी जगह सुनिश्चित करेगी। टूर्नामेंट में शीर्ष तीन टीमें 2024 एफआईएच हॉकी 5२ विश्व कप के लिए योग्यता अर्जित करेंगी। आगामी मैच पर भारतीय कप्तान मनदीप मोर ने कहा, जब हमने टूर्नामेंट में प्रवेश किया, तो हमारा लक्ष्य 2024 एफआईएच हॉकी 5एस विश्व कप के लिए सीधी योग्यता हासिल करने के लिए पोडियम फिनिश हासिल करना था। हम लक्ष्य हासिल करने के करीब हैं और सेमीफाइनल में हमारा सामना चाहे किसी भी टीम से हो, हम तैयार रहेंगे और जीत हासिल करने की कोशिश करेंगे।'' भारत 5 मैचों में 12 अंकों के साथ एलीट पूल तालिका में दूसरे स्थान पर रहा। भारत ने मंगलवार को ओमान के सलालाह में बांग्लादेश पर 15-1 की ठोस जीत के साथ पुरुष एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर में अपने अभियान की शुरूआत की। टूर्नामेंट के दूसरे दिन, भारत ने ओमान पर 12-2 से शानदार जीत दर्ज की, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ 4-5 से हार गया। इस बीच, मलेशिया ने एलीट पूल चरण में अपने पहले मैच में ओमान के खिलाफ 10-4 से जीत हासिल कर तीसरा स्थान हासिल किया, इसके बाद जापान पर 18-2 से जीत, बांग्लादेश पर 10-5 से जीत, भारत से 5-7 से हार और पाकिस्तान के खिलाफ 5-5 से ड्रा खेला।

दूसरी ओर, जापान के लिए टूर्नामेंट कठिन था, वह पाकिस्तान से 1-26 से हार गया, मलेशिया से 2-18 से हार गया, ओमान से 4-14 से हार गया, बांग्लादेश से 3-10 से हार गया, और भारत से 1-35 से हार गया। ईरान चैलेंजर पूल तालिका में शीर्ष पर रहा, उसने हांगकांग के खिलाफ अपना पहला गेम 7-2 से जीता और फिर 5-3 से जीत के साथ इंडोनेशिया को पीछे छोड़ दिया। ईरान ने कजाकिस्तान को 12-8 से हराया और अफगानिस्तान के खिलाफ 12-2 से जीत हासिल की। मनदीप ने कहा, हम किसी भी प्रतिद्वंद्वी को हल्के में नहीं लेते हैं। हम पहले ही टूर्नामेंट में मलेशिया और जापान का सामना कर चुके हैं और उनकी ताकत और उन क्षेत्रों की समझ हासिल कर ली है, जिन पर हमें ध्यान देने की जरूरत है। अगर हम उनसे सेमीफाइनल में भिड़ते हैं तो हम उनके खिलाफ भी इसी तरह के परिणाम हासिल करने की उम्मीद करेंगे। इस बीच, ईरान भी टूर्नामेंट में अच्छी फॉर्म में है और हमने उनके मैचों का अध्ययन किया है और उसके अनुसार अपनी रणनीति तैयार करेंगे।

# 7.99 मी की छलांग के साथ श्रीशंकर फाइनल में



**एजेंसी। ज्यूरिख**

भारतीय लॉन्ग जंपर मुरली श्रीशंकर ने 7.99 मीटर की छलांग के साथ डायमंड लीग 2023 में पांचवा स्थान हासिल किया। उन्होंने अपने पहले प्रयास में ही 7.99 मीटर की छलांग लगाई। इसके साथ ही उन्होंने डायमंड लीग के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। दूसरे और चौथे राउंड में श्रीशंकर ने 7.96 मीटर की छलांग लगाई जबकि उनका तीसरा प्रयास फाउल रहा। पांचवें राउंड में भारतीय एथलीट ने 7.93 मीटर की दूरी हासिल की। ज्ञातव्य है कि मुरली श्रीशंकर का लॉन्ग जंप में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड 8.41 मीटर है, जिसे उन्होंने इसी साल 18 जून को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में हासिल किया था। ज्यूरिख डायमंड लीग 2023 में पुरुषों की लम्बी कूद में वर्ल्ड चैंपियन मिल्टियाडिस टेंटोग्लू ने अपने अंतिम प्रयास में 8.20 मीटर की छलांग के साथ पहला स्थान हासिल किया। जमैका के ताजय गेल ने दूसरा स्थान हासिल करने के लिए 8.06 मीटर की छलांग लगाई। जारियन लॉसन ने 7.86 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर कब्जा किया।

# लिसा स्थालेकर की वर्ल्ड कप ड्रीम-11, टॉप-5 में कोहली-बुमराह शामिल

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दो बार की वर्ल्ड कप विजेता और आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल, ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान लिसा स्थालेकर ने खुलासा किया है कि अगर वह इस साल के आईसीसी पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप के लिए ड्रीम-11 का चयन कर रही होती तो उनके पांच खिलाड़ियों में दो भारतीय स्टार विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह भी शामिल होंगे। 2005 और 2013 में दो बार वर्ल्ड कप का खिताब जीतने वाली लिसा स्थालेकर को इस बात की अच्छी समझ है कि वर्ल्ड कप जीतने के लिए क्या करना पड़ता है। लिसा स्थालेकर, एक कमेंटेटर के रूप में अब भी इस खेल से जुड़ी हुई हैं और मॉडर्न डे गेम की रणनीतियों से वाकिफ हैं।

अक्टूबर में भारत में विश्व कप की शुरूआत से पहले स्थालेकर की पहली पसंद स्टार तेज गेंदबाज बुमराह थे, जिन्होंने लंबी चोट के बाद भारत के लिए आयरलैंड सीरीज में शानदार वापसी की।

उन्होंने कहा, मैं नंबर-1 पर जसप्रीत बुमराह को रखना चाहूंगी। एक शुरूआती गेंदबाज बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि आपको शुरूआत में विकेट लेने की जरूरत होती है। लेकिन, फिर जब खिलाड़ी कड़ी मेहनत कर रहे हों तो डेथ ओवरों में भी गेंदबाजी करने में सक्षम होना चाहिए और इस रोल में बुमराह बेस्ट हैं।आईसीसी वेबसाइट ने स्थालेकर के हवाले से कहा, वह ऐसा खिलाड़ी है जिसका इस्तेमाल बीच के ओवरों में भी किया जा सकता है। इसलिए, वह तीनों अलग-अलग चरणों में एक उपयोगी गेंदबाज है।

# प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी स्थगित

**एजेंसी। मुंबई**

प्रो कबड्डी लीग के आयोजक मशाल स्पोर्ट्स ने पीकेएल सीजन 10 खिलाड़ियों की नीलामी को बाद की तारीख तक स्थगित करने की घोषणा की है। यह निर्णय भारत में कबड्डी के लिए आधिकारिक तौर पर मान्यता प्राप्त संस्था, एकेएफआई के प्रशासक के अनुरोध पर लिया गया है। खिलाड़ियों की नीलामी पहले 8-9 सितंबर 2023 को होने वाली थी। मशाल स्पोर्ट्स के एक प्रवक्ता ने कहा, हमें एशियाई खेलों में कबड्डी स्पर्धा के लिए भारतीय पुरुष और महिला टीमों की चल रही तैयारियों के मद्देनजर पीकेएल सीजन 10 खिलाड़ी नीलामी को स्थगित करने के लिए एकेएफआई प्रशासक से औपचारिक अनुरोध प्राप्त हुआ है। मशाल और एकेएफआई का मानना है कि यह भारतीय कबड्डी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन है।'' पीकेएल सीजन 10 खिलाड़ी नीलामी के स्थगन पर परामर्श के हिस्से के रूप में, मशाल ने एकेएफआई प्रशासक को उस योजना और तैयारियों के बारे में जानकारी दी जो पीकेएल टीमों, पीकेएल प्रसारण भागीदार और मशाल ने 8-9 सितंबर की पूर्व निर्धारित तारीखों के लिए बनाई थी। मशाल स्पोर्ट्स के प्रवक्ता का कहना है, प्रशासक ने हमारी 12 टीमों और ब्रॉडकास्टर सहित सभी पीकेएल हितधारकों को स्थगित खिलाड़ियों की नीलामी के लिए किए गए व्यापक बदलाव को स्वीकार किया है और उसकी सराहना की है।

**प्रतिस्पर्धा**

**वायकॉम 18 ने क्रिकेट ब्रॉडकास्टिंग में बनाया दबदबा**

# बीसीसीआई मीडिया राइट्स में मारी बाजी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



शुक्रवार को टीवी18 ब्रॉडकास्ट लिमिटेड और नेटवर्क18 मीडिया एंड इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शेयरों के लिए चीजें बेहतर थी। उनके शेयरों में उछाल देखने के पीछे एक कारण था, वायकॉम18 मीडिया प्राइवेट लिमिटेड का बीसीसीआई मीडिया राइट्स हासिल करना। अगले पांच वर्षों के लिए टेलीविजन और डिजिटल में अंतरराष्ट्रीय और घरेलू मैचों सहित मीडिया अधिकार वायकॉम 18 के पास है। 2023-28 चक्र के लिए गुरुवार को बीसीसीआई ने ई-ऑक्शन के जरिए मीडिया राइट्स एक मोटी रकम में बेच दिए। इस रेस में बाजी वायकॉम 18 ने मारी और उसकी नजर आगे भी क्रिकेट ब्रॉडकास्टिंग में अपना दबदबा कायम करने पर है। वायकॉम18 ने सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क और डिजनी स्टार की प्रतिस्पर्धा को पछाड़ते हुए टीवी और डिजिटल दोनों में 88 मैचों के प्रसारण के लिए 5,963 करोड़ रुपये लगाई, जो कि प्रति मैच 67.75 करोड़ रुपये है।

यह आंकड़ा 2018-23 चक्र में डिज्नी स्टार द्वारा प्रति मैच भुगतान किए गए 60 करोड़ रुपये से सिर्फ 12.91% अधिक है। डिज्नी स्टार के आक्रामक नहीं होने और सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क की संख्या वायकॉम18 की विजयी बोली से कम होने के कारण, मीडिया अधिकारों की नीलामी से पता चला कि मुंबई स्थित समूह शुरू से हावी रहा।

हमारा मानना है कि टीवी और डिजिटल दोनों अधिकारों को सुरक्षित रखने वाली एक इकाई पारस्परिक रूप से शानदार है, क्योंकि यह मंच की बातचीत की शक्ति को बढ़ाती है। इससे उन्हें विज्ञापनदाताओं को कई विकल्प प्रदान करने की अनुमति मिलती है। एलारा कैपिटल के वरिष्ठ वीपी-रिसर्च मीडिया विश्लेषक करण तौरानी ने अपनी रिपोर्ट में कहा, इसके विपरीत, जब दो अलग-अलग खिलाड़ी टीवी और डिजिटल अधिकार प्राप्त करते हैं। तो, यह प्लेटफार्मों के बीच प्रतिस्पर्धी प्रतिद्वंद्विता को बढ़ावा देता है। जिसके परिणामस्वरूप समग्र राजस्व पर प्रभाव पड़ता है (साल 2023 में आईपीएल राजस्व में सालाना आधार पर गिरावट आई थी); हमारा मानना है इससे विज्ञापनदाताओं को प्लेटफार्मों की तुलना में मजबूत सौदेबाजी की स्थिति रखने से रोकती है।₹ शुरूआत के लिए, वॉयकाम18 अपने टीवी चैनल स्पोर्ट्स18 और डिजिटल प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा के माध्यम से क्रिकेट प्रसारण की दुनिया में नया है। बीसीसीआई मीडिया अधिकारों के माध्यम से अपना पहला बड़े पैमाने पर कब्जा करने और वर्ष के एक बड़े हिस्से के लिए इसकी दृश्यता सुनिश्चित करने के अलावा वॉयकाम18, 2027 तक 951 करोड़ रुपये में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के टीवी और डिजिटल अधिकारों का भी धारक है। वॉयकाम18 के पास 2023-27 आईपीएल चक्र के डिजिटल अधिकार भी हैं। जिसे 23,758 करोड़ रुपये में हासिल किया गया है।

हैरान करने वाली बात ये थी कि एक मोटी रकम खर्च करने के बाद भी कंपनी ने आईपीएल 2023 की फ्री स्ट्रीमिंग की।

